दैनिक
# अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान
चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 33 डिग्री से. |
| न्यूनतम | 25 डिग्री से. |
| सूर्योदय | 5.19 |
| सूर्यास्त | 7.30 |
| सोना 24 कैरेट | 1,41,650.00 |
| चांदी (प्रति किलो) | 2,50,000 |
| सेंसेक्स | 76,802.90 |
| अमेरिका | 94.33 |
| कैनेडियन | 66.73 |
| आस्ट्रेलिया | 66.27 |

**बातों बातों में मन की बात**

दुनियां का सबसे मुश्किल काम, अपनों में अपनों को ढूंढना।

-उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि



वर्ष 41 | चंडीगढ़, सोमवार, 22 जून, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्षः अष्टमी, विक्रमी संवत-2083 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 171 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 12




## न्यूज़ ब्रीफ

### कॉकरोच जनता पार्टी का दूसरे दिन भी प्रदर्शन जारी




**नई दिल्ली (अप्रस)।** नीट पेपर लीक के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का जंतर-मंतर पर रविवार को दूसरे दिन भी प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शनकारी शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर रातभर जंतर-मंतर पर बैठे रहे। सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके और उनके समर्थक शनिवार रात से जंतर-मंतर पर डटे हुए हैं। वे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने शनिवार शाम 5 बजे के बाद प्रदर्शन की अनुमति खत्म होने की बात कहकर जगह खाली करने के लिए कहा था। इसके बावजूद प्रदर्शनकारी रातभर जंतर-मंतर पर बैठे रहे। दीपके ने लोगों से आंदोलन का समर्थन करने की अपील की। उन्होंने हश्वश्वञ्ज री-एग्जाम देने वाले छात्रों से भी परीक्षा के बाद प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की। इससे पहले शनिवार को सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अगर धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते हैं, तो वे 27 जून से अनशन शुरू करेंगे।




## प्रधानमंत्री ने कोलकाता में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में की शिरकत

# 70 की उम्र में 50 जैसा दिखें, योग इसमें मददगार : मोदी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री रविवार को कोलकाता में 12वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस समारोह शामिल हुए। पीएम ने कहा कि हमारा लक्ष्य 40 साल की उम्र में 20 साल की उम्र से ज्यादा लचीले होना, 50 साल की उम्र में 30 से ज्यादा ऊर्जावान और 70 की उम्र में 50 साल जैसा स्वस्थ व्यक्ति दिखना चाहिए। ऐसा दिखने के लिए योग ही मदद कर सकता है। पीएम ने कहा कि योग दुनिया का सबसे बड़ा सामुदायिक उत्सव बन चुका है, जो लोगों, देशों और संस्कृतियों को एक साथ जोड़ता है। उन्होंने कहा कि 21 जून, जो पृथ्वी का सबसे लंबा दिन माना जाता है, अब पूरी दुनिया में योग दिवस के रूप में मनाया जाता है।

पीएम के साथ कोलकाता के ऐतिहासिक 'रेड रोड' पर हजारों लोगों ने योग किया। पीएम ने ताड़ासन, अर्धचक्रासन, भद्रासन, त्रिकोणासन सहित 5 आसन किए। कॉमन प्रोटोकॉल योग सत्र के दौरान पीएम लोगों के बीच पहुंचे और उनकी योग मुद्राओं को सुधारने में मदद करते नजर आए।



**सबको जोड़ता है योग**

पीएम ने कहा कि विश्व के अलग-अलग हिस्सों से योग की एक से एक अद्भुत तस्वीर आ रही है। पूरा देश योग की उर्जा के चैतन्य से भरा हुआ नजर आ रहा है। पूरा विश्व एक-दूसरे से जुड़ा हुआ दिख रहा है। यही तो योग की ताकत है। योग सबको जोड़ता है। योग सबको साथ लाता है। उन्होंने कहा कि योग जब स्वभाव में आता है तो मानवीय एकता का आधार पर बन जाता है। योग केवल शारीरिक श्रम का साधन नहीं है। यह किसी एक आयु वर्ग के लिए सीमित नहीं है। योग सबके लिए है। पीएम ने कहा कि आज के आधुनिक समय में लोग जीवन के असतुंलन से जूझ रहे हैं। उन्हें मशक्कत करनी पड़ रही है। योग बैलेंस जीवन जीने की कला सिखाता है। जब हम हमारे शरीर को सही तरीके से चलाना सीख लेते हैं तो स्वास्थ्य हमारा स्वभाव बन जाता है। योग केवल शरीर के स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य का मार्ग भी दिखाता है।

### योग शरीर और मन को बनाता है संतुलितः सीएम नायब सैनी

**पंचकूला (सुनील सिंघई)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन पंचकूला द्वारा एम प्रो डेवलपर्स के सहयोग से सेक्टर-5 स्थित परेड ग्राउंड में एक भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस सामूहिक आयोजन में हजारों की संख्या में स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य धरोहर है। यह न केवल शरीर को निरोगी रखता है, बल्कि हमारे मन, विचारों और जीवन को भी संतुलित बनाता है। उन्होंने सभी नागरिकों से इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। इस विशेष पहल पर एम प्रो डेवलपर की संस्थापक एवं स्ट्रेटेजिक डायरेक्टर, सुश्री इंदरजीत औलख ने कहा कि योग केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। एम प्रो में हम केवल बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में ही नहीं, बल्कि एक स्वस्थ और जागरूक समाज के निर्माण में भी विश्वास रखते हैं। जिला प्रशासन के साथ इस महत्वपूर्ण आयोजन का हिस्सा बनना हमारे लिए गर्व की बात है।



## देश के 22.79 लाख से ज्यादा छात्रों ने दी री-नीट की परीक्षा

# एक-दो मिनट देर से पहुंचे छात्रों को नहीं मिली एंट्री

### हिजाब पर विवाद, कलावा-इयररिंग्स उतरवाए, कपड़ों से चेन-बटन निकाले

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** देश के 22.79 लाख से ज्यादा छात्रों ने रविवार को नीट-यूजी 2026 की दोबारा परीक्षा दी। इसके लिए देश के 551 शहरों और विदेश के 14 शहरों में 5,440 केंद्र बनाए गए। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे के बीच हुई। छात्रों को सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक एग्जाम सेंटरों में एंट्री दी गई। एक-दो मिनट देर से पहुंचने पर मुंबई में 2 और बेंगलुरु में 4 स्टूडेंट्स को एग्जाम सेंटर में एंट्री नहीं दी गई। वहीं, बेंगलुरु में लड़कियों ने रेलिंग कूदकर अंदर जाने की कोशिश की, लेकिन एग्जाम रूम का गेट बंद हो चुका था। राजस्थान के अजमेर में हिजाब पहन कर आई एक छात्रा को एंट्री देने से पहले मना किया गया। काफी बहस के बाद उसे अंदर भेजा गया।

इधर, हैदराबाद में 19 साल की एक नीट छात्रा ने आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह उसके अपार्टमेंट में फंदे से लटका शव मिला। पुलिस को आशंका है कि उसने री-एग्जाम के दबाव में यह कदम उठाया। मौके से मिले सुसाइड नोट में छात्रा ने अपनी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया। इसी प्रकार हिसार में भी एग्जाम से ठीक पहले 19 साल की एक छात्रा ने घर में रखा कीटनाशक पी लिया। बरवाला क्षेत्र के गांव ढाणी खान बहादुर की सिमरन 2 बार नीट का एग्जाम दे चुकी थी।



**2 लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात, एयरफोर्स ने पहुंचाए पेपर**

एनटीए ने इस बार पेपर लीक रोकने के लिए एयरफोर्स का सहारा लिया गया। पहली बार वायुसेना के विमान और हेलिकॉप्टरों ने 200 से ज्यादा उड़ानें भरकर नीट-यूजी के क्वेश्चन पेपर देश के अलग-अलग जोन तक पहुंचाए। री-एग्जाम के लिए 2 लाख से ज्यादा सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए। एनटीए के मुताबिक, 95 हजार से ज्यादा एग्जाम सेंटरों में सीसीटीवी से निगरानी हुई। कुल 1,38,560 सीसीटवी कैमरे लगाए गए। इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से होने वाली गड़बड़ियों को रोकने के लिए 51,311 जैमर लगाए गए थे।

### हर स्टूडेंट को वेलडन, मुमकिन बनाने वालों को धन्यवादः एनटीए

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने परीक्षा खत्म होने के बाद एक्स पर एक पोस्ट किया, जिसमें उसने हर स्टूडेंट वेलडन कहा, साथ ही इसे मुमकिन बनाने वालों को शुक्रिया कहा। यह सिर्फ नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) का काम नहीं था। यह 'टीम भारत' थी - देश भर के लोगों की एक ऐसी कड़ी जो इसलिए साथ आई ताकि हर उम्मीदवार के लिए उस सुबह सिर्फ़ एक ही चीज़ मायने रखे, उनके सामने रखा पेपर। एनटीए ने कहा कि सभी उम्मीदवारों के लिए व्यापक इंतज़ाम किए गए थे, जिनमें 10,000 से ज्यादा दिव्यांग उम्मीदवार भी शामिल थे। मेडिकल समस्याओं वाले लगभग 81 उम्मीदवारों के लिए विशेष इंतज़ाम किए गए थे। इनमें एक बच्चा सड़क दुर्घटना का शिकार हुआ था और दूसरा कीमोथेरेपी से गुज़र रहा था, लेकिन दोनों ही उस परीक्षा को नहीं छोड़ना चाहते थे जिसके लिए उन्होंने सालों तक तैयारी की थी। उन सभी तक पहुंचने के लिए ऐसी योजना बनाई गई थी जिसे कोई उम्मीदवार कभी नहीं देख पाता। केंद्रों पर आधार-आधारित बायोमेट्रिक और फ़ेस ऑथेंटिकेशन,सीसीटवी मॉनिटरिंग, जैमर और राज्य पुलिस की मदद से दो-स्तरीय तलाशी की व्यवस्था की गई थी।

## पंजाब की महिलाओं के लिए खुशखबरी

# एक जुलाई को महिलाओं के खाते में आएगी 'मावां धीयां सत्कार योजना' की 3 महीने की किश्तः मान

दलित बहनों को 4500, बाकी सभी वर्ग की महिलाओं को मिलेंगे 3000; 97 फीसदी महिलाएं होंगी लाभार्थी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फतेहगढ़ साहिब, 21 जून 2026।** महिला आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने ऐलान किया कि 'मावां धीयां सत्कार योजना' की उलटी गिनती शुरू हो गई है। 1 जुलाई को पात्र महिलाओं के बैंक खातों में 3 महीने की सत्कार राशि सीधे जमा होगी। दलित माताओं-बहनों को 4500 जबकि अन्य सभी वर्ग की महिलाओं को 3000 मिलेंगे। शनिवार को फतेहगढ़ साहिब के गांव चनारथल कलां में विकास कार्यों के उद्घाटन के बाद लोक मिलनी को संबोधित करते हुए सीमए मान ने कहा कि जब तक पंजाब में आप सरकार है, माताओं-बहनों के खाते में सत्कार राशि लगातार पहुंचती रहेगी।

सीएम मान ने बताया कि 9 दिन बाद 1 जुलाई को 18 साल से ऊपर की लाभार्थी महिलाओं के मोबाइल पर पैसे जमा होने का नोटिफिकेशन आएगा। सामान्य वर्ग को 1000 प्रति माह और स्ष्ट महिलाओं को 1500 प्रति माह मिलेगा। राशि बिना किसी बिचौलिए सीधे खाते में जाएगी। सामाजिक सुरक्षा पेंशन ले रही महिलाएं भी पात्र होंगी। उन्होंने कहा कि पंजाब की लगभग 97 फीसदी महिलाएं इस योजना से लाभान्वित होंगी। सरकार ने इसके लिए 9,300 करोड़ का बजटीय प्रावधान किया है। सीएम मान ने कहा कि यह राशि महिलाओं को अमीर भले न बनाए, लेकिन सम्मान, स्वाभिमान और आत्मविश्वास जरूर देगी। महिला आर्थिक रूप से मजबूत होगी तो परिवार समृद्ध होगा और समाज आगे बढ़ेगा।

### एसआईटार पर भाजपा को चेतावनी

चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया पर सीएम मान ने कहा कि भाजपा एसआईआर का दुरुपयोग कर असली वोट कटवा सकती है। लेकिन पंजाब सरकार पूरी तरह सतर्क है। हम भाजपा के नापाक मंसूबे कामयाब नहीं होने देंगे। हर असली वोटर सुरक्षित रहेगा। सीएम ने कहा कि पहले वाले ष्टरू जनता से मिलते ही नहीं थे। एसी घरों से तापमान देखकर निकलते थे। मैं 24 घंटे जनता के लिए उपलब्ध हूं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुराने नेता महल बनाकर जनता से दूर रहे, इसलिए लोगों ने उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार संशोधन एक्ट, 2026 पर सीएम मान ने कहा कि बेअदबी करने वाले मानसिक रोगी का बहाना बनाकर बच जाते थे। अब उनके संरक्षक भी आपराधिक दायरे में आएंगे। हमने कानून इतना मजबूत बनाया है कि कोई छेद बाकी न रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत पंजाब के हर परिवार को 10 लाख तक का कैशलेस इलाज मिल रहा है। अब तक 650 करोड़ से ज्यादा का मुफ्त इलाज हो चुका है।

## रॉटरडैम में भारतीय दूतावास की पहलः नीदरलैंड में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 का भव्य आयोजन

# 'योग फॉर हेल्दी एजिंग' थीम के साथ स्वास्थ्य और एकता का संदेश

अर्थ प्रकाश/ शेली गोयल

**रॉटरडैम (नीदरलैंड)।** नीदरलैंड के रॉटरडैम स्थित मास (मास) नदी के शांत तट रविवार को स्वास्थ्य, एकता और सांस्कृतिक सौहार्द का केंद्र बन गए, जब हेग स्थित भारतीय दूतावास ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 का भव्य आयोजन किया। इस कार्यक्रम में भारतीय मूल के लोगों के साथ-साथ बड़ी संख्या में डच नागरिकों ने भी भाग लिया और योग के माध्यम से स्वास्थ्य, संतुलन और सामंजस्य का संदेश दिया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'योग फॉर हेल्दी एजिंग' रखी गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीदरलैंड में भारत के राजदूत कुमार तुहिन ने कहा कि योग जीवन के हर चरण में शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने लोगों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

अर्थ प्रकाश ब्यूरो शेली गोयल द्वारा योग से संबंधित पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए राजदूत कुमार तुहिन ने कहा कि योग की उत्पत्ति भले ही भारत में हुई हो, लेकिन आज यह पूरी दुनिया की धरोहर बन चुका है। उन्होंने कहा कि योग लोगों को स्वस्थ और खुश रखने के साथ-साथ विभिन्न देशों और संस्कृतियों को भी जोड़ता है। यह सीमाओं से परे जाकर लोगों के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करता है। राजदूत ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति, आध्यात्मिक विकास और वैश्विक सद्भाव का संदेश भी देता है। इसके माध्यम से शांति, सकारात्मकता और कल्याण की भावना पूरी दुनिया में फैलती है। कुमार तुहिन ने बताया कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन नीदरलैंड के लगभग 13 स्थानों पर हो रहा है, जो डच समाज में योग की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय दूतावास हर वर्ष मुख्य आयोजन को किसी नए शहर में आयोजित करने की रणनीति पर काम कर रहा है, ताकि स्थानीय समुदायों के साथ अधिक गहरा जुड़ाव स्थापित किया जा सके।पिछले वर्ष मुख्य कार्यक्रम हेग में आयोजित किया गया था, जबकि इस वर्ष इसे रॉटरडैम में आयोजित किया गया है। अगले वर्ष किसी अन्य शहर को चुना जा सकता है।

एक और सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि योग से जुड़ने वाले लोगों और संस्थाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। आज शायद ही कोई ऐसा शहर या स्थान होगा, जहां योग स्टूडियो न हो। योग के माध्यम से भारत की पहचान और उसकी सांस्कृतिक छवि को और अधिक मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने योग को एक प्रतिस्पर्धात्मक खेल के रूप में मिल रही अंतरराष्ट्रीय पहचान का भी उल्लेख किया और गुजरात में आयोजित एक प्रतिष्ठित योग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डच प्रतिभागियों को बधाई दी।



### व्यस्त जीवनशैली में भी अपनाएं योग : विजय गणेश

कार्यक्रम के दौरान भारतीय दूतावास के गांधी सांस्कृतिक केंद्र के योग प्रशिक्षक विजय गणेश ने सामूहिक योग सत्र का संचालन किया। उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की तकनीकों का अभ्यास कराया। अर्थ प्रकाश ब्यूरो शेली गोयल से बातचीत में विजय गणेश ने बताया कि व्यस्त जीवनशैली के बावजूद लोग बहुत कम समय में योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना सकते हैं। उन्होंने सलाह दी कि सुबह केवल पांच मिनट सूर्य नमस्कार करने से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है और पूरे दिन कार्यक्षमता बनी रहती है, बशर्ते व्यक्ति को पीठ या हृदय संबंधी कोई गंभीर समस्या न हो। उन्होंने बताया कि तनाव कम करने और मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए सुख प्राणायाम तथा अनुलोम-विलोम करने चाहिए। वहीं अनिद्रा और थकान से राहत पाने के लिए उन्होंने सोने से पहले 10 से 15 बार भ्रामरी प्राणायाम करने की सिफारिश की। उन्होंने कहा कि जब नींद की गुणवत्ता बेहतर होती है तो व्यक्ति अगले दिन बेहतर ऊर्जा और सकारात्मक सोच के साथ जागता है।

उच्च शिक्षा विधेयक पर पुनर्विचार करने की अपील

# उच्च शिक्षा अवसरों का मार्ग बनी रहनी चाहिए, परिवारों पर बोझ नहीं : सीएम मान

अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन



**चंडीगढ़, 21 जून।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने प्रस्तावित 'विकसित भारत शिक्षा अधिनियम विधेयक-2025' (उच्च शिक्षा विधेयक) पर गंभीर आपत्ति जताते हुए केंद्र सरकार से इस पर पुनर्विचार करने की मांग की है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि यह विधेयक उच्च शिक्षा में अत्यधिक केंद्रीकरण को बढ़ावा देता है, जिससे राज्यों की भूमिका कमजोर होगी और शिक्षा आम परिवारों की पहुंच से दूर हो सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि करोड़ों माता-पिता अपने बच्चों की शिक्षा से बेहतर भविष्य की उम्मीदें जोड़ते हैं। ऐसे में उच्च शिक्षा अवसरों का माध्यम होनी चाहिए, न कि परिवारों पर आर्थिक बोझ। उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर और छोटे दुकानदारों के बच्चों को भी शिक्षा के माध्यम से बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का अवसर मिलना चाहिए।

मान ने कहा कि प्रारंभिक तौर पर उन्हें उम्मीद थी कि यह विधेयक उच्च शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता, अनुसंधान, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को मजबूत करेगा, लेकिन इसके अध्ययन से पता चलता है कि इसमें नीति निर्माण, मानकों, नियमों और नियंत्रण संबंधी अधिकांश शक्तियां केंद्र सरकार के पास केंद्रित करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची का विषय है और राज्यों को अपनी परिस्थितियों तथा जरूरतों के अनुरूप शैक्षिक व्यवस्था विकसित करने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक चुनौतियां अलग-अलग हैं। पंजाब जैसे सीमावर्ती राज्यों की आवश्यकताएं भी विशिष्ट हैं। राज्य सरकारें स्थानीय जरूरतों के अनुसार पाठ्यक्रम, कौशल विकास कार्यक्रम और उद्योगों से जुड़ी पहल तैयार करती हैं। यदि अधिकांश निर्णय दिल्ली से लिए जाएंगे तो राज्यों की स्थानीय समस्याओं के समाधान तैयार करने की क्षमता प्रभावित होगी। उन्होंने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) का उदाहरण देते हुए कहा कि हाल के वर्षों में परीक्षा प्रबंधन और पारदर्शिता को लेकर कई सवाल उठे हैं। ऐसे में उच्च शिक्षा का और अधिक केंद्रीकरण उचित नहीं माना जा सकता। उन्होंने केंद्र और राज्यों के बीच सहयोगात्मक मॉडल अपनाने की वकालत की।

### विधेयक लागू होने से विश्वविद्यालयों पर बढ़ सकता है वित्तीय दबाव

मुख्यमंत्री ने यह भी आशंका जताई कि विधेयक के लागू होने से विश्वविद्यालयों पर वित्तीय दबाव बढ़ सकता है। यदि नियंत्रण केंद्र के पास रहेगा और पर्याप्त वित्तीय सहायता की व्यवस्था नहीं होगी, तो संस्थानों को फीस बढ़ाने, स्व-वित्तपोषित पाठ्यक्रमों और निजी निवेश पर निर्भर होना पड़ेगा। इसका सबसे अधिक असर मध्यम वर्ग, निम्न-मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों के विद्यार्थियों पर पड़ेगा। मान ने कहा कि विधेयक से उच्च शिक्षा के निजीकरण को भी बढ़ावा मिलने की आशंका है। सरकारी विश्वविद्यालयों को मजबूत करने के बजाय यदि उन्हें निजी पूंजी पर निर्भर होना पड़ेगा, तो लाखों विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करना कठिन हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से विधेयक के मौजूदा स्वरूप को वापस लेकर व्यापक समीक्षा करने की मांग की। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा सुधारों का उद्देश्य राज्यों को अधिक अधिकार, लचीलापन और जिम्मेदारी देना होना चाहिए। साथ ही केंद्र को नियामक नियंत्रण बढ़ाने के बजाय विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, अनुसंधान संस्थानों और तकनीकी संस्थानों में निवेश बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात 50 प्रतिशत तक पहुंचाने के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए मान ने कहा कि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए बेहतर बुनियादी ढांचे, आधुनिक प्रयोगशालाओं, गुणवत्तापूर्ण फैकल्टी और अनुसंधान के लिए पर्याप्त संसाधनों की आवश्यकता है, न कि अतिरिक्त नियंत्रण की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की प्रगति शिक्षा को अधिक सुलभ, किफायती और गुणवत्तापूर्ण बनाने में निहित है। उन्होंने केंद्र से ऐसा ढांचा तैयार करने की अपील की जो विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करे और राज्यों की जरूरतों के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए। उन्होंने कहा, 'देश शिक्षा पर नियंत्रण करके नहीं, बल्कि शिक्षा में निवेश करके महान बनते हैं।'

# सुविधा बनी दुविधा : जीरकपुर में दिन के व्यस्त समय स्वीपिंग मशीन बनी परेशानी : जाम और धूल से लोग परेशान

**एनएचएआई की मशीन चलने से यातायात प्रभावित, वाहन चालकों और दुकानदारों ने उठाए सवाल; रात या सुबह सफाई कराने की मांग**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 21 जून।** जीरकपुर। शहर को साफ-सुथरा बनाने के लिए भेजी गई एनएचएआई की स्वीपिंग मशीन लोगों के लिए राहत की बजाय परेशानी का कारण बन गई। शनिवार दोपहर व्यस्त समय में मशीन के सड़कों पर उतरते ही कई स्थानों पर यातायात प्रभावित हो गया और लोगों को लंबे जाम का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि जीरकपुर में पहले ही ट्रैफिक की समस्या गंभीर है, ऐसे में दोपहर के व्यस्त समय में भारी स्वीपिंग मशीन चलाना समझ से परे है। तपती गर्मी में वाहन चालकों को रेंग-रेंग कर सफर करना पड़ा, जिससे लोगों में नाराजगी देखने को मिली।

दोपहिया वाहन चालकों ने शिकायत की कि मशीन के चलते सड़क पर जमा धूल-मिट्टी हवा में उड़ने लगी, जिससे उन्हें सांस लेने और वाहन चलाने में परेशानी हुई। कई लोगों ने आंखों में जलन और धूल से दिक्कत होने की बात भी कही। वहीं सड़क किनारे दुकानदारों का कहना है कि सुबह दुकानें साफ करने के बावजूद दोपहर में मशीन के गुजरने से उड़ती धूल फिर दुकानों के अंदर जमा हो गई। उनका आरोप है कि सफाई के नाम पर धूल को एक जगह से दूसरी जगह उड़ाया जा रहा है।

लोगों ने सवाल उठाया कि जब पड़ोसी शहर चंडीगढ़ और पंचकूला में सड़क सफाई का काम ज्यादातर रात के समय किया जाता है ताकि यातायात प्रभावित न हो, तो जीरकपुर में ऐसे कार्य दिन के व्यस्त घंटों में क्यों किए जा रहे हैं। उनका कहना है कि शहर में अक्सर ऐसे फैसले लिए जाते हैं जिनका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है।

निवासियों ने प्रशासन और एनएचएआई से मांग की है कि सड़क सफाई जैसे कार्य रात या सुबह के समय किए जाएं, ताकि सफाई व्यवस्था भी बनी रहे और लोगों को अनावश्यक जाम, धूल और परेशानी का सामना न करना पड़े। इस संबंध में जब एनएचएआई के अधिकारी से संपर्क किया गया तो वह सवालों से बचते नजर आए और फोन काट दिया।

# पंजाब सरकार की बुजुर्ग कल्याण योजनाओं में 1.11 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों की भागीदारी : डॉ. बलजीत कौर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 21 जून।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य के वरिष्ठ नागरिकों के लिए सम्मानजनक, सुरक्षित और स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बुजुर्गों के लिए संचालित विभिन्न स्वास्थ्य, कल्याण, जागरूकता और सामाजिक सहभागिता कार्यक्रमों में 1.11 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों की भागीदारी दर्ज की गई है। यह आंकड़ा बुजुर्गों के जीवन स्तर में सुधार और उनके समग्र कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का कल्याण राज्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं, सामुदायिक कार्यक्रमों, जागरूकता अभियानों और सहायता प्रणालियों के माध्यम से ऐसा माहौल तैयार कर रही है, जिसमें हर बुजुर्ग स्वयं को सम्मानित, सुरक्षित और समाज से जुड़ा हुआ महसूस करे।

मंत्री ने बताया कि राज्यभर में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों के दौरान 7,552 गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, 2,181 कैंसर जांच, 6,234 ऑर्थोपेडिक परीक्षण, 11,991 नेत्र परीक्षण, 3,395 ईएनटी जांच तथा 2,202 फिजियोथेरेपी सत्र आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त 1,520 सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन कराए गए, जिससे हजारों बुजुर्गों की दृष्टि और जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।

उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को सक्रिय और सामाजिक रूप से जुड़ा रखने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में 230 अंतरपीढ़ी गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें 11,692 वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं ने भाग लिया। इन कार्यक्रमों ने नई और पुरानी पीढ़ी के बीच संवाद तथा आपसी समझ को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं 83 उत्पादक वृद्धावस्था पहलों के अंतर्गत 3,266 लाभार्थियों ने भागीदारी की, जिससे वरिष्ठ नागरिकों को समाज में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रोत्साहन मिला।

डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि पुलिस अधिकारियों, प्रशासनिक कर्मचारियों, पंचायती राज संस्थाओं, युवा क्लबों और सामाजिक संगठनों के सहयोग से आयोजित जागरूकता अभियानों के माध्यम से 8,070 लोगों तक पहुंच बनाई गई। इन कार्यक्रमों में बुजुर्गों के अधिकारों, सुरक्षा और कल्याण से जुड़े विषयों पर लोगों को जागरूक किया गया।

उन्होंने बताया कि समग्र कल्याण शिविरों में 29,186 पंजीकरण दर्ज किए गए। इसके अलावा योग एवं ध्यान सत्रों में 6,331 तथा कौशल विकास एवं मनोरंजन गतिविधियों में 6,562 वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। 'राष्ट्रीय वयोश्री योजना' के तहत पात्र लाभार्थियों को श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर, छड़ी और अन्य सहायक उपकरण भी उपलब्ध कराए गए, जिससे उनकी दैनिक जीवन गतिविधियों को सुगम बनाने में मदद मिली।

डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि बुजुर्ग हमारे परिवारों और समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव, ज्ञान और योगदान का सम्मान करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान के तहत फैमिली काउंसलिंग से युवाओं को मिल रही नई जिंदगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 21 जून।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में शुरू किए गए 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान के तहत पंजाब के 14 जिलों में संचालित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों में फैमिली काउंसलिंग रिकवरी प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा बनकर उभरी है। अभियान शुरू होने के बाद हजारों परिवार अपने प्रियजनों को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालने और उनका जीवन दोबारा संवारने के लिए काउंसलिंग सत्रों में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि नशे की समस्या केवल मरीज तक सीमित नहीं होती, बल्कि पूरे परिवार को प्रभावित करती है। इसलिए उपचार के साथ-साथ परिवार की भागीदारी भी बेहद जरूरी है। काउंसलिंग के माध्यम से परिवार नशे की प्रकृति को समझते हैं और मरीज को नशा-मुक्त जीवन बनाए रखने में सहयोग देना सीखते हैं।

रूपनगर के सरकारी नशा मुक्ति केंद्र में उपचाराधीन एक मरीज ने बताया कि कई वर्षों तक शराब की लत ने उसकी सेहत और जीवन को प्रभावित किया, लेकिन उपचार और परिवार के सहयोग से उसमें उल्लेखनीय सुधार आया है। उसने कहा कि परिवार का समर्थन उसकी रिकवरी की सबसे बड़ी ताकत रहा है। उसका मानना है कि नशे की समस्या से जूझ रहे लोगों के साथ प्रेम, धैर्य और समझदारी से पेश आना चाहिए तथा समय रहते चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए।

मरीज के एक परिजन ने बताया कि काउंसलिंग के जरिए उन्हें यह समझने में मदद मिली कि नशे की समस्या से कैसे निपटा जाए। उन्होंने कहा कि उपचार के बाद मरीज की दिनचर्या और व्यवहार में सकारात्मक बदलाव देखने को मिले हैं। अब वह नियमित रूप से व्यायाम करता है, समय पर उठता है और पहले की तुलना में कहीं अधिक संतुलित जीवन जी रहा है।

रूपनगर नशा मुक्ति केंद्र की फैमिली काउंसलर सुमेधा के अनुसार, इलाज के बाद जब मरीज घर लौटता है तो परिवार की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि दोबारा नशे की ओर लौटने से रोकने में परिवार सबसे बड़ी जिम्मेदारी निभाता है। परिवार के सदस्य ही मरीज के व्यवहार में होने वाले बदलावों पर नजर रखते हैं और जरूरत पड़ने पर उचित सहायता उपलब्ध कराते हैं।

जालंधर के नशा मुक्ति केंद्र में अपने बेटे का इलाज करा रही रानी ने बताया कि पेशेवर मदद लेने से पहले उनका परिवार गंभीर समस्याओं का सामना कर रहा था। उन्हें बाद में पता चला कि उनका बेटा नशे की लत के कारण चोरी करने और पैसे मांगने जैसी गतिविधियों में शामिल हो गया था। हालांकि उपचार शुरू होने के बाद उसके व्यवहार में स्पष्ट सुधार आया है।

कपूरथला नशा मुक्ति केंद्र के काउंसलर डॉ. राकेश शर्मा ने कहा कि रिकवरी एक लंबी प्रक्रिया है और इसमें दोबारा नशे की ओर लौटने की संभावना भी हो सकती है। उन्होंने परिवारों को धैर्य रखने, यथार्थवादी अपेक्षाएं रखने तथा प्रेम और अनुशासन के साथ सीमाएं तय करने की सलाह दी।

काउंसलरों के अनुसार 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान के बाद परिवारों की सक्रिय भागीदारी बढ़ी है। अब लोग समस्या को छिपाने के बजाय उपचार और काउंसलिंग का सहारा ले रहे हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि चिकित्सकीय उपचार और पुनर्वास के साथ एक सहयोगी पारिवारिक वातावरण मरीज की रिकवरी को मजबूत बनाता है और उसे स्वस्थ, सुरक्षित तथा नशा-मुक्त जीवन की ओर अग्रसर करता है।

# 24 जून को मोहाली में आयोजित की जाएगी एन.आर.आई. मिलनी 2026 : डॉ. रवजोत सिंह

**कहा, विदेशों में बसे पंजाबियों के साथ संबंध और मजबूत करने तथा उनकी शिकायतों के प्रभावी समाधान के लिए महत्वपूर्ण मंच साबित होगी एन.आर.आई. मिलनी**

**एस.ए.एस. नगर (मोहाली), रूपनगर, फतेहगढ़ साहिब और पटियाला जिलों से संबंधित एन.आर.आई. को भागीदारी का निमंत्रण**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 21 जून।** पंजाब के एन.आर.आई. मामलों के मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा 24 जून, 2026 को एमिटी यूनिवर्सिटी, मोहाली में 'एन.आर.आई. मिलनी 2026' का आयोजन किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री ने आगे जानकारी साझा करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम पंजाब सरकार द्वारा विदेशों में बसे पंजाबियों के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने तथा अनिवासी भारतीयों (एन.आर.आई.) को आने वाली समस्याओं के समयबद्ध समाधान के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि 'एन.आर.आई. मिलनी 2026' एन.आर.आई. और पंजाब सरकार के बीच सीधे संवाद का एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगी, जहां प्रतिभागी अपनी समस्याएं और सुझाव साझा कर सकेंगे तथा अपने जिलों और राज्य से जुड़े मामलों के समाधान के लिए सरकार के साथ सीधे बातचीत कर सकेंगे।

इस पहल के महत्व को रेखांकित करते हुए डॉ. रवजोत सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एन.आर.आई. समुदाय के साथ सार्थक संवाद को बढ़ावा देना, उनकी शिकायतों का प्रभावी एवं पारदर्शी तरीके से निपटारा करना तथा शिकायत निवारण के लिए मौजूद संस्थागत व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि एन.आर.आई. मामलों का विभाग इस प्रयास के माध्यम से अपनी पहुंच का और विस्तार करने तथा पंजाब और दुनिया भर में बसे पंजाबियों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि एस.ए.एस. नगर (मोहाली), रूपनगर, फतेहगढ़ साहिब और पटियाला जिलों से संबंधित एन.आर.आई. को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने इन जिलों के सभी पात्र एन.आर.आई. से अपील की कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ सीधे संवाद करें और अपनी समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के ध्यान में लाएं। उन्होंने सुचारु प्रबंधन और अग्रिम योजना सुनिश्चित करने के लिए इच्छुक प्रतिभागियों से ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म के माध्यम से पंजीकरण कराने की भी अपील की। पंजीकरण के लिए लिंक: https://forms.gle/PZjpvKuEA2iPRU6D9 है। पंजीकरण के दौरान प्रतिभागियों से अपना पूरा नाम, पता, संपर्क नंबर, ई-मेल आईडी तथा अपने जिले से संबंधित किसी भी पूर्व दर्ज शिकायत या समस्या का विवरण सही तरीके से उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यह जानकारी कार्यक्रम के दौरान उठाए जाने वाले मामलों के प्रभावी और समयबद्ध समाधान में विभाग की सहायता करेगी।

# 'गैंगस्टरां ते वार' का 152वां दिन : पंजाब पुलिस ने 512 स्थानों पर छापेमारी कर 345 लोगों को गिरफ्तार किया

**पुलिस टीमों ने 92 व्यक्तियों के खिलाफ की एहतियातन कार्रवाई**

**'युद्ध नशियां विरुद्ध' अभियान के 477वें दिन 3.2 किलोग्राम हेरोइन सहित 76 नशा तस्कर गिरफ्तार**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 21 जून।** राज्य में चलाए जा रहे निर्णायक अभियान 'गैंगस्टरां ते वार वार' के 152वें दिन पंजाब पुलिस ने आज पूरे राज्य में गैंगस्टरों के सहयोगियों के चिन्हित और मैप किए गए 512 ठिकानों पर छापेमारी की। उल्लेखनीय है कि 'गैंगस्टरां ते वार' पंजाब को गैंगस्टर-मुक्त राज्य बनाने के लिए चलाया जा रहा एक निर्णायक अभियान है, जिसकी शुरुआत 20 जनवरी 2026 को पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव द्वारा की गई थी। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें पूरे राज्य में विशेष अभियान चला रही हैं। 152वें दिन पुलिस टीमों ने 312 व्यक्तियों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ 5 हथियार भी बरामद किए। इस अभियान की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या 39,083 हो गई है। इसके अलावा, 92 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियातन कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीमों ने 16 भगोड़े अपराधियों (पीओ) को भी गिरफ्तार किया।

लोग एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 पर गोपनीय रूप से वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों के बारे में सूचना दे सकते हैं तथा अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों संबंधी जानकारी भी साझा कर सकते हैं। पुलिस टीमों ने नशों के खिलाफ अपनी मुहिम 'युद्ध नशियां विरुद्ध' को 477वें दिन भी जारी रखते हुए आज 76 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 3.2 किलोग्राम हेरोइन, 18 किलोग्राम भुक्की, 848 नशीली गोलियां तथा 800 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई। इस अभियान के तहत पिछले 475 दिनों में गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों की कुल संख्या 69,354 तक पहुंच गई है। नशामुक्ति अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने आज 11 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास उपचार कराने के लिए भी प्रेरित किया।

# 20 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए सब-इंस्पेक्टर को विजिलेंस ब्यूरो ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 21 जून।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना फिल्लौर, जिला जालंधर में तैनात सब-इंस्पेक्टर अमनदीप कौर को 20,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

आज यहां यह जानकारी साझा करते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को मोहल्ला चौधरियां, फिल्लौर, जिला जालंधर के एक निवासी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उसके पुत्र को एक नशीले पदार्थों के मामले में गिरफ्तार किया गया था और आरोपी एसआई ने जमानत दिलाने में मदद करने, कम मात्रा में नशीले पदार्थ दिखाकर मामला दर्ज करने तथा उसका मोबाइल फोन वापस करने के लिए 20,000 रुपये रिश्वत की मांग की थी। मजबूरनवश शिकायतकर्ता ने पहले ही 1,000 रुपये रिश्वत के तौर पर दे दिए थे। शिकायतकर्ता ने रिश्वत मांगने से संबंधित पूरी बातचीत भी रिकॉर्ड कर ली थी।

अवैध रिश्वत देने के लिए तैयार न होने के कारण शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो रेंज जालंधर से संपर्क किया। उसकी शिकायत पर कार्रवाई करते हुए विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में आरोपी एसआई को शिकायतकर्ता से 20,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से दागी मुद्रा नोट भी बरामद किए गए।

इस संबंध में आरोपी के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो थाना जालंधर में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और इस मामले की आगे की जांच जारी है।

# स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने लोगों से बीमारी मुक्त जीवन के लिए योग अपनाने की अपील

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्पीकर ने योग को वर्तमान स्वास्थ्य संकटों के लिए अचूक उपाय बताया**

**स्वस्थ दिमाग, जीवंत पंजाब-मुख्यमंत्री की योगशाला ने राज्य की तंदरुस्ती लहर में जान फूंकी**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 21 जून।** पंजाब विधान सभा के स्पीकर स. कुलतार सिंह संधवां ने आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लोगों से योग अपनाने की जोरदार अपील करते हुए कहा कि योग जीवन में बदलाव लाने और लंबा तथा बीमारी मुक्त जीवन प्रदान करने वाली रचनात्मक शक्ति है।

अपने संदेश में स्पीकर ने जोर देते हुए कहा कि योग से रोजमर्रा के कामों में मन लगता है, गहरी शांति मिलती है और स्वस्थ जीवन-शैली का संचार होता है। स. संधवां ने कहा, 'हम सभी को विभिन्न बीमारियों से बचने के लिए रोजाना कम से कम आधा घंटा योग करना चाहिए।' स्पीकर संधवां ने कहा कि 'सीएम दी योगशाला' पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा प्रमाणित योग प्रशिक्षकों द्वारा पंजाब के लोगों को मुफ्त योग प्रशिक्षण प्रदान करने की अनोखी पहल है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वस्थ जीवन-शैली को बढ़ावा देना, बीमारियों को रोकना और राज्य भर के हर घर में योग की भागीदारी सुनिश्चित करना है।

स्पीकर संधवां ने 'सीएम दी योगशाला योजना' के लिए 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का दिल से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि योग को ऐतिहासिक रूप से राजाओं की विशेष विरासत के रूप में देखा जाता था, लेकिन इस पहल ने योग को लोकतांत्रिक बना दिया है ताकि आम आदमी का जीवन लंबा और स्वस्थ हो सके।

बढ़ती स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर चिंता व्यक्त करते हुए स्पीकर ने कहा कि आधुनिक जीवन-शैली ने डिप्रेशन, ब्रेन स्ट्रोक और हृदय रोगों जैसी गंभीर स्वास्थ्य स्थितियों में वृद्धि की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि दैनिक व्यायाम और योग इन आधुनिक स्वास्थ्य संकटों का मुकाबला करने के लिए अचूक उपाय के रूप में काम करते हैं।

स्पीकर संधवां ने आगे कहा कि नियमित योग करने से न केवल स्वास्थ्य बना रहेगा बल्कि वर्तमान बीमारियों को जड़ से खत्म करने में भी मदद मिलेगी। इस वैश्विक जशन के अवसर पर नागरिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने दोहराया कि प्रत्येक व्यक्ति को सुंदर और स्वस्थ जीवन जीने का अधिकार है, जो कि रोजाना 30 मिनट के योग अभ्यास से प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने लोगों को आमंत्रित करते हुए कहा-योग अपनाएं और स्वस्थ रहें।

## पंजाब विधानसभा स्पीकर की ओर से पिता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

**स्पीकर ने बच्चों से अपने माता-पिता को प्यार, सम्मान और देखभाल देने की अपील की**

**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा के स्पीकर, स कुलतार सिंह संधवां ने आज पिता दिवस के अवसर पर सभी पिताओं और पिता समान शख्सियतों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। स्पीकर संधवां ने जोर देते हुए कहा कि पिता हर परिवार के लिए शक्ति, सुरक्षा और त्याग का प्रतीक होता है। उन्होंने कहा कि जहां मां का प्यार बच्चे के प्रारंभिक वर्षों की नींव होता है, वहीं पिता जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक दिशा और नैतिक मूल्यों का मार्गदर्शक बनता है। स कुलतार सिंह संधवां ने कहा, 'पिता हमारी युवावस्था में कड़ी मेहनत, अनुशासन और संवेदनशीलता की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।' उन्होंने कहा, 'हमारी समृद्ध पंजाबी संस्कृति और गौरवशाली विरासत में बुजुर्गों और पिताओं का बहुत सम्मान किया जाता है। वे हमारी संयुक्त परिवार व्यवस्था के सूत्रधार के रूप में कार्य करते हैं और परंपराओं, ईमानदारी तथा सामाजिक जिम्मेदारी के मूल्यों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाते हैं।' स्पीकर ने बच्चों से अपने माता-पिता को प्यार करने, उनका सम्मान करने और पूरी निष्ठा के साथ उनकी देखभाल करने की अपील की। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पिता दिवस का वास्तविक उत्सव बुजुर्गों की बढ़ती उम्र में उनकी देखभाल करने में है। उन्होंने पंजाब के युवाओं से अपील की कि वे न केवल सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर और ईमानदारी से काम करके अपने पिताओं के त्याग का सम्मान करें, बल्कि राज्य की प्रगति में भी योगदान दें।

# सरकारी अस्पतालों व मेडिकल कॉलेजों की छतों पर लगेंगे सोलर पैनल: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सरकारी अस्पतालों के आधुनिकीकरण व मेडिकल कॉलेजों के कार्यों की समीक्षा की

**हरियाणा के सरकारी अस्पताल निजी अस्पतालों से भी अधिक सुविधा संपन्न होंगे: मुख्यमंत्री**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 21 जून।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा के सभी सरकारी अस्पताल जल्द ही निजी अस्पतालों से भी अधिक सुविधा संपन्न होंगे। हरियाणा सरकार नागरिक अस्पतालों की सुविधाओं को इतने बड़े स्तर पर विकसित कर रही है कि जल्द ही आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सभी सरकारी अस्पतालों में सुनिश्चित हो पाएंगी।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने यह बात रविवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में हरियाणा की स्वास्थ्य सुविधाओं, सरकारी अस्पतालों के आधुनिकीकरण तथा मेडिकल कॉलेजों के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री सुश्री आरती सिंह राव, मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, पीडब्ल्यूडी बीएंडआर के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री एके सिंह, नेशनल हेल्थ मिशन के निदेशक डॉ. आरएस ढिल्लों सहित अन्य उच्चाधिकारी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने बैठक में प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों के कायाकल्प व नवीनीकरण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी जिलों के नागरिक अस्पतालों को इस प्रकार से अपग्रेड किया जाए कि ये आमजन के लिए निजी अस्पतालों से भी अधिक सुविधाजनक हों। उन्होंने वर्तमान में 12 जिलों, अंबाला, भिवानी, चरखी दादरी, फरीदाबाद, हिसार, कैथल, महेंद्रगढ़, पलवल, पंचकूला, रेवाड़ी, सोनीपत व नूंह के जिला अस्पतालों के चल रहे नवीनीकरण कार्यों का मूल्यांकन किया और इनके संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में बढ़ती सुविधाओं का ही असर है कि आयुष्मान भारत योजना के तहत वित्त वर्ष 2024-25 में 8.83 प्रतिशत मरीजों के इलाज पर सरकार द्वारा 26 करोड़ रुपये के बिलों का भुगतान किया गया था वहीं 2025-26 में 32 प्रतिशत मरीजों ने योजना के तहत अपना इलाज सरकारी अस्पतालों में करवाया जिस पर सरकार ने 126 करोड़ रुपये के बिलों का भुगतान किया है। उन्होंने कहा कि हमें इस दिशा में अभी काफी काम करना है। जब सरकारी अस्पतालों में सभी आधुनिक उपकरण और अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं तो अधिक से अधिक लोगों को इनका लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने आयुष्मान योजना के अधिक से अधिक मरीजों को सरकारी अस्पतालों की सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

### सरकारी अस्पतालों व मेडिकल कॉलेजों की छतों पर लगेंगे सोलर पैनल

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सभी सरकारी अस्पतालों व मेडिकल कॉलेजों की छतों पर सोलर पैनल लगाए जाएं ताकि संबंधित अस्पताल की बिजली जरूरतें इसी से पूरी हो सकें। इन सोलर प्लांट को नेट मीटरिंग के माध्यम से ग्रिड से जोड़ा जाए ताकि अतिरिक्त बिजली ग्रिड में चली जाए। उन्होंने अस्पतालों की भीतरी दिवारों, विशेषकर जच्चा-बच्चा वार्ड के सौंदर्यीकरण के लिए आकर्षक वॉल पेंटिंग करवाने को कहा। उन्होंने अस्पतालों में पेस्ट-कंट्रोल करवाने के संबंध में भी आदेश दिए। उन्होंने सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में बड़े स्तर पर पौधारोपण करवाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इस पर अधिकारियों ने बताया कि इस मानसून सीजन में स्वास्थ्य संस्थानों में 17000 पौधे लगाए जाएंगे जिनमें से 3000 पौधे लगाए जा चुके हैं।

### सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं आमजन तक पहुंचाना जरूरी

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी कार्यरत व निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सिरसा जिला में कैंसर उपचार की सुविधा शुरू करने की दिशा में ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। इसी प्रकार जहां संभव हो वहां पीपीपी मोड में अस्पताल चलाए जाएं ताकि आमजन को निजी अस्पतालों से भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या और उन्हें मिल रहे उपचार के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी लेते हुए कहा कि प्रदेश सरकार जिस स्तर पर और जितनी धनराशि खर्च करके सरकारी अस्पतालों का आधुनिकीकरण कर रही है, उतनी ही बड़ी संख्या में आमजन को इन स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलना जरूरी है।

### सीएमओ की वित्तीय शक्ति बढ़ाने के निर्देश दिए

नायब सिंह सैनी ने कहा कि अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ाने और आवश्यक कार्य करवाने के लिए सिविल सर्जन, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों, एनजीओ तथा सामान्य नागरिकों को मिलाकर जो कमेटी गठित की गई है वह भी अस्पताल की कमियों को दूर करने के लिए तत्परता से कार्य करें। उन्होंने सिविल सर्जन की वित्तीय शक्ति को एक लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए ताकि अनुमोदन के इंतजार में विकास कार्य बाधित न हों।

### सरकारी अस्पतालों में 140 प्रकार के टेस्ट की आधुनिक सुविधा

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में एमआरआई, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, डिजिटल एक्स-रे सहित लगभग 140 प्रकार के टेस्ट करवाने की आधुनिक मशीनें उपलब्ध हैं। उन्होंने सभी प्रकार की लैब को भी हाई-टेक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों में पेयजल, शौचालयों, पंखों, एसी, साफ-सफाई, पेंट आदि की बुनियादी सुविधाओं की कोई कमी न रहने दी जाए। अस्पतालों की छतों की मरम्मत भी प्राथमिकता के आधार पर करवाई जाए ताकि बरसात के मौसम में कहीं भी पानी का रिसाव न हो। उन्होंने छतों पर रखी पानी की टंकियों की सफाई, मरम्मत और टूटे ढक्कन भी ठीक करवाने के निर्देश दिए ताकि पानी की स्वच्छता को बरकरार रखा जा सके। उन्होंने अस्पतालों में लॉन्ड्री से संबंधित कार्यों में भी आधुनिक मशीनों का इस्तेमाल करते हुए इस कार्य को मैकेनाइज्ड करने के निर्देश दिए।

### महिलाओं के लिए मैमोग्राफी मशीनें करवाई जा रही स्थापित

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि महिलाओं को स्तन कैंसर की जांच और समय पर उपचार की बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए जिला नागरिक अस्पताल पंचकूला, रेवाड़ी, सोनीपत, कुरुक्षेत्र, पानीपत, करनाल और नारनौल के अलावा गुरुग्राम के सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में मैमोग्राफी मशीनें स्थापित की जाएंगी। इन मशीनों की स्थापना से महिलाओं को अपने ही जिले में उन्नत स्तन कैंसर जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी और उन्हें उपचार के लिए दूर-दराज के अस्पतालों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। मुख्यमंत्री ने अन्य जिलों में भी मैमोग्राफी मशीनों की स्थापना करवाने तथा जच्चा-बच्चा वार्डों में एयरकंडीशनिंग सुविधा उपलब्ध करवाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### निरंकारी मिशन ने लगाया योग शिविर



**रादौर (अप्रस/योगेश कुमार)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संत निरंकारी मिशन की ओर से रविवार को शहर के महाराणा प्रताप पार्क में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉक्टर सतीश कंबोज मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने योग अभ्यास किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कह कि योग सभी के लिए अनिवार्य है। संत भी योगासनो से लंबा व स्वस्थ जीवन व्यतीत करते थे। इस अवसर पर संत निरंकारी मिशन के रादौर प्रभारी पवन ग्रोवर, भारतीय योग संस्थान रादौर क्षेत्रीय प्रधान योगेश गोयल, सुभाष कंबोज, संगठन मंत्री मंगतराम कंबोज, क्षेत्रीय मंत्री राजेश कंबोज, सजन सिंह सैनी, डॉक्टर संजीव कंबोज, डॉक्टर विनोद शर्मा, राजीव, सुमित, सुनीता कंबोज, सरोज, शकुंतला, सुमन, अनीता वशिष्ठ, शालू, अनीता कंबोज, आदि मौजूद रहे।

### मुकुंदलाल नेशनल कालेज में लगाया योग शिविर



**रादौर (अप्रस/योगेश कुमार)।** शहर के मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में रविवार को 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के माध्यम से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किया गया। इसके उपरांत कॉलेज के छात्र सौरव ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया। योग सत्र में नियमित योगाभ्यास के लाभों तथा तनावमुक्त एवं स्वस्थ जीवन के लिए योग की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया। कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग से डॉ महेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत है, जो व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को नियमित रूप से योग अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विल्सन कुमार, दीपक कुमार, पंकज कुमार, संजू कुमार व स्वराज शिशु निकेतन स्कूल से चंचल सचदेवा उपस्थिति रही।

## केवाईसी अपडेट के नाम पर साइबर ठगी से रहें सावधान: एसपी भूपेंद्र सिंह

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पानीपत, 21 जून।** पानीपत पुलिस ने नागरिकों को केवाईसी अपडेट के नाम पर हो रही साइबर ठगी से सावधान रहने की सलाह दी है। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह (आईपीएस) ने बताया कि साइबर ठग बैंक अधिकारी बनकर फोन कॉल, एसएमएस या ई-मेल के माध्यम से लोगों को यह कहकर डराते हैं कि यदि उन्होंने तुरंत केवाईसी अपडेट नहीं कराई तो उनका बैंक खाता बंद कर दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि ठग केवाईसी अपडेट कराने के बहाने बैंक खाते, यूपीआई, वॉलेट और अन्य वित्तीय जानकारियां हासिल कर लेते हैं। इसके बाद ओटीपी प्राप्त कर खातों से पैसे निकाल लेते हैं। कई लोगों को ठगी का पता तब चलता है, जब उनके मोबाइल पर राशि निकासी का संदेश आता है।

एसपी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कोई भी बैंक या अधिकृत संस्था कभी भी फोन पर ओटीपी, पासवर्ड, यूपीआई पिन या अन्य गोपनीय जानकारी नहीं मांगती। नागरिकों को किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश या लिंक पर भरोसा नहीं करना चाहिए और केवाईसी संबंधी कार्य केवल बैंक शाखा में जाकर ही करवाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाए तो वह तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें, [www.cybercrime.gov.in](http://www.cybercrime.gov.in) पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराए या नजदीकी साइबर थाना अथवा पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट करे।

## 2 हरियाणा बटालियन एनसीसी द्वारा, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन

**अम्बाला (अप्रस/रवि पाहुजा)।** 2 हरियाणा बटालियन एनसीसी, अंबाला कैंट द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 01 अधिकारी, 02 एएनओ, 10 पीआई स्टाफ एवं 87 कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन कैंप कमांडेंट कर्नल समीत नवानी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर सूबेदार मेजर जयनारायण, बीएचएम विजय जोशी, सूबेदार अशोक कुमार, एवं नायक बिलेसन सी. सहित एनसीसी स्टाफ उपस्थित रहा। योग सत्र के दौरान कैडेट्स को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। अधिकारियों ने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के बारे में जानकारी देते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने बताया कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो स्वस्थ जीवनशैली, आत्मअनुशासन एवं मानसिक शांति प्रदान करता है।

## योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर एवं संपूर्ण जीवन पद्धति: जगमोहन आनंद

अर्थ प्रकाश/ईशा



**घरौंडा, 21 जून।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में घरौंडा की अनाज मंडी में रविवार को उपमंडल स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर करनाल से विधायक जगमोहन आनंद ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। एसडीएम राजेश सोनी ने विधायक का स्वागत किया। समारोह में बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों, योग प्रशिक्षकों एवं आम नागरिकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

इस मौके पर विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर एवं संपूर्ण जीवन पद्धति है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करती है। नियमित योगाभ्यास से शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, मानसिक तनाव कम होता है, आत्मविश्वास बढ़ता है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज योग को वैश्विक पहचान मिली है और विश्व के अनेक देशों में लोग भारतीय योग परंपरा को अपनाकर स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार द्वारा गांव-गांव में योगशालाएं एवं व्यायामशालाएं स्थापित की जा रही हैं तथा योग शिक्षकों एवं योग सहायकों के माध्यम से जन-जन तक योग का संदेश पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों और युवाओं से नियमित योग अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि करोगे योग, रहोगे निरोग केवल एक नारा नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन का मूल मंत्र है।

## मतदाता सूचियां का हो रहा विशेष गहन निरीक्षण: प्रीति

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र त्यागी

**यमुनानगर, 21 जून।** भारत चुनाव आयोग एवं हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशानुसार उपायुक्त प्रीति ने बताया कि मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने एसआईआर से जुड़े अधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वर्तमान स्टेटस रिपोर्ट के अनुसार जिला यमुनानगर एसआईआर से जुड़े कार्यों एवं गणना फार्म वितरित करने में जिले में लगभग 92 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल मतदाता 9 लाख 18 हजार 682 और गणना प्रपत्र वितरण 8 लाख 43 हजार 278 है। जिले में प्रत्येक बूथ पर एक बीएलओ नियुक्त किया गया है। जिले में 979 बीएलओ नियुक्त किए गए हैं। उपायुक्त ने जिला के सभी बीएलओ का आह्वान किया है कि वह अपनी ड्यूटी निष्ठापूर्वक करें और गर्मी में अपनी सेहत का भी ख्याल रखें।

उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यक्रम के अन्तर्गत बीएलओज द्वारा 15 जून 2026 से 14 जुलाई 2026 तक घर-घर जाकर सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूचियों को त्रुटि रहित बनाना है। इस दौरान जिला के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर नियुक्त बीएलओ अपने मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में वर्णित प्रत्येक मतदाता के घर जाकर गणना फार्म वितरित कर रहे है तथा फार्म भरने में मतदाता की सहायता कर रहे हैं।

उपायुक्त ने बताया बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना फार्म दिए जाने हैं। उन्होंने बताया कि सभी मतदाता इस फार्म को भरकर व स्वयं सत्यापित करके नवीनतम रंगीन फोटो के साथ 14 जुलाई तक बीएलओ के पास जमा करवा देंगे। प्राप्त हुए गणना प्रपत्रों के आधार पर 21 जुलाई 2026 को प्राथमिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

डीसी प्रीति ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह सटीक एवं त्रुटिहीन बनाना है, ताकि मतदाता सूची में शामिल प्रत्येक नाम पात्र और वास्तविक हो। जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## नीलम यूनिवर्सिटी में हर्षोल्लास के साथ मनाया योग दिवस

**कैथल (अप्रस)।** नीलम यूनिवर्सिटी में बारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम पर हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समस्त स्टाफ, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. आरके गुप्ता रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में असिस्टेंट रजिस्ट्रार एग्जाम डॉ. संजीव नरवाल, डीन डॉ. रेखा गुप्ता, डीन डॉ. गौतम, कैप्टन अनिल, एडमिशन डायरेक्टर राजेंद्र गोयत, जन संपर्क अधिकारी डॉ मनोज कुमार उपस्थित रहे। योग सत्र का संचालन आयुष विभाग के योगाचार्य संदीप ने किया। शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बलकार सिंह के नेतृत्व में छात्रों ने विभिन्न आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया।

## विशाल मेगा मेडिकल चेकअप कैंप में 71 मरीजों को जांचा



अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड

**बराड़ा, 21 जून।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में उपमंडल के गांव घेलड़ी में विशाल मेगा मैडिकल कैंप का आयोजन हुआ। जयबीर सिंह (रिंकू) थम्बड़ द्वारा संचालित जागृति सेवा ट्रस्ट एवं ए आर बंसल हेल्थ केयर बराड़ा के सहयोग से 21 जून 2026, रविवार को गाँव घेलड़ी स्थित शिव मंदिर में विशाल मेगा मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता सतप्रकाश बिंजलपुर ने शिरकत की। कैंप में डॉ देवांश बंसल की टीम ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। आयोजक जयबीर सिंह (रिंकू) ने बताया कि कैंप में ईसीजी, जरूरी ब्लड टेस्ट, बी.पी. एवं शुगर की जांच की सुविधा उपलब्ध रही। साथ ही जरूरत मंद लोगों को दवाईयां भी निःशुल्क दी गई।

जयबीर सिंह (रिंकू) ने बताया कि इस कैंप में 71 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और इस निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नरवाना में उमड़ा जनसैलाब, सैकड़ों साधकों ने लिया निरोगी जीवन का संकल्प

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 21 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय नई अनाज मंडी मेला ग्राउंड में आयोजित उपमंडल स्तरीय योग कार्यक्रम उत्साह, अनुशासन और जनभागीदारी का प्रतीक बनकर उभरा। आयुष विभाग एवं स्थानीय प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में महिला एवं बाल विकास विभाग की चेयरपर्सन उषा प्रियदर्शनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम जगदीश चंद्र ने की। भव्य एवं गरिमामयी आयोजन में सैकड़ों योग साधकों ने सामूहिक योगाभ्यास करते हुए स्वस्थ, निरोगी और संतुलित जीवन जीने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद आयुष विभाग की नोडल अधिकारी डॉ. नीरू शर्मा और उनकी टीम के मार्गदर्शन में सामूहिक योग सत्र आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि उषा प्रियदर्शनी ने अपने संबोधन में कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम का माध्यम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और सार्थक जीवन जीने की संपूर्ण कला है। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन वैदिक एवं सनातन परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाती है। योग से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मन और विचारों में भी शुद्धता आती है। उन्होंने कहा कि आज के भौतिकवादी और तनावपूर्ण जीवन में योग का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। विशेष रूप से युवा पीढ़ी को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने, नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने तथा जीवन में अनुशासन और आत्मविश्वास विकसित करने में योग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम जगदीश चंद्र ने कहा कि योग को केवल एक दिवस तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इसे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक शांति और जीवन में सकारात्मकता का अनुभव होता है। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयुष विभाग, प्रशासनिक अधिकारियों और सहयोगी संस्थाओं का आभार भी व्यक्त किया।

## राजनीति में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण: अशोक बुवानीवाला

**अग्रवाल वैश्य समाज युवा इकाई का पदग्रहण समारोह संपन्न**

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 20 जून।** राजनीति केवल सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज की समस्याओं को समझकर उनके समाधान और मजबूत राजनीतिक का आधार है। जिस समाज की राजनीतिक भागीदारी मजबूत होती है, उसकी आवाज भी उतनी ही अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचती है। ये बात अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने आज स्थानीय महाराजा अग्रसेन वैश्य भवन में आयोजित अग्रवाल वैश्य समाज की युवा इकाई के पद ग्रहण समारोह में समाज के युवाओं को राजनीति एवं संगठन निर्माण के गुर सिखाते हुए कही। दीप प्रज्जवलन के साथ आयोजित हुए इस कार्यक्रम में प्रदेश के कोने-कोने से पहुंचे सैकड़ों पदाधिकारियों ने संगठन और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों की शपथ ग्रहण की। तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने कहा कि राजनीति में समाज की विशेषकर युवाओं की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। युवा समाज की ऊर्जा, सोच और नई दिशा का प्रतीक होते हैं। यदि युवा राजनीति से जुड?र सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते हैं तो वे न केवल अपने समाज का प्रतिनिधित्व मजबूत कर सकते हैं, बल्कि समाज के हितों की रक्षा में अपना अहम योगदान दे सकते हैं। युवाओं को केवल मतदान तक सीमित न रहकर संगठन निर्माण, सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए अनुभवी मार्गदर्शन और युवाओं की नई सोच के समन्वय से एक मजबूत नेतृत्व तैयार करने का कार्य कर रहा है। उपस्थित युवाओं को संगठनात्मक प्रक्रिया समझाते हुए बुवानीवाला ने कहा कि एक मजबूत टीम संगठन की रीढ़ होती है। टीम के प्रत्येक सदस्य की अपनी अलग-अलग क्षमता, अनुभव और कार्य करने की शैली होती है। जब इन सभी क्षमताओं का सही तालमेल बनता है तो संगठन को नई ऊर्जा और गति मिलती है। अच्छी टीम में आपसी विश्वास, सहयोग, संवाद और जिम्मेदारी की भावना होती है, जो संगठन को लगातार आगे बढ़ाने में सहायक बनती है। उन्होंने कहा कि एक मजबूत संगठन समाज की आवाज को प्रभावी तरीके से उठाने, नई पीढ़ी को जोडऩे और सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए जरूरी है कि संगठन में अनुभवी लोगों के मार्गदर्शन के साथ युवाओं की ऊर्जा और नए विचारों का समावेश हो। अच्छी टीम वही होती है जिसमें हर सदस्य खुद को महत्वपूर्ण समझे, एक-दूसरे का सम्मान करे और संगठन के लक्ष्य को सर्वोपरि रखते हुए मिलकर आगे बढ़े। यही भावना किसी भी संगठन को मजबूत, प्रभावशाली और सफल बनाती है। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि मजबूत संगठन और जागरूक नेतृत्व ही किसी भी समाज की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। इसलिए अग्रवाल वैश्य समाज के अपने गठन के साथ ही ये तय कर लिया था कि समाज के युवाओं को अवसर देना इस संगठन की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि जब युवा संगठित होकर समाज के मुद्दों को लेकर आगे बढ़ेंगे, तभी राजनीतिक क्षेत्र में समाज की भागीदारी और प्रभाव दोनों बढ़ेंगे। युवा प्रभारी नवदीप बंसल ने अपना संबोधन देते हुए कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी को अपनी जिम्मेदारी को सेवा भाव के साथ निभाना चाहिए और संगठन के उद्देश्य को अपना व्यक्तिगत लक्ष्य मानकर कार्य करना चाहिए। सहप्रभारी हरिओम अग्रवाल ने कहा कि युवाओं को राजनीति को केवल चुनाव तक सीमित न मानकर समाज सेवा और परिवर्तन के एक महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में देखना चाहिए।

# योग भारतीय संस्कृति का विश्व को दिया गया अमूल्य उपहार : राज्यपाल

**हरियाणा लोक भवन में उत्साह पूर्वक मनाया गया 12 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 21 जून।** हरियाणा लोक भवन में रविवार को 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर प्रदेश की प्रथम महिला श्रीमती मित्रा घोष भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल प्रो.असीम कुमार घोष ने कहा कि वर्तमान भारत सरकार न केवल देश वासियों के कल्याण के लिए, बल्कि समस्त मानवता के हित में भी निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व योग के मूल्यों को अपना रहा है और उनसे प्रेरणा ले रहा है। योग भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्राचीन सभ्यता का अभिन्न अंग है।

राज्यपाल ने कहा कि योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है, जो मानसिक शांति, भावनात्मक संतुलन तथा उत्तम स्वास्थ्य को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि मानसिक शांति से शरीर और मन दोनों का सर्वांगीण विकास संभव होता है।

प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि विश्व के 150 से अधिक देशों में उत्साह पूर्वक मनाया जाता है। योग शरीर को सुदृढ़ बनाता है, मन को शांत करता है, चिंतन शक्ति को विकसित करता है तथा बौद्धिक क्षमता को बढ़ाता है। इस प्रकार यह व्यक्ति और समाज, दोनों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्रो. असीम कुमार घोष ने आशा व्यक्त की कि आयोजक भविष्य में भी प्रतिवर्ष ऐसे आयोजन करते रहेंगे तथा योग के व्यापक लाभों के प्रति जन-जागरूकता को और अधिक सुदृढ़ करेंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल के सचिव विजयकुमार भाविकट्टी, राज्यपाल के परिसहाय धीरज सेतिया सहित लोक भवन के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## योग मानसिक शांति एवं अनुशासित जीवन का आधारः अमरजीत छाबड़ा

**कैथल (अप्रस)।** 12वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हुडा सेक्टर-20 कैथल में पतंजलि योगपीठ के तत्वावधान तथा श्री खाटू श्याम सालासर सेवा समिति द्वारा आयोजित 15 दिवसीय योग शिविर में हरियाणा प्रदेश राइस मिलर्स एंड डीलर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर अमरजीत छाबड़ा ने सैकड़ों योग साधकों के साथ सामूहिक योग एवं प्राणायाम कर योग के महत्व पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में अमरजीत छाबड़ा ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, आत्मिक उन्नति एवं अनुशासित जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन योग परंपरा आज पूरे विश्व को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखा रही है और प्रत्येक व्यक्ति को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। अमरजीत छाबड़ा ने उपस्थित लोगों को स्वदेशी अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि योग और स्वदेशी दोनों भारत की आत्मा हैं।

## जत्थेदार साहिब अब सुखबीर बादल को तलब करें और उनसे पूछें कि वह वीडियो के बारे में दावे क्यों कर रहे थे : बलतेज पन्नू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 21 जून।** आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार से पंजाब के मुख्यमंत्री को निशाना बनाने वाले फर्जी वीडियो अभियान की गहराई से जांच सुनिश्चित करने की अपील की है। पार्टी ने कहा कि 1,100 से अधिक फ्रेम की फॉरेंसिक जांच ने पूरी तरह से साबित कर दिया है कि वीडियो में दिखाई देने वाला व्यक्ति मुख्यमंत्री नहीं है। %आप% पंजाब के मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने कहा कि अब सारा ध्यान वीडियो में नजर आने वाले अभिनेता, इसे बनाने और निर्देशित करने वालों, और इस सोची-समझी साजिश के लिए पैसा लगाने वाले व्यक्तियों की पहचान करने की ओर होना चाहिए।

'आप' पंजाब के मीडिया इंचार्ज ने जत्थेदार साहिब से शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल को तलब करने और यह जवाब मांगने की भी अपील की कि दूसरों से पहले उनके पास इस वीडियो के बारे में जानकारी कैसे मौजूद थी। उन्होंने यह



भी नोट किया कि 'आप' पंजाब के अध्यक्ष अमन अरोड़ा और वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा पहले ही पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को आवश्यक सबूत सौंप चुके हैं और इस पूरे मामले की व्यापक जांच की मांग कर चुके हैं।

एक बयान में 'आप' पंजाब के राज्य मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान लगातार कह रहे हैं कि यह वीडियो असली नहीं है और एक विस्तृत फॉरेंसिक जांच ने पहले ही साबित कर दिया है कि उनका इससे कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा, ÷जांच के दौरान वीडियो के 1,100 से अधिक फ्रेम का विश्लेषण किया गया और यह स्पष्ट रूप से साबित हुआ कि इसमें दिखाया गया व्यक्ति सीएम भगवंत सिंह मान नहीं हैं। फॉरेंसिक जांच ने वीडियो के साथ मुख्यमंत्री के किसी भी संबंध को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया है।

उन्होंने श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार से सम्मानपूर्वक अपील की कि वह इस मामले की गहराई से जांच सुनिश्चित करें और वीडियो बनाने में शामिल हर व्यक्ति की पहचान करें। बलतेज पन्नू ने कहा, अब कई सवालों के जवाब चाहिए। वीडियो में दिखाई देने वाला अभिनेता कौन था? यह किसने बनाया? इसका निर्देशन किसने किया? और सबसे महत्वपूर्ण, इस साजिश को किसने वित्तीय सहायता दी? सच्चाई सामने आनी चाहिए और जिम्मेदार सभी लोगों की पहचान होनी चाहिए।

उन्होंने दावा किया कि पूरे मामले की व्यापक जांच के लिए पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। बलतेज पन्नू ने बताया कि पंजाब 'आप' के अध्यक्ष अमन अरोड़ा और कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने हाल ही में पुलिस महानिदेशक से मुलाकात करके सारी आवश्यक जानकारी सौंपी थी और साजिश में शामिल हर व्यक्ति को बेनकाब करने के लिए सही जांच की मांग की थी। उन्होंने आगे कहा, ÷सबूत पहले ही पुलिस अधिकारियों को सौंप दिए गए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### जरूरतमंद परिवार की कन्याओं का विवाह महायज्ञ से कम नहीं: कल्याण



**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** भारत विकास परिषद कैशव शाखा द्वारा महाराजा अग्रसैन भवन सैक्टर आठ करनाल में वंचित परिवार की पांच कन्याओं का सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंदर कल्याण थे। उन्होंने नव दंपत्तियों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का विवाह करना एक महायज्ञ से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद समाज में संसकार और संस्कृति का आदान प्रदान करती हैं। इस अवसर पर भारत विकास परिषद की नव मनौनीत पदाधिकारियों द्वारा दायित्व ग्रहण भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन, विशिष्ट अतिथि ओवरसीज से परवीन गर्ग, हरियाणा राज्य कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा ओपीएस से तरूण बंसल,अनल गुप्ता, डा. परमजीत पाहवा क्षेत्रीय अध्यक्ष , राकेश शर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष कपिल गुप्ता ने की। दायित्व ग्रहण नीरज गर्ग ने करवाया इस कार्यक्रम में भव्य दूल्हों की एकसाथ बरात निकाली गई। कार्यक्रम में पांच मंडप सजाया गया। दुहनों को उनकी आवश्यक्ता का सामान दिया गया। इस अवसर पर सचिव विकास गर्ग, अमित गर्ग, विनय कालरा, निशा गुप्ता, सहित भारतविकास परिषद की तमाम शाखाओं के पदाधिकारी मौजूद थे।

### वैश्य भवन चैरिटेवल ट्रस्ट ने दिया अपना आशियां को विराट एलईडी टीबी भेंट



**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** महाराजा अग्रसैन भवन द्वारा वैश्य भवन चैरिटेवल ट्रस्ट के द्वारा अपना आशियां संस्था को 57 इंच का एलईडी टीबी दिया। वैश्य भवन चैरिटेवल ट्रस्ट के प्रधान शम्मी बंसल ने बताया कि उन्होंने अपना आशियां में रहने वाले उन लोगों के मनौरजंन के लिए यह उपहार दिया हैं। जिन्हें अपनो ने छोड़ रखा हैं। उन्होंने कहा कि अपना आशियां में डिसएवल्ड पर्सन्स के साथ अपनों द्वारा ढुकराए और समय की मार से बेघर हुए लोगों की वेहतर ढंग से देखभाल होती हैं। उन्होंने बताया कि जुंडला गेट स्थित अपना आशियां आश्रम ऐसे लोगों का आसरा हैं जो अपनों के साथ समय के सताए हुए लोग हैं। उन्होंने यह उपहार अपना आशियां चलाने वाले राजकुमार अरोड़ा और अन्नू को भेंट किया। जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया। इस अवसर पर अपना आशियां आश्रम के साथ वैश्य भवन के सदस्य मौजूद थे।

## सांसद मलविंदर सिंह कंग ने खरड़ विधानसभा क्षेत्र के गांवों का दौरा किया

**जैंती माजरा, गूड़े, करौंदेवाला और कसौली में बरसाती नालों पर पुलियों का निर्माण कार्य जल्द होगा शुरू**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**खरड़, 21 जून।** श्री आनंदपुर साहिब लोकसभा क्षेत्र से सांसद श्री मलविंदर सिंह कंग ने खरड़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों जैंती माजरा, मसोल, कान्हे का वाड़ा, छोटी करोर, बड़ी करोर, गूड़े तथा कसौली का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनीं और विकास कार्यों का जायजा लिया।

इस अवसर पर सांसद कंग ने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि पंजाब सरकार द्वारा लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं तथा बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जैंती माजरा, गूड़े, करौंदेवाला और कसौली में बरसाती नालों पर आवश्यक पुलियों के निर्माण का कार्य शीघ्र शुरू करवाया जाएगा।

श्री कंग ने कहा कि बरसात के मौसम में इन क्षेत्रों में आवागमन प्रभावित होने के कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पुलियों के निर्माण से न केवल यातायात सुचारू होगा, बल्कि ग्रामीणों को सुरक्षित और सुविधाजनक आवागमन की सुविधा भी प्राप्त होगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और लोगों की जायज मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि विकास कार्यों से संबंधित प्रक्रियाओं में तेजी लाई जाए ताकि लोगों को जल्द राहत मिल सके।

ग्रामीणों ने सांसद का अपने क्षेत्र में पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनने तथा उनके समाधान के लिए पहल करने पर धन्यवाद व्यक्त किया।

## तन की मजबूती व आत्मा की पवित्रता के लिए योग जरूरी : कैलाश भगत

**कैथल (अप्रस)।** सेक्टर 20 हुडा पार्क में पतंजलि योगपीठ के तत्वाधान में पतंजलि योग समिति भारतस्वाभिमान जिला कैथल व खाटू श्याम सालासर सेवा समिति के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि कैलाश भगत, समाजसेवी अमरजीत छाबड़ा व इनेलो के जिला अध्यक्ष अनिल तंवर क्योडक़ ने दीप प्रज्ज्वलित करके शिविर का शुभारंभ किया। तीनों मेहमानों को पटका पहन कर और स्वदेशी खाद्य पदार्थ की किट देकर सम्मानित किया गया। कैलाश भगत ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की आए हुए साधकों को बधाई दी और कहा कि योग से हमारा तन ही नहीं आत्मा भी पवित्र होती है, सकारात्मक सोच बनती है, रचनात्मक सोच बनती है। इसलिए योग को हमें अपने जीवन में नियमित अपनाना चाहिए। मैं पतंजलि योग समिति व खाटू श्याम सालासर सेवा समिति को इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं कि इतने बड़े स्तर का आयोजन आम जनता के लिए किया है।

## ब्राह्मण समाज को एकजुट कर संगठन को मजबूत बनाना है : जिले सिंह

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 21 जून।** जिला सर्व ब्राह्मण धर्मशाला में ब्राह्मण समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक हुई जिसमें समाज की एकता, संगठन विस्तार और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रदेश एवं विभिन्न जिलों से आए समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लेते हुए सामाजिक समरसता और संगठनात्मक मजबूती का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष जिले सिंह पिचोलिया ने कहा कि वर्तमान समय में समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता एकजुटता है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज ने सदैव राष्ट्र निर्माण, शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों के संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभाई है। समाज के सभी वर्गों को व्यक्तिगत मतभेदों से ऊपर उठकर संगठन के हित में कार्य करना चाहिए तभी समाज और अधिक सशक्त बन सकेगा। विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र सिंह बड़ौता ने कहा कि युवाओं को संगठन से जोडऩा समय की मांग है। युवा शक्ति को नेतृत्व के अवसर देकर सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने कहा कि संगठित समाज ही अपने अधिकारों और दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकता है। सतीश शर्मा पानीपत ने कहा कि प्रदेशभर में ब्राह्मण समाज को एक मंच पर लाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने शिक्षा, रोजगार, सामाजिक उत्थान और पारस्परिक सहयोग को संगठन की प्राथमिकताओं में शामिल करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन समाज की आवाज को नई दिशा और प्रभाव प्रदान करता है। अंत में प्रधान विक्की शर्मा ने सभी अतिथियों और प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की एकता और संगठन को मजबूत करने के लिए ऐसे कार्यक्रम भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। बैठक में सर्वसम्मति से गांव-गांव और जिले-जिले तक संगठन को विस्तार देने तथा समाजहित के मुद्दों पर मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

## गया में झज्जर और चरखी दादरी की पीएनडीटी टीमों ने किया अंतरराज्यीय लिंग निर्धारण रैकेट का किया भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**डिकॉय ऑपरेशन के बाद अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्र पर छापा, मशीन जब्त, मामले दर्ज**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 21 जून।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि झज्जर और चरखी दादरी के पीसी एंड पीएनडीटी अधिकारियों की एक संयुक्त टीम ने बिहार के गया जिले में चल रहे एक अंतरराज्यीय लिंग निर्धारण रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में हरियाणा के दो एजेंटों, एक अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालक और सोनोलॉजिस्ट बताने वाले एक व्यक्ति सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि सभी चारों आरोपियों के खिलाफ पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।

डॉ. मिश्रा ने जानकारी दी कि झज्जर और चरखी दादरी के जिला सक्षम प्राधिकारियों को पिछले सप्ताह जानकारी मिली थी कि झज्जर जिले के छुछकवास गांव के रहने वाले सुरेंद्र और राकेश यादव, झज्जर, दादरी और आसपास के इलाकों से गर्भवती महिलाओं को पैसों के बदले अवैध भ्रूण लिंग निर्धारण के लिए बिहार ले जा रहे थे।

इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए जिला सक्षम प्राधिकारी (झज्जर) ने एक विशेष टीम का गठन किया। इस टीम में झज्जर से नोडल अधिकारी (पीसी एंड पीएनडीटी) डॉ. संदीप कुमार, डॉ. बसंत कुमार दुबे और विनोद कुमार, तथा चरखी दादरी से डॉ. उदयभान और डॉ. संदीप शामिल थे।

एक डिकॉय (फर्जी ग्राहक) ऑपरेशन के तहत एक गर्भवती महिला को फर्जी ग्राहक बनाकर भेजा गया, जिसके साथ उसका पति बनने का नाटक करने वाला एक व्यक्ति भी था। आरोपियों ने कथित तौर पर 50,000 रुपये में अवैध लिंग निर्धारण जांच करने की बात स्वीकार की और 19 जून की रात को डिकॉय ग्राहक को छुछकवास बुलाया। इसके बाद महिला को बिहार के गया जिले के टिकारी कस्बे में ले जाया गया, जबकि संयुक्त पीएनडीटी टीमें सुरक्षित दूरी से उस वाहन का पीछा कर रही थीं।

स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि टिकारी पहुंचने पर आरोपी महिला को %शिव शक्ति अल्ट्रासाउंड सेंटर% ले गए, जो कथित तौर पर अवैध रूप से चलाया जा रहा था। वहां केंद्र संचालक रामाश्रय प्रसाद और खुद को सोनोलॉजिस्ट बताने वाले गुलशन कुमार ने अल्ट्रासाउंड जांच की और बताया कि गर्भ में लड़का है।

डिकॉय महिला के साथी से संकेत मिलते ही गया के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अधिकृत गया जिला पीएनडीटी इकाई के अधिकारियों की मदद से संयुक्त पीएनडीटी टीमों ने केंद्र पर छापा मार दिया। छापे के दौरान टीमों ने रामाश्रय प्रसाद, गुलशन कुमार, सुरेंद्र और राकेश यादव को पकड़ लिया और परिसर से एक अवैध अल्ट्रसाउंड मशीन जब्त की। इसके बाद चारों आरोपियों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए गया जिले के टिकारी थाने को सौंप दिया गया, जहां प्रासंगिक पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम, बीएनएस और एनएमसी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

प्रवक्ता ने नागरिकों से अपील की है कि वे अवैध लिंग निर्धारण गतिविधियों के बारे में किसी भी तरह की जानकारी सिविल सर्जन कार्यालय या जिला पीएनडीटी अधिकारियों को दें। उन्होंने कहा कि प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण करना और करवाना, दोनों ही दंडनीय अपराध हैं, जिनमें तीन से पांच साल तक की कैद की सजा हो सकती है। प्रवक्ता ने कहा कि ऐसे अपराधियों के खिलाफ विश्वसनीय जानकारी देने वाले मुखबिरों को 1 लाख रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा और उनकी पहचान पूरी तरह से गुप्त रखी जाएगी।

## प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग को मिली वैश्विक पहचान : ज्योति सैनी

### राजौंद में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर खंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 21 जून।** भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि आज पूरा विश्व योग उत्सव मना रहा है, जो प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सतत प्रयासों से भारत की प्राचीन योग परंपरा को वैश्विक पहचान मिली है और आज विश्व के अनेक देशों में करोड़ों लोग योग को अपने जीवन का हिस्सा बना चुके हैं। योग ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को पूरे विश्व में नई पहचान दिलाई है। भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी रविवार को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जखौली के खंड स्तरीय कार्यक्रम में संबोधित कर रही थी। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा क्षेत्र के नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का सामूहिक अभ्यास किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेशभर में योग दिवस के व्यापक आयोजन, योगशालाओं की स्थापना की। हरियाणा स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छूने के साथ-साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी नंबर वन बने, इसके लिए प्रत्येक नागरिक को योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। ज्योति सैनी ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित योग शिक्षकों के निर्देशन में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। उपस्थित सभी लोगों ने नियमित योग करने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी योग के प्रति प्रेरित करने का संकल्प लिया।

## नियमित योग करने से कार्यक्षमता बढ़ने के साथ सेहत बनी रहती हैः रमन बंसल

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस पर लिबर्टी शूज तथा लिबर्टी योग केंद्र द्वारा सैंट्रल हाउस रेलवे रोड परिसर मे करें योग रहे निरोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक तथा लिबर्टी योग केंद्र के प्रभारी सतीश गोयल तथा लिबर्टी के सीई ओ रमन बंसल ने कार्यक्रम का निदेशन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ लिबर्टी के सीईओ रमन बंसल तथा सतीश गोयल ने लिबर्टी के संस्थापकों के चित्र के आगे दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने पुष्प अर्पित किए। उसके बाद लिबर्टी के अधिकारियों संदीप गोयल ,बीरपाल सिंह तिनगुरिया, मार्कीटिंग जीएम राम नाथ बर्मा ,नरेंद्र राणा, राजीव अरोड़ा, जसवंत राय, संजय भारद्वाज, राजीव ठाकुर, राजेश धसीमान संजव दास जी, मनोहर दीपक सुरेंद्र राणा नरेंद्र वर्मा तथा अन्य कर्मचारियों ने पुष्प अर्पित किए।

## चौधरी छोटूराम विचार ट्रस्ट एवं मंच का होगा पुनर्गठन

### महिला विंग गठन और सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 21 जून।** चौ. छोटूराम विचार ट्रस्ट एवं मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक स्प्रिंग फील्ड गार्डन कैथल में हुई। बैठक की अध्यक्षता मंच के उपाध्यक्ष युधिष्ठिर तंवर ने की। बैठक में ट्रस्ट के संरक्षक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक जोगीराम, महासचिव डॉ. विजय दहिया, कोषाध्यक्ष रामकिशन रोड, भूपेंद्र चौहान, अमित काजल, मलकीत सिंह गंगा, संतोष दहिया सहित प्रदेशभर से आए ट्रस्ट एवं मंच के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के संयोजक एवं बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष कैथल सुरेंद्र ढुल ने सभी अतिथियों एवं पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उनके सहयोग और सहभागिता के लिए आभार जताया। बैठक में संगठन को मजबूत और विस्तार देने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। निर्णय लिया गया कि चौधरी छोटूराम विचार ट्रस्ट एवं मंच की कार्यकारिणी का पुनर्गठन 15 अगस्त तक पूरा किया जाएगा। साथ ही चौधरी छोटूराम विचार मंच का विधिवत पंजीकरण करवाया जाएगा। संगठनात्मक गतिविधियों को नियमित बनाए रखने के लिए यह भी तय किया गया कि ट्रस्ट की बैठक प्रत्येक तीन माह में आयोजित की जाएगी, जबकि अगली बैठक सितंबर माह में रोहतक में आयोजित होगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि चौ. छोटूराम के जीवन, विचारों और किसान हित में किए गए कार्यों पर आधारित पुस्तकों का प्रकाशन कराया जाएगा तथा उन्हें निःशुल्क वितरित किया जाएगा, ताकि युवा पीढ़ी और समाज उनके योगदान से प्रेरणा ले सके। संगठन के विस्तार हेतु सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को ट्रस्ट एवं मंच से जोडऩे का भी निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से अगले दो वर्षों में हरियाणा के सभी जिलों में महिला विंग का गठन करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

**संतोष दहिया महिला सेल का प्रदेश प्रभारी नियुञ्क्तः** बैठक में डॉ. संतोष दहिया को महिला सेल का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया। इसके साथ ही संगठन को विधानसभा स्तर पर मजबूत करने के लिए संदीप पुनिया को गुहला विधानसभा, पुष्पेंद्र तंवर को पूंडरी विधानसभा, अजमेर सिंह पूर्व सरपंच को कलायत विधानसभा तथा गुलाब संधू को कैथल विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक के अंत में संगठन की भावी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर सुरेंद्र ढुल ने प्रदेश में देसी गाय आधारित प्राकृतिक खेती को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे भूमि की उर्वरता बनी रहेगी तथा लोगों को रसायन मुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

# योग दिवस पर चंडीगढ़ में उत्सव: राजभवन से लेकर पूरे शहर भर में गूंजा योग का संदेश, एसआईआर अभियान भी चला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 21 जून।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर यू.टी. चंडीगढ़ में योग को लेकर अभूतपूर्व उत्साह रहा। राजभवन से हाईकोर्ट, जिला अदालत से सेक्टर 30 तक और बहाई हाउस में अंतरधार्मिक प्रार्थना तक-शहर योगमय दिखा। साथ ही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 को लेकर मतदाता जागरूकता भी चलाई गई। पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने राज्य स्तरीय समारोह में 'योग 365' का संदेश दिया। उन्होंने योग को सालभर की जीवनशैली बनाने का आह्वान किया। प्रशासक ने युवा योगासन खिलाड़ी अनुष्का शर्मा, अभय मिश्रा, देव और 14 संगठनों को सम्मानित किया।

**पीएम का संदेश:** 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' विषय पर कोलकाता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'योग सबको जोड़ता है, योग सबको साथ लाता है।'

**हाईकोर्ट में योग:** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा के संरक्षण में योग दिवस मना। न्यायमूर्ति हरसिमरन सिंह सेठी सहित न्यायाधीशों, बार एसोसिएशन और कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया।

**जिला अदालत में सत्र:** डीएलएसए द्वारा सेक्टर-43 जिला न्यायालय में योग सत्र हुआ। एसएलएसए सदस्य सचिव अरुण कुमार अग्रवाल व सीजेएम सुनील कुमार के नेतृत्व में न्यायिक अधिकारियों व बच्चों ने भाग लिया। 'योग करो, रोग भगाओ' का संदेश दिया गया।

**सेक्टर 30 योग शिविर:** चंडीगढ़ योग सभा द्वारा योग आश्रम में पांच दिवसीय शिविर संपन्न हुआ। योगाचार्य भूपिंदर नेगी ने शुगर, बीपी, जोड़ों के दर्द में योग के लाभ बताए। वार्ड-18 काउंसलर श्रीमती तरुणा मेहता मुख्य अतिथि रहीं। प्रधान सुरेश शर्मा व महासचिव नरेश बंसल ने आभार जताया।



पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक गुलाब चंद कटारिया शहर के अधिकारियों एवं गणमान्य लोगों के साथ योग साधना करते हुए।



सेक्टर 17 तिरंगा पार्क में योग साधना करते हुए विभिन्न संस्थाओं के आये हुए साधक।



सेक्टर 30 चंडीगढ़ योग सभा के साधक योग आश्रम में योग साधना करते हुए।

**भारतीय योग संस्थान ने तीन स्थानों पर कराया योगाभ्यास:** भारतीय योग संस्थान, चंडीगढ़ प्रांत द्वारा चंडीगढ़ में तीन प्रमुख स्थानों पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिनमें फ्रैगरेंस गार्डन, सेक्टर-36, चंडीगढ़, नगर निगम पार्क (गौड़िया मठ मंदिर के निकट), सेक्टर-20, चंडीगढ़, ओपन थियेटर, नगर निगम पार्क (कम्यूनिटी सेंटर के निकट), सेक्टर-48, चंडीगढ़ शामिल हैं। संस्थान के वरिष्ठ एवं उच्च पदाधिकारियों ने इन तीनों केंद्रों पर उपस्थित होकर योगाभ्यास कराया।

**सेक्टर 47:** इसके अलावा वार्ड नंबर-21, सेक्टर-47सी स्थित श्री वाली बाल कोर्ट के सामने पार्क में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला मंडल अध्यक्ष सुचा सिंह ने की, जबकि अवि भसीन, स्टेट सह-कोषाध्यक्ष, भाजपा चंडीगढ़, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

**अंतरधार्मिक प्रार्थना:** सेक्टर-8सी बहाई हाउस में इंटरफेथ फोरम की "World Unity and Peace" प्रार्थना सभा हुई। सांसद मनीष तिवारी की पत्नी नाज़नीन तिवारी की उपस्थिति विशेष रही। सिख, मुस्लिम, बौद्ध, जैन, बहाई धर्मगुरुओं ने मानव एकता का संदेश दिया।

**एसआईआर-2026 जागरूकता:** तिरंगा पार्क, सेक्टर-17 में एसआईआर-2026 हेल्प डेस्क लगी। बीएलओज ने 100 प्रतिशत गणना प्रपत्र बांटे। 14 जुलाई 2026 तक फॉर्म जमा करना अनिवार्य है।

**थीम:** इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' रही। आयुष मंत्रालय के दिशा-निर्देशों पर हुए आयोजनों में योग को जीवनशैली बनाने पर जोर दिया गया।

## 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा चंडीगढ़ ने सभी 35 मंडलों में किया भव्य आयोजन

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 21 जून।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश द्वारा शहर के सभी 35 मंडलों में योग दिवस के कार्यक्रम बड़े उत्साह, हर्ष एवं उल्लास के साथ आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में स्थानीय निवासियों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा पार्टी कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए योग के प्रति अपनी जागरूकता और प्रतिबद्धता का परिचय दिया। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। उनके मार्गदर्शन में प्रदेश पदाधिकारियों, विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्षों तथा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं सशक्त भारत के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में योग के विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया गया तथा सभी को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

## पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में 'स्वस्थ उम्र के लिए योग' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया



**चंडीगढ़।** आज यहां पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति श्री अश्विनी कुमार मिश्रा के नेतृत्व में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 मनाया गया। इस अवसर पर माननीय न्यायमूर्ति हरसिमरन सिंह सेठी तथा पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के अन्य माननीय न्यायाधीश भी उपस्थित रहे। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ उम्र के लिए योग÷ रखी गई थी। इस दौरान जीवन के प्रत्येक चरण, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य तथा जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ावा देने में योग के महत्व को रेखांकित किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयोजित योग कार्यक्रम में माननीय न्यायाधीशों, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के सदस्यों, उच्च न्यायालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया तथा विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। इस अवसर पर योग विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को भारत की प्राचीन विरासत के अमूल्य उपहार योग के असीमित लाभों से अवगत कराया। प्रशिक्षकों ने इस बात पर जोर दिया कि योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन तथा समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### कार से पर्स चोरी के मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 39 पुलिस ने कार से पर्स चोरी के मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता पंजाब के जीरकपुर निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार को पंजाब नंबर की गाड़ी में सवार होकर सैक्टर 40 में किसी काम से आई थी। उसने गाड़ी को सेक्टर 40 की मार्केट पार्किंग मे खड़ी कर दी। जब वह कुछ समय बाद वापिस आई तो देखा कि उसका गाड़ी में रखा पर्स गायब है। जिसमे मोबाइल फोन, जरूरी कागजत के अलावा 10 हजार रुपए की नकदी गायब हैं। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हेरोइन सप्लाई करने के दो आरोपी काबू, 14.08 ग्राम हेरोइन बरामद




**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना मलोया पुलिस ने हेरोइन की सप्लाई करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपियो की पहचान पंजाब के जिला मानसा के रहने वाले हरजीत सिंह और कृष्ण के रूप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों के कब्जे से अलग अलग कुल 14.08 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जानकारी के अनुसार पता चला कि यूटी पुलिस के आला अधिकारियो के दिशा निर्देशों के चलते थाना मलोया के प्रभारी इंस्पेक्टर बलदेव कुमार की टीम में शामिल एसआई पंजाब सिंह 19 जून को लगभग 9.25 मिनट पर अपनी अन्य पुलिस पार्टी के साथ एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस डीएमसी स्थित वाटर वर्कस के नजदीक पहुंची तो पुलिस ने शक के आधार पर आरोपियों को रोककर पूछताछ के दौरान उनकी तलाशी ली तो पुलिस को आरोपी हरजीत सिंह के कब्जे 6.55 ग्राम हेरोइन और आरोपी कृष्ण के कब्जे से 7.33 ग्राम कुल मिलाकर 14.08 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत मामले में कारवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए दोनों आरोपियों को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी हरजीत सिंह को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। जबकि आरोपी कृष्ण को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के आयोजन में सुखना लेक पर 1000 प्रतिभागियों के साथ किया सामूहिक योगाभ्यास

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 21 जून।** मंत्रालय आयुष, भारत सरकार के मार्गदर्शन एवं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, चंडीगढ़ अंचल द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 का भव्य आयोजन सुखना लेक, चंडीगढ़ में उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम "Yoga for Healthy Ageing" रही, जिसके अंतर्गत लगभग 1000 प्रतिभागियों ने योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मनीष आचार्य जी, आयुर्वेद विशेषज्ञ, वेलनेस एक्सपर्ट एवं मोटिवेशनल स्पीकर ने अपने संबोधन में स्वस्थ जीवन के मूल मंत्रों पर प्रकाश डाला। उन्होंने योग एवं आयुर्वेद के महत्व को बताते हुए उपयोगी योग आसनों, प्राकृतिक जीवनशैली एवं नियमित योग अभ्यास के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. राजीव कपिला, वरिष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सक, मंत्रालय आयुष, भारत सरकार भी उपस्थित रहे। उन्होंने योग, आयुर्वेद एवं स्वस्थ जीवनशैली के वैज्ञानिक महत्व पर अपने विचार साझा किए

इस अवसर पर श्री एस.के. सिंह, जोनल हेड,एवं महाप्रबंधक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में दैनिक जीवन में योग को अपनाने, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने एवं तनाव मुक्त जीवनशैली की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए परिवार के बेहतर भविष्य के लिए स्वास्थ्य बीमा के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सुश्री प्रियंका बंसल, उप महाप्रबंधक ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया एवं योग के महत्व के प्रति प्रतिभागियों को प्रेरित किया।

## पेपर लीक और शिक्षा माफियाओं के खिलाफ कांग्रेस का राष्ट्रव्यापी जनजागरण अभियान शुरू

छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं, 26 जून को चंडीगढ़ में होगा बड़ा छात्र सम्मेलन: एच.एस. लक्की

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 21 जून।** देशभर में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों, भर्ती घोटालों और शिक्षा व्यवस्था की गंभीर खामियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने व्यापक जनजागरण अभियान शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में आज जिला कांग्रेस कमेटी मनीमाजरा द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मनीमाजरा के गोबिंदपुरा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह ढिल्लों एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजीव गाबा ने किया, जबकि चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस. लक्की मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई तथा विभिन्न फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर राजस्थान के कोटा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा छात्रों के मुद्दों पर आयोजित कार्यक्रम का वीडियो भी प्रदर्शित किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए एच.एस. लक्की ने कहा कि आज देश का युवा अपने भविष्य को लेकर गहरे संकट और असुरक्षा के दौर से गुजर रहा है। करोड़ों विद्यार्थी वर्षों तक कड़ी मेहनत कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन बार-बार होने वाले पेपर लीक, भर्ती घोटाले और परीक्षा प्रणाली की विफलताएं उनके सपनों को कुचल रही हैं। यह केवल प्रशासनिक नाकामी नहीं बल्कि युवाओं के भविष्य और उनके परिवारों की उम्मीदों पर सीधा हमला है।

लक्की ने कहा कि जब केंद्र और राज्य सरकारें युवाओं के सवालों पर चुप्पी साधे बैठी हैं, तब राहुल गांधी देश के लाखों छात्रों की आवाज बनकर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं।

## जतिंदर पाल मल्होत्रा ने कहा–महिलाओं और सामाजिक संगठनों का बढ़ता विश्वास भाजपा की ऐतिहासिक जीत का आधार बनेगा

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 21 जून।** विश्व योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा चंडीगढ़ द्वारा सेक्टर-37 स्थित महाजन भवन में भव्य कार्यकर्ता मिलन एवं सदस्यता समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सोनम वर्मा की अध्यक्षता तथा प्रदेश सचिव कशिश महाजन के संयोजन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में 500 से अधिक महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त करते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी ने यह स्पष्ट संकेत दिया कि चंडीगढ़ में भाजपा महिला मोर्चा लगातार मजबूत हो रहा है और महिलाओं के बीच पार्टी का जनाधार तेजी से बढ़ रहा है।

इस अवसर पर श्री श्याम प्रचार सेवा मंडल के प्रधान ललित गोयल अपने पूरे मंडल के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा एवं प्रदेश महामंत्री रामबीर भट्टी ने सभी नए सदस्यों का पार्टी में स्वागत करते हुए उन्हें भाजपा का पटका पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में भाजपा हिमाचल प्रदेश के सह-प्रभारी संजय टंडन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा महिला मोर्चा की बढ़ती शक्ति और महिलाओं का अभूतपूर्व उत्साह यह दर्शाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने की सोच को समाज का व्यापक समर्थन प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ की महिलाएं विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने कहा कि जिस प्रकार एक साथ सैकड़ों महिलाएं, श्री श्याम प्रचार सेवा मंडल और अनेक युवा भाजपा परिवार का हिस्सा बन रहे हैं, उससे स्पष्ट है कि जनता का विश्वास भाजपा के प्रति लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी नगर निगम चुनावों में भाजपा सभी 35 वार्डों में विजय प्राप्त कर एक नया इतिहास रचेगी।

महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सोनम वर्मा ने अपनी पूरी टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा भाजपा में शामिल होने वाली सभी महिलाओं का स्वागत करते हुए कहा कि महिला शक्ति ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। प्रदेश सचिव कशिश महाजन ने भी सेक्टर-37 और सेक्टर-38 क्षेत्र की अनेक महिलाओं को भाजपा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सम्पादकीय

# चंडीगढ़ में केमिस्ट की हत्या के आरोपियों को मिले कड़ी सजा

आखिरकार चंडीगढ़ के सेक्टर-11 में श्री कुमार केमिस्ट के कैशियर की हत्या के तीन आरोपियों को चंडीगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। 13 जून को वारदात के बाद आरोपी शहर से भाग निकले थे और पुलिस पर इसका भारी दबाव था कि आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए। यह कामयाबी है, लेकिन इसका आकलन जरूर होना चाहिए कि आखिर अपराध करके आरोपी फरार हो जाते हैं और विभाग का मैकेनिज्म उनकी गिरफ्तारी में चार दिन ले लेता है। गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों के इन गुर्गों ने जिस प्रकार से इस हत्याकांड को अंजाम दिया था, उससे यह साबित हो चुका है कि आरोपियों ने इसके लिए व्यापक तैयारियां की थी, लेकिन क्या वास्तव में पुलिस फोर्स उन्हें गिरफ्तार करने के लिए किसी तैयारी में थी। अपराध घटने के बाद हाथ-पैर मारना औचित्यहीन है, लेकिन अपराध घटने से पहले या घटते वक्त ही हरसंभव प्रयास करते हुए आरोपियों को काबू कर लेना बड़ी कामयाबी कही जाएगी। इस हत्याकांड के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी में चंडीगढ़ पुलिस का एक और रूप देखने को मिला है, जिसका जिक्र जरूरी है। देश में इस समय यूपी पुलिस अपराधियों के साथ एक खास अंदाज में पेश आने को विख्यात है। पुलिस को सरकार की ओर से खुली छूट है, इसमें कोई दो राय नहीं हैं। पुलिस गुंडे, बदमाशों को समझाती है, नहीं समझते हैं तो वे भाग निकलते हैं। और फिर पुलिस पर गोलीबारी करते हैं और इस दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली या तो उनकी टांगों पर लगती है नहीं तो उनके सिर में लगती है। यूपी पुलिस के इस स्टाइल को हरियाणा, पंजाब पुलिस ने भी अपनाया हुआ है। अब बारी जैसे चंडीगढ़ पुलिस की थी और संभव है, उसने भी इस पर अमल कर दिखाया।

**चंडीगढ़ में कारोबारियों की सुरक्षा अब एक बड़ा मुद्दा बन चुकी है। बीते कुछ समय के दौरान ही शहर में कारोबारियों को फिरौती की कॉल आना बेहद चिंता की बात है। पुलिस के एक आलाधिकारी ने गैंगस्टर की कॉल आने के संबंध में सवाल पर कहा कि धमकियां देना उनका काम है, पुलिस अपना काम कर रही है। जाहिर है, दोनों का अपना-अपना काम है। लेकिन यह जरूरी है कि अपराधियों के उस नेक्सस और उनके हौसले को तोड़ा जाए, जिसके बूते वे चंडीगढ़ में कारोबारियों को विदेश में बैठकर धमका रहे हैं। इसके लिए राजनीतिक नेतृत्व को समझना चाहिए कि अगर यही हालात रहे तो स्थिति हाथों से बाहर हो जाएगी। शहर में पहले की तुलना में अब सुरक्षा कम हो गई है और पुलिस वैन भी कम घूमती दिखती हैं।**

हालांकि चंडीगढ़ पुलिस पर कोई आरोप नहीं लगाए जा रहे हैं। लेकिन जम्मू से दो आरोपियों को लाते समय पुलिस गाड़ी के चालक को झपकी आ जाना और गाड़ी पेड़ से टकरा जाना और साथ बैठे एक कांस्टेबल का गिरना। आरोपियों का निकल भागना, नीचे गिरे कांस्टेबल की पिस्टल उठाकर गोली चलाना। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोलियों से दोनों का घायल होना। इसके बाद पुलिस की मीडिया कॉन्फ्रेंस और उच्चाधिकारियों का मौके पर पहुंचना आदि सभी काफी फिल्मी है। इसमें शक नहीं है कि आरोपी अपराध करने में माहिर हैं, लेकिन इस पर विश्वास नहीं होता कि एक ही चालक करीब 360 किलोमीटर तक गाड़ी चलाता रहे और फिर उसे चंडीगढ़ की सीमा में आकर झपकी आ जाए। अगर झपकी आनी होती तो जम्मू से आते वक्त रास्ते में कहीं आ जाती। संभव है, गैंगस्टरों को कड़ा सबक देने के लिए पुलिस ने यह सब कारनामा कर दिखाया। बेशक, यूपी में अगर अपराधी होते तो अब तक उनका पोस्टमॉर्टम हो रहा होता। गौरतलब है कि गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों ने चंडीगढ़ पुलिस को धमकाते हुए कहा था कि उसके भाइयों यानी आरोपियों की गिरफ्तारी ही दिखाई जाए, यदि कोई नुकसान करने की कोशिश की गई तो उसका रिजल्ट साथ के साथ देंगे। गैंगस्टर इस धमकी में यही कहना चाहता था कि उसके भाइयों को गिरफ्तार करके लाया जाए न कि कहीं उनका एनकाउंटर कर दिया जाए। क्योंकि देशभर में आजकल यूपी मॉडल पर पुलिस ऐसे ही कारनामे अंजाम दे रही है तो गैंगस्टरों को भी डर लग रहा है। वे दूसरों की हत्या करते हुए नहीं डरते हैं, लेकिन पुलिस एनकाउंटर में मरते हुए उनकी भी रूह कांप रही है।

चंडीगढ़ में कारोबारियों की सुरक्षा अब एक बड़ा मुद्दा बन चुकी है। बीते कुछ समय के दौरान ही शहर में कारोबारियों को फिरौती की कॉल आना बेहद चिंता की बात है। पुलिस के एक आलाधिकारी ने गैंगस्टर की कॉल आने के संबंध में सवाल पर कहा कि धमकियां देना उनका काम है, पुलिस अपना काम कर रही है। जाहिर है, दोनों का अपना-अपना काम है। लेकिन यह जरूरी है कि अपराधियों के उस नेक्सस और उनके हौसले को तोड़ा जाए, जिसके बूते वे चंडीगढ़ में कारोबारियों को विदेश में बैठकर धमका रहे हैं। इसके लिए राजनीतिक नेतृत्व को समझना चाहिए कि अगर यही हालात रहे तो स्थिति हाथों से बाहर हो जाएगी। शहर में पहले की तुलना में अब सुरक्षा कम हो गई है और पुलिस वैन भी कम घूमती दिखती हैं। यह सब आम आदमी की चिंता का विषय है। पुलिस का काम अगर सुरक्षा प्रदान करना है तो फिर इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जाना चाहिए। सामने आ रहा है कि सेक्टर-11 में श्री कुमार केमिस्ट के अंदर गोलीबारी के वक्त बाहर एक पुलिस कर्मी डर कर कहीं छिप गया था। जबकि उसकी तैनाती वहां सुरक्षा की ही थी। क्या इस तरह से चंडीगढ़ पुलिस अपना फर्ज पूरा कर पाएगी?

# समाज की बेहतरी के लिए काम करना ही सच्ची लीडरशिप

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

**युवाओं के लिए लीडरशिप के रास्ते बनाना, बेहतर समाज निर्माण की कुंजी**



किसी भी देश और समाज का भविष्य उसके युवाओं पर निर्भर करता है। युवाओं की ऊर्जा, रचनात्मकता और नई सोच समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता रखती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि युवाओं को सही मार्गदर्शन, अवसर और नेतृत्व के मंच उपलब्ध कराए जाएं तो वे सामाजिक विकास, शिक्षा, जनकल्याण और सामुदायिक सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार नेतृत्व केवल किसी पद या अधिकार का नाम नहीं है, बल्कि दूसरों की सेवा करना, समस्याओं का समाधान ढूंढ़ना, लोगों को प्रेरित करना और समाज की बेहतरी के लिए काम करना ही सच्ची लीडरशिप है। आज जब समाज गरीबी, बेरोजगारी, गलत जानकारी, सामाजिक विभाजन और पर्यावरणीय चुनौतियों जैसी समस्याओं का सामना कर रहा है, तब युवाओं की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है।

इस्लामी शिक्षाओं में भी नेतृत्व को एक अमानत माना गया है। पवित्र कुरान में कहा गया है, अल्लाह तुम्हें आदेश देता है कि अमानतें उनके हकदारों को सौंपो और जब लोगों के बीच फैसला करो तो न्याय के साथ फैसला करो (सूरह अन-निसा, 4:58)। यह शिक्षा बताती है कि नेतृत्व व्यक्तिगत लाभ या प्रतिष्ठा का माध्यम नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ समाज की सेवा करने का माध्यम है। पैगंबर मुहम्मद ने भी जिम्मेदार नेतृत्व पर जोर देते हुए कहा था कि तुम में से हर व्यक्ति जिम्मेदार है और उससे उसकी जिम्मेदारी के बारे में पूछा जाएगा। इस्लामी इतिहास में कई ऐसे उदाहरण मिलते हैं, जहां युवाओं को कम उम्र में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं। उसामा इब्न ज़ैद और अली इब्न अबी तालिब जैसे युवा व्यक्तित्व इस बात के उदाहरण हैं कि प्रतिभा, चरित्र और समर्पण के आधार पर युवाओं को नेतृत्व के अवसर दिए जाने चाहिए। विशेषज्ञों का कहना है कि परिवार, शैक्षणिक संस्थान, सामाजिक संगठन और धार्मिक नेतृत्व मिलकर युवाओं के लिए नेतृत्व के रास्ते तैयार कर सकते हैं। सामुदायिक सेवा, स्वयंसेवा, शिक्षा, कौशल विकास और सामाजिक कार्यक्रमों में भागीदारी युवाओं में निर्णय लेने की क्षमता, टीमवर्क, संवाद कौशल और जवाबदेही की भावना विकसित करती है।इस्लाम में ज्ञान प्राप्त करने पर विशेष बल दिया गया है। पैगंबर मुहम्मद ने कहा था कि ज्ञान प्राप्त करना हर मुसलमान पर अनिवार्य है। शिक्षा और ज्ञान युवाओं को समाज की समस्याओं को समझने और उनके व्यावहारिक समाधान खोजने में सक्षम बनाते हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार आज के युवा सोशल मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और सामुदायिक गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता फैलाने, सामाजिक एकता बढ़ाने और सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वे शिक्षा अभियान, पर्यावरण संरक्षण, जरूरतमंदों की सहायता, डिजिटल साक्षरता और अंतरधार्मिक संवाद जैसी पहलों का नेतृत्व कर सकते हैं।

कुरान में भी समाज में सकारात्मक योगदान देने का आह्वान करते हुए कहा गया है कि तुम में एक ऐसा समूह होना चाहिए जो भलाई की ओर बुलाए, अच्छे कार्यों का आदेश दे और बुराइयों से रोके (सूरह आल-ए-इमरान, 3:104)।

विशेषज्ञों का मानना है कि केवल नेतृत्व कौशल ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि ईमानदारी, धैर्य, विनम्रता और जवाबदेही जैसे गुण भी एक प्रभावी नेता की पहचान हैं। यदि युवाओं में इन मूल्यों का विकास किया जाए तो वे ऐसे जिम्मेदार नागरिक और नेता बन सकते हैं जो समाज को जोड़ने, शांति और विकास को बढ़ावा देने तथा एक बेहतर भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए नेतृत्व के अवसर पैदा करना केवल भविष्य के राजनेता या प्रशासक तैयार करना नहीं है, बल्कि ऐसे संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है जो ज्ञान, न्याय और सेवा की भावना के साथ समाज की प्रगति में भागीदार बन सकें।

**लेखक- जर्नलिस्ट कृष्ण प्रजापति**
कैथल से पत्रकारिता कर रहे हैं और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र से पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर हैं।

# पंजाब 2027 : महिलाओं और बच्चों को केंद्र में रखे बिना विकास का सपना अधूरा

## सुरक्षित महिलाएं, शिक्षित बच्चे और स्वस्थ परिवार—यही होना चाहिए चुनाव का असली मुद्दा

**दैनिक अर्थ प्रकाश**





पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी में जुट चुका है। एक बार फिर मुफ्त बिजली, नकद सहायता और लोकलुभावन घोषणाओं की राजनीति तेज होगी। लेकिन एक सवाल हर राजनीतिक दल से पूछा जाना चाहिए—

क्या पंजाब की राजनीति में महिलाओं और बच्चों के भविष्य के लिए कोई गंभीर एजेंडा है?

सच्चाई यह है कि पिछले कई वर्षों में महिलाओं और बच्चों के मुद्दों को केवल भाषणों और घोषणा पत्रों तक सीमित रखा गया। आज पंजाब की सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि नशे, बेरोजगारी और सामाजिक असुरक्षा का सबसे अधिक बोझ महिलाएं और बच्चे उठा रहे हैं।

नशे ने हजारों परिवारों को तोड़ दिया है। कितनी ही महिलाएं अकेले परिवार चला रही हैं, कितने बच्चे पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हुए हैं और कितने घर मानसिक तनाव और आर्थिक संकट में जी रहे हैं। लेकिन चुनावी मंचों पर नशे के सामाजिक प्रभाव, नशा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और बच्चों के संरक्षण पर शायद ही कोई ठोस चर्चा होती है।

शिक्षा की स्थिति भी चिंताजनक है। स्कूलों की संख्या बढ़ी है, लेकिन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, डिजिटल कौशल और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण आज भी बड़ी चुनौती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक बेटियां उच्च शिक्षा तक पहुंचने से पहले ही अपनी पढ़ाई छोड़ देती हैं। पंजाब को नई इमारतों से अधिक ऐसी शिक्षा नीति की जरूरत है, जो बेटियों को आत्मनिर्भर बनाए।

महिलाओं का स्वास्थ्य भी राजनीतिक प्राथमिकताओं से बाहर है। एनीमिया, कुपोषण, मानसिक स्वास्थ्य और मातृ देखभाल जैसे विषय शायद ही कभी चुनावी विमर्श का हिस्सा बनते हैं। एक कमजोर और अस्वस्थ माँ से मजबूत समाज की उम्मीद नहीं की जा सकती।

सबसे गंभीर चिंता महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा है। साइबर अपराध, घरेलू हिंसा, बाल शोषण और नशे से जुड़ी आपराधिक गतिविधियों ने सामाजिक ताने-बाने को कमजोर किया है। यदि एक महिला स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं करती और एक बच्चा भयमुक्त वातावरण में नहीं बढ़ता, तो विकास के सारे दावे खोखले हैं। पंजाब को आज चार प्राथमिकताओं की जरूरत है—नशामुक्त परिवार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित सामाजिक वातावरण। यही वास्तविक विकास का एजेंडा होना चाहिए।

2027 का चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का अवसर नहीं है, बल्कि यह तय करने का समय है कि पंजाब अपनी अगली पीढ़ी को क्या विरासत देना चाहता है। यदि राजनीतिक दल महिलाओं और बच्चों को अपने एजेंडे के केंद्र में नहीं रखते, तो वे केवल चुनाव जीत सकते हैं, पंजाब का भविष्य नहीं।

**-नवनीत कौर**
समाज सेविका और एस्ट्रोलॉजर

## हरियाणा की डायरी: साप्ताहिक कॉलम

# साथ समुद्र पार भी अनिल विज के फैन

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज की लोकप्रियता केवल हरियाणा या भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि विदेशों में बसे भारतीय समुदाय के बीच भी उनकी मजबूत पहचान है। इसका ताजा उदाहरण तब देखने को मिला जब ऑस्ट्रेलिया में हरियाणा व्यापारियों के संगठन के उपाध्यक्ष अमरदीप सिंह मलिक विशेष रूप से हरियाणा पहुंचकर अनिल विज से मिले और उनके प्रति अपनी श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया। अमरदीप मलिक ने कहा कि वे पिछले तीन-चार वर्षों से लगातार अनिल विज की गतिविधियों को सोशल मीडिया के माध्यम से फॉलो कर रहे हैं। फेसबुक सहित विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म पर विज के विचार, कार्यशैली और जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया है। अमरदीप मलिक ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व ऑस्ट्रेलिया में आयोजित गीता जयंती महोत्सव के दौरान उनकी पहली बार अनिल विज के व्यक्तित्व से निकटता बनी। यह आयोजन गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था, जिसमें अनिल विज भी शामिल हुए थे। मलिक के अनुसार उस कार्यक्रम में विज के विचारों, उनकी स्पष्टवादिता और निष्पक्ष सोच ने वहां मौजूद भारतीय समुदाय पर गहरी छाप छोड़ी थी। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले अनेक भारतीय उस समय से ही अनिल विज के प्रशंसक बन गए और आज भी उनके सार्वजनिक जीवन को बड़ी रुचि से देखते हैं।अमरदीप मलिक ने कहा कि वर्तमान राजनीति में जहां अधिकांश नेता संतुलित और सीमित बयान देने का प्रयास करते हैं, वहीं अनिल विज अपनी बेबाकी और स्वतंत्र सोच के लिए पहचाने जाते हैं। वे जो सोचते हैं, उसे खुलकर जनता के सामने रखते हैं।उन्होंने कहा कि यही गुण उन्हें अन्य नेताओं से अलग बनाता है और लोगों के बीच उनकी विश्वसनीयता को मजबूत करता है। ऑस्ट्रेलिया में बसे भारतीय भी उनके इसी स्पष्ट और निर्भीक व्यक्तित्व की सराहना करते हैं।



**लेखक: चंद्रशेखर धरणी**
स्वतंत्र पत्रकार

## शहीद स्मारक को अनिल विज ने बताया जीवन का सपना

अंबाला छावनी में बन रहे भव्य शहीद स्मारक को लेकर हरियाणा के केबिनेट मंत्री अनिल विज भावुक नजर आए। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के लिए उन्होंने तीन दशक से अधिक समय तक संघर्ष किया। उनके अथक प्रयासों के बाद 22 एकड़ भूमि पर लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से देश के सबसे भव्य शहीद स्मारकों में से एक का निर्माण संभव हो सका।उन्होंने कहा कि यह स्मारक केवल एक भवन नहीं बल्कि देश के वीर सपूतों के त्याग, बलिदान और राष्ट्रभक्ति का जीवंत प्रतीक होगा। विज ने उम्मीद जताई कि जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके उद्घाटन के लिए अंबाला आएंगे।अपने राजनीतिक सफर को याद करते हुए अनिल विज ने कहा कि छात्र जीवन से ही वे संगठन से जुड़े रहे हैं। उन्होंने बताया कि राजनीति में आने की उनकी कोई व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा नहीं थी। वे वर्षों तक बैंकिंग क्षेत्र में कार्यरत रहे, लेकिन संगठन के आग्रह पर राजनीति में आए और पहली बार विधायक बने।उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास ने उन्हें लगातार आगे बढ़ाया। चुनावी जीत और हार दोनों को उन्होंने लोकतंत्र का हिस्सा माना, लेकिन जनता से उनका रिश्ता कभी कमजोर नहीं हुआ। आज सात बार विधायक चुने जाने को उन्होंने जनता के प्रेम और विश्वास का परिणाम बताया।

## हरियाणा में जल्द लागू होगा पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0

हरियाणा सरकार ने राजस्व क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन को तेज करते हुए राज्यभर में राजस्व अधिकारियों के लिए व्यापक क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू किया है तथा लंबित सीमांकन मामलों के निपटान के लिए विशेष अभियान चलाया है। साथ ही पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 के क्रियान्वयन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। सुचारू परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 1.0 से 2.0 में माइग्रेशन जिला-वार किया जाएगा, ताकि सेवाएं निर्बाध रूप से जारी रहें और नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो।राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तायुक्त डॉ.सुमिता मिश्रा ने रविवार को चंडीगढ़ में बताया कि पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 को एक उन्नत डिजिटल ढांचे के रूप में विकसित किया गया है। यह प्लेटफॉर्म ऑनलाइन आवेदन जमा करने, दस्तावेज अपलोड करने, आधार आधारित प्रमाणीकरण, ई-हस्ताक्षर, ऑनलाइन शुल्क भुगतान, रियल टाइम सत्यापन, सुरक्षित डेटा भंडारण तथा स्वचालित कार्यप्रवाह प्रबंधन जैसी सुविधाएं प्रदान करेगा।यह प्रणाली नागरिकों की सरकारी कार्यालयों में बार-बार जाने की आवश्यकता को काफी हद तक कम करेगी, मैनुअल हस्तक्षेप को न्यूनतम करेगी, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाएगी तथा सेवाओं की त्वरित डिलीवरी सुनिश्चित करेगी। उन्होंने बताया कि इस नई प्रणाली के सुचारू क्रियान्वयन के लिए विभाग द्वारा सभी परिचालन मॉड्यूलों से संबंधित विस्तृत मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) तथा उपयोगकर्ता पुस्तिकाएं तैयार की गई हैं।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

# सभी मंत्री भजनलाल से खफा, 8 मंत्री शीघ्र ही त्यागपत्र देंगे : छतरपाल

चंडीगढ़। व्योमवालाओं से छेड़छाड़ के आरोप में हरियाणा मंत्रिमंडल में हाल ही में बर्खास्त छतरपाल सिंह ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री भजनलाल की कार्य प्रणाली से दुखी 7-8 मंत्री जल्दी ही मंत्रिमंडल छोड़ देंगे। आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन में बोलते हुए छतरपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में भजनलाल के अब गिनती के दिन रह गए है। उन्होंने कहा कि अन्दरखाने सभी मंत्री भजनलाल की कार्य प्रणाली से पूरी तरह तंग आ चुके है तथा उनसे छुटकारा पाने के लिए उचित मौके की तलाश कर रहे है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

| | |
|---|---|
| 1555- | मुगल सम्राट हुमायूं ने अपने पुत्र अकबर को अपना वारिस घोषित किया। |
| 1633- | इटली के महान खगोलशास्त्री एवं गणितज्ञ गैलीलियो को पृथ्वी सूर्य का चक्कर लगाती है, ये बताने पर चर्च ने आजीवन नजरबंदी का फैसला सुनाया। |
| 1897- | चापेकर भाइयों, दामोदर और बालकृष्ण ने पुणे में एक ब्रिटिश अधिकारी को गोली मार दी। |
| 1906- | स्वीडन ने राष्ट्रीय ध्वज अपनाया। |
| 1911- | किंग जॉर्ज पंचम इंग्लैंड के राजा बने। |
| 1932 | अभिनेता अमरीश पुरी का जन्म हुआ। |
| 1933 | हिटलर ने जर्मनी में नेशनल सोशलिस्ट पार्टी को छोड़ बाकी सभी राजनीतिक पार्टियों पर बैन लगा दिया। |
| 1934 | वॉक्सवैगन बीटल के पहले प्रोटोटाइप पर काम शुरू हुआ। वॉक्सवैगन की ये सबसे चर्चित कार है। |
| 1939 | नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने 'फॉरवर्ड ब्लॉक' की स्थापना की। |
| 1941 | द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी ने सोवियत रूस पर आक्रमण किया। |

## बोल ब्यूटीफुल



**अखिलेश शर्मा:** दलबदल की बहुत आलोचना होती है। होनी भी चाहिए लेकिन पक्षबदल का क्या? पार्टियां चुनाव मिलकर लड़ें और चुनाव बाद विरोधी दल के साथ मिलकर सरकार बना लें। दलबदल पर रोक के लिए तो संवैधानिक प्राविधान है, किन्तु पक्षबदल के लिए नहीं है।

# संतोष से दूर, संकट के निकट : परिवार की बदलती कहानी

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

जब संबंधों की जड़ें स्वार्थ की धूप में सूखने लगती हैं, तब सभ्यताओं का मौन पतन शुरू हो जाता है। भारतीय समाज उसी क्षरण से गुजर रहा है, जहां दिगंबर जैन दर्शन का गृहस्थ-धर्म—संतुलन, संयम और सांस्कृतिक दृढ़ता का प्रतीक—मोह, लोभ और भोग में गल रहा है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 (2019-21) की वास्तविकता चुभती है—शहरी भारत में एकल परिवार 70 प्रतिशत तक पहुँचकर संयुक्त परिवारों का स्थान ले रहे हैं, और महानगरों में 30-40 प्रतिशत तलाक दर रिश्तों की घटती आत्मीयता दर्शाती है। उपभोक्तावाद, सोशल मीडिया और व्यक्तिवादी सोच ने संयम व संतोष को विस्थापित कर दिया है, जिससे युवा सांस्कृतिक व आध्यात्मिक जड़ों से कटकर क्षणिक सुखों की दौड़ में खो रहे हैं। दिगंबर दृष्टि में यह परिग्रह की मूर्छा है, जो आत्मा को शुद्ध स्वरूप से दूर करती है। यह केवल सामाजिक विघटन नहीं, बल्कि आध्यात्मिक पतन है, जिसका उपचार अपरिग्रह, अहिंसा और सम्यक चारित्र में निहित है।

**बिगड़ती संस्कृति और बिखरते परिवारों के कारण:** जब घरों में संवाद की जगह चुप्पियाँ बोलने लगें और अपनापन यंत्रों की चमक में धुंधला जाए, तब परिवार बिखरने लगता है। शहरों की ओर भागती ज़िंदगी ने संयुक्त परिवारों को कमजोर किया है, और व्यस्तता ने बच्चों की भावनात्मक निकटता छीन ली है। मोबाइल और इंटरनेट ने लोगों को एक ही छत के नीचे अलग-अलग दुनिया में बाँट दिया है। पीढ़ियों का अंतर, आर्थिक दबाव, नशे की प्रवृत्ति और नैतिक गिरावट रिश्तों की नींव कमजोर कर रहे हैं। जब जीवन का केंद्र धन और सुख बन जाता है, तब रिश्ते उपयोग और बोझ बन जाते हैं। जैन दर्शन इसे आसक्ति और कर्म-बंधन की जकड़न मानता है, जहाँ आत्मा विकारों से ढक जाती है। मन की कटुता (भाव-हिंसा) घरों को मौन टकराव और टूटन की ओर ले जाती है।

**जैन दर्शन में समाधान का मार्ग—संयम की संजीवनी:** जब भीतर का संतुलन टूटने लगे और संबंधों की डोर ढीली पड़ जाए, तब जैन दर्शन जीवन को दिशा देता है। 'अहिंसा परमो धर्मः' केवल सिद्धांत नहीं, बल्कि चेतना को निर्मल करने वाली जीवन-धारा है, जो मन, वचन और कर्म से किसी जीव को कष्ट न देने का संकल्प कराती है। जहाँ परिवारों में करुणा, क्षमा और समभाव बने रहते हैं, वहाँ विघटन की गुंजाइश नहीं रहती। इसके विपरीत, भोग-लालसा और कामुक प्रवृत्तियाँ रिश्तों की पवित्रता क्षीण करती हैं। जैन गृहस्थ परंपरा में ब्रह्मचर्य को एकपत्नीत्व और इंद्रिय-संयम के रूप में माना गया है, जो विश्वास, मर्यादा और स्थायित्व का आधार बनता है। जब मनुष्य इंद्रियों पर संयम साध लेता है, तब परिवार बाहरी आकर्षणों से मुक्त होकर सुदृढ़ बन जाता है।

**इच्छाओं का निर्वाण:** जब 'मेरा' और 'मेरा ही' की पकड़ जीवन पर हावी होने लगे, तब जैन दर्शन का अपरिग्रह इच्छाओं के बंधन को विलीन करने वाली जागृति बन जाता है। यह त्याग नहीं, बल्कि वह स्थिति है जहाँ संतोष जीवन का आधार बनता है। अनियंत्रित संचय लालच, ईर्ष्या और तुलना को जन्म देकर परिवारों में तनाव और दूरी बढ़ाता है। तीर्थंकरों का संदेश है कि अनावश्यक संग्रह सबसे भारी बंधन है। आज जीवन दिखावे और 'और चाहिए' की दौड़ में फँसकर संबंधों के लिए समय व संवेदना खो रहा है। अपरिग्रह इच्छाओं को सीमित कर संतोष जगाता है, व्यर्थ खर्च घटाता है और घरों में शांति लाता है। साथ ही, यह प्रकृति पर दबाव कम कर संतुलित सह-अस्तित्व को बढ़ावा देता है।

**दृष्टि का विस्तार:** सत्य को किसी एक खांचे में बंद कर देना जैन दर्शन के अनेकांतवाद और स्यादवाद की भावना के विपरीत है, क्योंकि यहाँ हर सत्य को अनेक कोणों से देखने की कला सिखाई जाती है। जब 'मैं ही सही हूँ' की कठोरता टूटती है और 'दूसरे दृष्टिकोण में भी सच्चाई हो सकती है' की स्वीकार्यता जन्म लेती है, तब घर-परिवार की छोटी-छोटी बहसें भी संवाद में बदल जाती हैं। यही दृष्टि पीढ़ियों के बीच जमी बर्फ पिघलाकर समझ का पुल बनाती है, जहाँ मतभेद टकराव नहीं बल्कि परस्पर सम्मान और संतुलन का आधार बन जाते हैं।

**चरित्र की चेतना:** जैन जीवन-दृष्टि का आधार त्रिरत्न—सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र—है, जो विचार, समझ और आचरण को शुद्ध करते हैं। जैन परिवारों में प्रातः-सायं पूजा, स्वाध्याय, उपवास और परोपकार की परंपराएँ बचपन से संस्कार विकसित करती हैं। श्रमण संस्कृति बाहरी आडंबरों से दूर रहकर आत्मशुद्धि और आत्मनिरीक्षण को सर्वोच्च स्थान देती है। अहिंसा और अपरिग्रह ने जैन समाज को नैतिकता, सम्मान और समृद्धि प्रदान की है। गृहस्थ जीवन में अणुव्रत—अहिंसा, अपरिग्रह आदि—इच्छाओं को नियंत्रित कर जीवन को सादगी और संस्कृति से जोड़ते हैं।

**संस्कारों की पुनर्स्थापना:** संरक्षण और संस्कार-निर्माण की दिशा आवश्यक है। बाल्यकाल से णमोकार मंत्र, जैन कथाएँ और महावीर स्वामी का जीवन बच्चों में संस्कार रूप में बसाया जाए। सामूहिक भोजन, संयुक्त प्रार्थना और पर्व-उत्सव पारिवारिक संबंधों को सुदृढ़ करते हैं। सोशल मीडिया का संयमित उपयोग, स्वाध्याय और उपवास जीवन में अनुशासन लाते हैं। शिक्षा में नैतिक मूल्यों और जैन सिद्धांतों का समावेश आवश्यक है। जैन संगठन परिवार परामर्श केंद्रों तथा संयुक्त परिवार व्यवस्था को बढ़ावा दें। ध्यान, क्षमा और समता की साधना भीतर शांति लाकर परिवार को विघ्नों से सुरक्षित रखती है।

आदर्शों की कसौटी पर जैन धर्म का यह वचन आज भी प्रकाशमान है—'चरित्र ही धर्म है'। शुद्ध आचरण व्यक्ति, परिवार और संस्कृति की सबसे मजबूत ढाल है। संस्कृति का पतन आधुनिकता से नहीं, बल्कि मूल्यों के असंतुलन से होता है।

जैन दर्शन अहिंसा से करुणा, अपरिग्रह से संतोष, संयम से स्थिरता और अनेकांत से सहिष्णुता का मार्ग दिखाता है। जब ये मूल्य जीवन में उतरते हैं, तो पीढ़ियाँ सुरक्षित रहती हैं। सशक्त परिवार संस्कृति की धुरी है। इसलिए इन मूल्यों को अपनाकर संतुलित और करुण समाज का निर्माण आवश्यक है, क्योंकि जैन दर्शन केवल रक्षा नहीं, उत्थान का मार्ग है।

# मुख्यमंत्री ने लगभग दो हजार लोगों के साथ किया योगाभ्यास

## अणु में भारतीय खेल प्राधिकरण के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में आयोजित किया गया राज्य स्तरीय योग दिवस

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज जिला हमीरपुर के अणु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भाग लिया।

आयुष विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं और बच्चों सहित लगभग दो हजार लोगों के साथ करीब 45 मिनट तक योगाभ्यास किया।

उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन और धनवंतरि पूजन के साथ योगाभ्यास सत्र का शुभारंभ किया। उन्होंने आईडीवाई यानि इंटरनेशनल डे फॉर योगा से संबंधित एक पुस्तिका का विमोचन भी किया। इस पुस्तिका में योगासनों से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियों का संक्षेप संकलन किया गया है।

कार्यक्रम में आयुष, विधि, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविन्द्र गोमा, विधायक सुरेश कुमार और कैप्टन रणजीत सिंह, राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, कांग?ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया, राज्य नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं सलाहकार नरेश ठाकुर, ओबीसी वित एवं विकास निगम के उपाध्यक्ष डॉ. मोहन लाल, ओबीसी आयोग के सदस्य राजीव राणा, एपीएमसी अध्यक्ष अजय शर्मा, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमन भारती, पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा, सुभाष ढटवालिया, पार्टी के अन्य पदाधिकारी, आयुष विभाग की सचिव शाइनामोल, निदेशक रोहित जमवाल, उपायुक्त गंधर्वा राठौ?, एसपी बलवीर सिंह और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## प्रदेश के खिलाड़ियों को प्रदान कर रहे हैं बेहतरीन सुविधाएं : सुक्खू

अर्थ प्रकाश/अनिल कुमार शर्मा



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने जिला हमीरपुर के अणु स्थित साई के सेंटर आफ एक्सीलेंस के प्रशिक्षुओं एवं युवा खिलाड़ियों तथा अन्य बच्चों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को वर्ल्ड क्लास सुविधाएं प्रदान करने के लिए कृत संकल्प है। इस क्रम में नादौन में लगभग 125 करोड़ रुपए का अत्याधुनिक इंडोर स्टेडियम बनाया जा रहा है, जिसे इसी वर्ष प्रदेश के खिलाड़ियों को समर्पित कर दिया जाएगा। इसमें तैराकी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल और टेनिस सहित 14 खेलों के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। राज्य स्तरीय योग दिवस समारोह एवं योगाभ्यास सत्र में भाग लेने के बाद खिलाड़ियों के साथ संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने इंटरनेशनल प्रतियोगिताओं के पदक विजेताओं के लिए करोड़ों रुपए की पुरस्कार राशि का प्रावधान किया है। एशियन गेम्स के स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए 3 करोड़ रुपए, रजत पदक विजेताओं के लिए 2 करोड़ और कांस्य पदक विजेताओं के लिए डेढ़ करोड़ रुपए तक के नकद पुरस्कार रखे गए हैं। इसी प्रकार ओलंपिक और अन्य इंटरनेशनल प्रतियोगिताओं में भी सराहनीय प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी करोड़ों रुपए के ईनाम दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सा? तीन वर्ष पहले प्रदेश सरकार ने कार्यभार संभालते ही खिलाड़ियों की डाइट मनी में कई गुणा वृद्धि की थी।

## पीएम के प्रयासों से दुनिया के 189 देशों में मनाया जा रहा है योग दिवस : कविंद्र गुप्ता

### राज्यपाल ने किया ऐतिहासिक रिज पर योगाभ्यास

अर्थ प्रकाश/अनिल कुमार शर्मा



**शिमला।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में आयोजित योग अभ्यास सत्र की अध्यक्षता करते हुए, राज्यपाल श्री कविंद्र गुप्ता ने कहा कि भारत की योग परम्परा को आज पूरा विश्व अपना रहा है। हमारा यह प्रयास रहना चाहिये कि हर घर में योग का प्रचार हो और हर व्यक्ति स्वस्थ हो, क्योंकि स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ मन का परिचायक है।

हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा आयुष विभाग के सहयोग से आयोजित इस योग अभ्यास सत्र में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के योग विभाग के विद्यर्थियों ने प्रतिभागियों को करीब डे? घंटे योग क्रिया का अभ्यास करवाया। राज्यपाल धर्मपत्नी एवं लेडी गवर्नर श्रीमती बिंदु गुप्ता के साथ प्रातः 11 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष श्री जय राम ठाकुर, नगर निगम के महापौर श्री सुरेंदर चौहान, पुलिस महा निदेशक श्री अशोक तिवारी, पुलिस तथा आयुष विभाग के अन्य अधिकारियों ने राज्यपाल और लेडी गवर्नर का स्वागत किया।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के योग विभाग के प्रोफेसर डॉ सत्य प्रकाश पाठक की देखरेख में आयोजित योग अभ्यास सत्र में प्राणायाम से लेकर अन्य महत्वपूर्ण आसन करवाये गए। राज्यपाल और लेडी गवर्नर ने योगाभ्यास कर सभी को प्रोत्साहित किया। इससे पूर्व, राज्यपाल ने सभी प्रतिभागियों को नशामुक्त हिमाचल की शपथ दिलाई। उन्होंने उत्कृष्ट योगाभ्यास करने वाले व्यक्तियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित भी किया।

बाद में, पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत में, राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास से आज दुनिया के 189 देश अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ''स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग'' की जो थीम है, उसके अनुरूप आज पूरा देश योग का संदेश दे रहा है।

गवर्नर ने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक सेहत को बेहतर बनाने में योग की अहमियत पर ?ौर दिया। उन्होंने कहा कि योग भारत के ऋषियों की एक अनमोल देन है, जिसे न सिर्फ़ शरीर को म?बूत बनाने, बल्कि मन और आत्मा को जो?ने के लिए बनाया गया था।

## वशिष्ट पब्लिक स्कूल में विशेष योग सत्र का आयोजन

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना, 21 जून।** वशिष्ट पब्लिक स्कूल, ऊना में बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास किया।

योग प्रशिक्षक द्वारा विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी तथा अन्य प्राणायाम की विधियों का अभ्यास करवाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करना तथा उनके जीवन में योग के महत्व को समझाना था।

विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने भी योग सत्र में भाग लिया और विद्यार्थियों को प्रतिदिन योग अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ और लचीला बनाता है, बल्कि मन को भी शांत, एकाग्र और सकारात्मक बनाए रखने में सहायक होता है। विद्यालय के निदेशक अनुज वशिष्ट ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में बच्चों पर पढ़ाई, प्रतियोगिताओं और डिजिटल जीवनशैली का अत्यधिक दबाव है, जिससे तनाव और मानसिक अस्थिरता बढ़ रही है। ऐसे में योग एक प्रभावी माध्यम है, जो शारीरिक सुदृढ़ता के साथ-साथ मानसिक शांति, आत्मविश्वास और संतुलन प्रदान करता है।

## टाहलीवाल फायर पोस्ट बना सब फायर स्टेशन 16 नए पद और दो अत्याधुनिक वाहन मंजूर

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना, 21 जून** हरोली विधानसभा क्षेत्र को प्रदेश सरकार ने एक और बड़ी सौगात दी है। सरकार ने टाहलीवाल फायर पोस्ट को तत्काल प्रभाव से सब फायर स्टेशन के रूप में अपग्रेड करने की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही 16 नए पदों के सृजन तथा दो अत्याधुनिक अग्निशमन वाहनों की व्यवस्था को भी मंजूरी प्रदान की गई है।

उपमुख्यमंत्री एवं हरोली के विधायक मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि टाहलीवाल औद्योगिक क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार को देखते हुए लंबे समय से सब फायर स्टेशन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। प्रदेश सरकार ने जनहित को प्राथमिकता देते हुए इस मांग को पूरा किया है।

जारी अधिसूचना के अनुसार नए सब फायर स्टेशन में एक सब फायर अधिकारी, एक लीडिंग फायरमैन, 10 फायरमैन तथा चार ड्राइवर-कम-पंप ऑपरेटर के पद सृजित किए गए हैं। इसके अलावा स्टेशन के लिए एक वाटर ब्राउजर और एक सीओ-2 फायर वाहन भी उपलब्ध कराया जाएगा।

## नौणी में मनाया 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में रविवार को विश्वविद्यालय के खेल परिसर में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' पर विशेष जोर दिया गया, जो जीवन भर शारीरिक स्फूर्ति, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक दृढ़ता बनाए रखने में योग की भूमिका को रेखांकित करती है।

कार्यक्रम में योगानंद स्कूल ऑफ स्पिरिचुअलिटी एंड हैप्पीनेस के विशेषज्ञों ने योग सत्रों का संचालन किया। इस दल में विभागाध्यक्ष डॉ. निधीश यादव तथा संकाय सदस्य डॉ. रमा मिश्रा और गौतम साहू शामिल थे।

विश्वविद्यालय की अनुसंधान निदेशक डॉ. देविना वैद्य ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के महत्व एवं इसकी उत्पत्ति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली ने जहां जीवन को सुविधाजनक बनाया है, वहीं तनाव एवं जीवनशैली से जुड़ी अनेक बीमारियों को भी जन्म दिया है। 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' विषय का उल्लेख करते हुए डॉ. वैद्य ने कहा कि नियमित योगाभ्यास सभी आयु वर्ग के लोगों को स्वस्थ रहने, शरीर की लचक एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने में सहायता करता है। उन्होंने सभी से स्वस्थ एवं तनावमुक्त जीवन के लिए योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में विशेष योग सत्र



**ऊना, 21 जून (रोहित शर्मा)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ऊना के कॉन्फ्रेंस हॉल में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों तथा डिफेंस अकादमी ऊना के कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। सैनिक कल्याण विभाग ऊना के उपनिदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) एस.के. कालिया ने कहा कि योग शारीरिक व्यायाम से आगे शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को अनुशासित, स्वस्थ और तनावमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देता है तथा प्रत्येक व्यक्ति को योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सैनिक जीवन में शारीरिक क्षमता के साथ-साथ मानसिक दृढ़ता और आत्म-अनुशासन भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं तथा योग इन गुणों को विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने पूर्व सैनिकों और युवाओं से नियमित योगाभ्यास अपनाने का आह्वान किया।

### 460 एनसीसी कैडेट्स व स्टाफ ने किया योगाभ्यास



**सोलन (यशपाल)।** पहली हिमाचल (ब्वॉयज) बटालियन एनसीसी, सोलन द्वारा बद्दी स्थित चितकारा यूनिवर्सिटी परिसर में आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एटीसी) के सातवें दिन विश्व योग दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर करीब 500 लोगों, जिनमें 460 एनसीसी कैडेट्स, अधिकारी एवं पीआई स्टाफ शामिल थे, ने एक साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ, तनावमुक्त और निरोग जीवन का संकल्प लिया। प्रथम हिमाचल (ब्वॉयज) बटालियन, सोलन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजीव थॉमस ने कहा कि शिविर के दौरान 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस विषय रहा- स्वस्थ आयु के लिए योग। कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। विश्व योग दिवस के अवसर पर विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें आयुष विभाग, बद्दी से आईं डॉ. वर्षा ठाकुर तथा योग प्रशिक्षक सुरेंद्र ने कैडेट्स, अधिकारियों एवं पीआई स्टाफ को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया।

## योग तनावमुक्त जीवन का साधन, स्वस्थ और शांतिपूर्ण विश्व निर्माण का प्रभावी माध्यम : अनुराग सिंह ठाकुर

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज मुंबई के नाना चौक स्थित सेवा सदन में योगाभ्यास किया तथा आधुनिक जीवन में योग की उपयोगिता पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योग तनावमुक्त जीवन का साधन है तथा एक स्वस्थ, संतुलित और शांतिपूर्ण विश्व के निर्माण की दिशा में सार्थक माध्यम है।

इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम ÷स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग÷ रही। सेवा सदन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में एसआरएमडी वेलनेस की ग्लोबल हेड आत्मार्पित डॉ. मानसीजी के मार्गदर्शन में योग, ध्यान एवं साउंड हीलिंग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें अनुराग सिंह ठाकुर और महाराष्ट्र सरकार के मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा भी उपस्थित रहे। योगाभ्यास के साथ आयोजित ध्यान एवं ध्वनि चिकित्सा के अनुभव ने प्रतिभागियों को आंतरिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का विशेष अनुभव कराया। सेवा सदन जैसे सेवा और समर्पण के केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम ने योग, ध्यान और मानवीय संवेदनाओं के समन्वय का सशक्त संदेश दिया। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक स्पष्टता, आध्यात्मिक शांति और शारीरिक सुदृढ़ता का समग्र माध्यम है। आधुनिक जीवन की भागदौड़ और बढ़ते तनाव के बीच योग एक स्वस्थ, सशक्त और एकाग्र समाज के निर्माण का प्रभावी साधन बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति को शरीर, मन और आत्मा के संतुलन की दिशा में प्रेरित करता है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग का एक प्राचीन भारतीय परंपरा से विश्वव्यापी जन-आंदोलन के रूप में विकसित होना भारत की सांस्कृतिक कूटनीति और उसकी प्रभावशाली सॉफ्ट पावर का सशक्त उदाहरण है। भारत ने अपनी इस अमूल्य विरासत को पूरी दुनिया के साथ साझा कर शांति, स्वास्थ्य और वैश्विक एकता का संदेश दिया है, जिससे विभिन्न देशों और संस्कृतियों के बीच संवाद, सहयोग और सौहार्द को नई दिशा मिली है।

उन्होंने देशवासियों से योग को अपनी दैनिक जीवनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से स्वस्थ, समर्थ और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

## डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी से सतर्क रहने की अपील : एसपी सचिन हीरेमठ

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना, 21 जून।** पुलिस अधीक्षक ऊना सचिन हीरेमठ ने आम जनता को ÷डिजिटल अरेस्ट÷ के नाम पर हो रही साइबर ठगी से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून में ÷डिजिटल अरेस्ट÷ जैसी कोई भी कानूनी अवधारणा मौजूद नहीं है। इसके नाम पर लोगों को डराना-धमकाना पूरी तरह से ठगी का तरीका है।

साइबर पुलिस के अनुसार ऐसे मामलों में ठगों का तरीका लगभग एक-सा होता है। वे अचानक फोन कर गंभीर अपराधों में फंसाने की बात कहते हैं, तत्काल कार्रवाई का दबाव बनाते हैं, बैंक खाते फ्रीज करने या मीडिया में नाम आने की धमकी देते हैं। ठग पीड़ित को मानसिक रूप से डराने के लिए उसे अकेला रहने और किसी से बात न करने को कहते हैं तथा पैसे को ÷सुरक्षित÷ या ÷सरकारी खाते÷ में ट्रांसफर करने का निर्देश देते हैं। कई बार भरोसा जीतने के लिए फर्जी पहचान पत्र, नकली सरकारी दस्तावेज, यहां तक कि वर्दी और सरकारी लोगो के साथ वीडियो कॉल का भी सहारा लिया जाता है। पुलिस अधीक्षक सचिन हीरेमठ ने लोगों से अपील की है कि ऐसे किसी भी कॉल या संदेश पर घबराएं नहीं।

## एसजेवीएन ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

अर्थ प्रकाश सवांददाता



**शिमला।** भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कर्मचारियों को शारीरिक स्वास्थ्य, समग्र कल्याण, मानसिक सजगता तथा आंतरिक सामंजस्य के लिए नियमित रूप से योग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

एसजेवीएन ने कारपोरेट मुख्यालय, शिमला तथा भारत और नेपाल स्थित समस्त कार्यालयों एवं परियोजनाओं में हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया।

अजय कुमार शर्मा, निदेशक (कार्मिक) ने 412 मेगावाट रामपुर जलविद्युत स्टेशन, हिमाचल प्रदेश में आयोजित विशेष योग सत्र का शुभारंभ किया तथा उसमें भाग लिया। इस अवसर पर श्री विकास मारवाह, परियोजना प्रमुख (रामपुर एचपीएस), विवेक शर्मा, परियोजना प्रमुख (लूहरी-1 एचईपी) तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने योगाभ्यास किया।

पार्थजीत डे, निदेशक (वित्त) ने एसजेवीएन के सम्पर्क कार्यालय, नई दिल्ली में योग सत्र का शुभारंभ किया तथा वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ इस योग सत्र में योगाभ्यास किया। राजेश कुमार चंदेल, निदेशक (परियोजनाएं) ने निगम मुख्यालय, शिमला में आयोजित योग सत्र का शुभारंभ किया तथा उसमें सहभागिता की। इस अवसर पर विभागाध्यक्षों, वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी इस सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया।

इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' शारीरिक सुदृ?ता, लचीलापन, स्फूर्ति एवं मानसिक दृढ़ता को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डालती है, जिससे व्यक्ति बढ़ती आयु में भी स्वस्थ, सक्रिय एवं संतुलित जीवन व्यतीत कर सकें। योग सत्रों के दौरान विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान तकनीकों का अभ्यास कराया, जिनका उद्देश्य शारीरिक सुदृ?ता, मानसिक स्वास्थ्य तथा आध्यात्मिक सामंजस्य को सुदृढ़ करना था।

## योग शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से बनाता है स्वस्थ एवं सशक्त : राजेश

### बलोह और त्यून खास में योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में तकनीकी शिक्षा मंत्री ने की शिरकत

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा



**घुमारवीं (बिलासपुर), 21 जून।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के बलोह तथा त्यून खास में जिला आयुष विभाग के सौजन्य से आयोजित योग शिविरों में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों, स्थानीय लोगों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ विभिन्न योगासनों का अभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि योग हमारी दिनचर्या का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए तथा नियमित रूप से अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने कहा कि योग का वास्तविक लाभ तभी प्राप्त होगा, जब इसे नियमित तौर पर सही विधि के अनुसार किया जाए। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ आत्मा का निवास होता है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति ही अपने परिवार, समाज, प्रदेश तथा देश के विकास में प्रभावी योगदान दे सकता है।

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में तनाव अनेक बीमारियों का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। ऐसे में लोगों को योग और ध्यान के माध्यम से स्वयं को तनाव मुक्त रखने का प्रयास करना चाहिए। योग जहां मानसिक शांति प्रदान करता है तो वहीं सकारात्मक ऊर्जा का भ प्रवाह करता है। उन्होंने सभी लोगों से प्रतिदिन योग करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।

इसके उपरांत राजेश धर्माणी ने त्यून खास स्थित प्राचीन किलों एवं ऐतिहासिक स्थलों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्व से परिपूर्ण है तथा इसे पर्यटन की दृष्टि से विकसित किए जाने की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। पर्यटन मानचित्र पर इस क्षेत्र को स्थापित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक पर्यटक यहां आ सकें और स्थानीय लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एक इको-टूरिज्म समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

# छात्रों के भविष्य की सुरक्षा को लेकर उठी आवाज

## एनएसयूआई का हस्ताक्षर अभियान, नीट परीक्षा केंद्र के बाहर छात्रों और अभिभावकों ने किया समर्थन

अर्थ प्रकाश/आदर्श यादव



**सुंदरनगर (मंडी )21 जून।** नीट परीक्षा के दौरान पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुंदरनगर में स्थापित परीक्षा केंद्र के बाहर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) सुंदरनगर इकाई द्वारा छात्र एवं अभिभावक हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। अभियान का नेतृत्व एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष कर्ण सिंह ने किया।

अभियान में परीक्षा देने आए छात्रों और उनके अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा शिक्षा व्यवस्था में सुधार और प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग का समर्थन किया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कहा कि देशभर में सामने आ रही परीक्षा अनियमितताओं ने लाखों युवाओं के भविष्य को प्रभावित किया है, जिसके खिलाफ आवाज उठाना आवश्यक है।

कर्ण सिंह ने कहा कि युवा अपने सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करता है, लेकिन प्रश्नपत्र लीक और परीक्षा प्रणाली की खामियां उसकी मेहनत को नुकसान पहुंचाती हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों का भविष्य किसी भी राजनीति से ऊपर है और उनकी मेहनत के साथ खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने मांग की कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को अधिक जवाबदेह बनाया जाए, प्रतियोगी परीक्षाओं में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, कोचिंग संस्थानों की मनमानी पर रोक लगाई जाए तथा छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए विशेष सहायता तंत्र विकसित किया जाए। साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई गई।

एनएसयूआई ने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल हस्ताक्षर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि छात्रों के अधिकारों और बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए संगठन का संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। अभियान में एकत्रित हस्ताक्षरों को संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र सरकार को भेजा जाएगा।

इस अवसर पर एनएसयूआई जिला संगठन महासचिव माहित ठाकुर, संजय, जाह्नवी, मुस्कान, साहिल, कृष्णा तथा सुंदरनगर इकाई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एनएसयूआई ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**शिमला।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) जिला मंडी द्वारा रविवार को वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में स्थापित नीट परीक्षा केंद्र के बाहर फ्रनीट छात्र एवं अभिभावक हस्ताक्षर अभियानफ्र चलाया गया। इस अभियान में बड़ी संख्या में छात्रों एवं अभिभावकों ने भाग लेकर अपने हस्ताक्षर किए तथा छात्रों के न्याय एवं सुरक्षित भविष्य की मांग को समर्थन दिया। अभियान का नेतृत्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अनित जसवाल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देशभर में लगातार सामने आ रहे प्रश्नपत्र लीक मामलों, शिक्षा व्यवस्था में बढ़ती अव्यवस्थाओं तथा छात्रों पर बढ़ते मानसिक दबाव ने युवाओं के भविष्य को संकट में डाल दिया है। लाखों छात्र वर्षों तक कठिन परिश्रम करके प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन बार-बार होने वाली अनियमितताओं के कारण उनकी मेहनत और सपनों पर आघात पहुंचता है। उन्होंने कहा कि छात्रों के हितों की रक्षा तथा शिक्षा व्यवस्था में सुधार के उद्देश्य से एनएसयूआई ने यह हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है, ताकि छात्रों और अभिभावकों की आवाज सरकार तक पहुंचाई जा सके। अभियान के माध्यम से एनएसयूआई ने अपनी प्रमुख मांगों को भी रखा। संगठन ने मांग की कि बार-बार हो रहे प्रश्नपत्र लीक, छात्रों की बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं तथा शिक्षा व्यवस्था की बदहाल स्थिति की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपने पद से इस्तीफा दें।



## जरूरतमंद बच्चों के लिए नि:शुल्क जिउ-जित्सु एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण शुरू

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**मनाली (कुल्लू), 21 जून।** बच्चों और युवाओं को आत्मरक्षा के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और जीवन कौशल से सशक्त बनाने के उद्देश्य से गार्डियन इंडिया ने बिग माउंटेन जिउ-जित्सु, मनाली के सहयोग से गार्डियन जिउ-जित्सु स्कॉलरशिप प्रोग्राम की शुरुआत की है। इस पहल के तहत आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद बच्चों को पूरी तरह नि:शुल्क जिउ-जित्सु और सेल्फ-डिफेंस प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मनाली के भजोगी स्थित ऑक्सीजन फिटनेस जिम में प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को सायं 4ः00 से 5ः00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं को बिना किसी शुल्क के प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि आर्थिक स्थिति उनके सीखने और आगे बढ़ने में बाधा न बने।

आयोजकों ने बताया कि जिउ-जित्सु केवल एक मार्शल आर्ट नहीं, बल्कि एक प्रभावी आत्मरक्षा प्रणाली है, जो बच्चों को कठिन परिस्थितियों में शांत रहना, स्वयं की सुरक्षा करना और बिना अनावश्यक हिंसा के स्थिति को नियंत्रित करना सिखाती है। इसके साथ ही यह खेल शारीरिक फिटनेस, मानसिक मजबूती, अनुशासन, सम्मान, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सामाजिक व्यवहार विकसित करने में भी सहायक है। गार्डियन जिउ-जित्सु स्कॉलरशिप प्रोग्राम का उद्देश्य ऐसे बच्चों और युवाओं तक प्रशिक्षण की सुविधा पहुंचाना है, जो आर्थिक कारणों से इस प्रकार के खेलों और प्रशिक्षण से वंचित रह जाते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें न केवल आत्मरक्षा का प्रशिक्षण मिलेगा, बल्कि अनुभवी प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन और एक सुरक्षित एवं प्रेरणादायक वातावरण भी उपलब्ध कराया जाएगा।

# शरीर व मन को स्वस्थ रखने के लिए योग आवश्यक : विनोद सुल्तानपुरी

12वां अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि तनाव व भाग-दौ? वाले समय में शरीर व मन को स्वस्थ रखने के लिए योग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास से कई शारीरिक व मानसिक लाभ होते है। विनोद सुल्तानपुरी आज परवाणू में 12वें अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे।

विनोद सुल्तानपुरी ने कहा की योग हमारी अत्यंत प्राचीन और समृद्ध परंपरा है। आज पूरे विश्व द्वारा योग को अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा की सभी को दैनिक जीवन में योग को अपनाना चाहिए ताकि हम एक दीर्घायु और निरोगी जीवन का आनंद ले सकें। उन्होंने युवाओं से विशेष तौर पर आग्रह किया कि वह नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहकर अपनी ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाएं। योग, खेल व अन्य व्ययाम को अपनाये और अपने भविष्य को उजाले की और ले जाएं। जिला आयुष अधिकारी सोलन डॉक्टर निशा वर्मा पंवार ने इस अवसर पर अंतर्राष्टीय योग दिवस के विषय %योग फॉर हेल्दी एजिंग% थीम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था में शरीर को सक्रिय, निरोग और मानसिक रूप से शांत रखने में योग एक सच्चे साथी की भूमिका निभाता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला के सभी उपमंडलीय स्तरों, अस्पतालों, आयुष आरोग्य मंदिरों तथा विभिन्न चिन्हित स्थानों पर भी योग शिविरों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिला योग नोडल अधिकारी डॉ. मंजेश्वर शर्मा व डॉ सोनिया धीमान, विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी, स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधि, युवा मंडल, निजी व सरकारी स्कूलों के छात्र, एनसीसी व अन्य खेल से जुड़े बच्चों सहित लगभग 500 लोग उपस्थित थे।



# लकड़ी से लदी गाड़ियां पकड़ी

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना, 21 जून।** वन मंडल अधिकारी ऊना विकल्प यादव, भा. व. से. के निर्देशानुसार वन परिक्षेत्र अधिकारी ऊना अंकुश ठाकुर के नेतृत्व में प्रदीप सिंह ब्लाक ऑफिसर रोहित धीमान ब्लाक आफिसर सुभाष चंद वन रक्षक तथा जोगिंदर सिंह वन कर्मी पर आधारित टीम द्वारा मैहतपुर में जांच के लिए दो गाड़ियों को रोका गया । गाडियां तरपाल से ढकी थी । तरपाल हटाने पर गाड़ियों गाड़ी न. ॥क्क72ष्ठ4285 व ॥क्क72ष्ट7560 में प्रतिबंधित तथा कुछ खुली प्रजाति की लकड़ी लदी हुई पाई गई । वन विभाग द्वारा पूछने पर गाड़ियों के चालक लकड़ी वन विभाग की टीम को लकड़ी के परिवहन संबंधी कोई भी दस्तावेड़ न दिखा सके । विभाग द्वारा भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 41 व 42 के तहत कार्यवाही करते हुए गाडियों को जब्त कर घण्ड़ावल नर्सरी डिपो ले जाया जा रहा है । वन मंडल अधिकारी श्री विकल्प यादव जी के अनुसार वन विभाग वन अपराधों की रोकथाम के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रहा है।

# असहाय सेवा समिति के नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर में 170 लोगों ने करवाई जांच

ईसीजी, ईको जांच और दवाइयों का किया गया नि :शुल्क वितरण, विशेषज्ञ हृदय रोग चिकित्सकों ने दी सेवाएं

अर्थ प्रकाश/आदर्श यादव



**सुंदरनगर (मंडी )21 जून।** असहाय सेवा समिति सुंदरनगर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार को होटल ब्यास व्यू में निऱ्शुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सुंदरनगर तथा आसपास के क्षेत्रों से आए 170 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया।

समिति के स्वास्थ्य उपसमिति प्रभारी ई. के.एस. जम्वाल तथा सचिव ई. जे.पी. गुप्ता ने बताया कि शिविर के दौरान हृदय रोग से संबंधित विभिन्न जांचें निःशुल्क की गई। साथ ही मरीजों की ईसीजी, ईको जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयां भी वितरित की गई। शिविर में हिमाचल हृदय इंस्टीट्यूट, मांडव अस्पताल गुटकर के मुख्य कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. कुणाल महाजन, वरिष्ठ कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. जय भारत शर्मा तथा वरिष्ठ कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. सुरेंद्र कुमार ने अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान कीं। चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें हृदय रोगों से बचाव एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सलाह भी दी। इस अवसर पर समिति के प्रधान प्रेम लाल सैनी, स्वास्थ्य उपसमिति प्रभारी ई. के.एस. जम्वाल, सचिव ई. जे.पी. गुप्ता सहित समिति के अन्य सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। नगर परिषद सुंदरनगर की अध्यक्षा एवं समिति की सदस्य रूमा चौहान ने भी विशेष रूप से शिविर में भाग लेकर आयोजन की सराहना की। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य आम लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। शिविर में लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

## न्यूज ब्रीफ

### नीट परीक्षा : सभी केंद्रों पर रहे कड़े सुरक्षा प्रबंध

**ऊना, 21 जून (रोहित शर्मा)।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला पुलिस ऊना पूरी तरह अलर्ट मोड पर रही। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। पुलिस अधीक्षक ऊना सचिन हीरेमठ ने बताया कि परीक्षा की गोपनीयता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए प्रश्न-पत्रों को कड़ी सुरक्षा के बीच संबंधित परीक्षा केंद्रों तक सुरक्षित पहुंचाया गया है। परीक्षा केंद्रों के आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने और किसी भी प्रकार की संदिग्ध या अवांछित गतिविधि पर नजर रखने के लिए विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है। परीक्षा से पहले सभी परीक्षा केंद्रों का व्यक्तिगत निरीक्षण कर सुरक्षा और कानून-व्यवस्था संबंधी तैयारियों की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिला पुलिस का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक अभ्यर्थी को सुरक्षित, शांत एवं अनुकूल वातावरण में परीक्षा देने का अवसर मिले। इसके लिए परीक्षा केंद्रों के आसपास विशेष सतर्कता बरती जा रही है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस टीमें तैयार रखी गई हैं।



# ताजमहल का टेंडर' के मंचन के साथ 'हिम रंग षष्ठी' के कुल्लू संस्करण का समापन

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू, 21 जून।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय रंगमंडल द्वारा कुल्लू में आयोजित तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन नाट्योत्सव 'हिम रंग षष्ठी' के कुल्लू संस्करण का समापन आज अटल सदन स्थित अंतरंग सभागार में रंगमंडल के बहुचर्चित एवं पिछले लगभग 28 वर्षों से निरंतर लोकप्रिय रहे नाटक 'ताजमहल का टेंडर' के प्रभावशाली मंचन के साथ हुआ।

इस अवसर पर रंगकर्म के क्षेत्र में प्रदेश के पहले हिमाचल गौरव सम्मान प्राप्त वरिष्ठ रंगकर्मी केहर सिंह ठाकुर मुख्यतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस नाटक की रचना अवकाश प्राप्त सिविल सेवा अधिकारी अजय शुक्ल ने की है, जबकि इसकी संगीत परिकल्पना एवं मूल निर्देशन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के निदेशक चित्तरंजन त्रिपाठी द्वारा किया गया है। उल्लेखनीय है कि लगभग 28 वर्ष पूर्व इस नाटक के प्रथम मंचन के समय चित्तरंजन त्रिपाठी स्वयं रंगमंडल के कलाकार थे और आज राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

कुल्लू में हुए इस मंचन का एक विशेष आकर्षण यह भी रहा कि कुल्लू निवासी राजेश शर्मा ने नाटक के लोकप्रिय पात्र 'भैयाजी' की भूमिका निभाई। गौरतलब है कि लगभग 28 वर्ष पूर्व जब इस नाटक का पहला मंचन हुआ था, तब भी राजेश शर्मा ने यही भूमिका निभाई थी। इतने लंबे अंतराल के बाद उसी पात्र को पुनः मंच पर जीवंत करना दर्शकों के लिए एक भावनात्मक और स्मरणीय अनुभव रहा।

नाटक 'ताजमहल का टेंडर' एक उत्कृष्ट व्यंग्य-रचना है, जिसकी मूल कल्पना अत्यंत रोचक है। नाटक यह प्रश्न उठाता है कि यदि मुगल सम्राट शाहजहाँ आज के दौर में ताजमहल जैसा स्मारक बनवाने का निर्णय लें और उन्हें सरकारी विभागों, कार्यालयों तथा प्रशासनिक प्रक्रियाओं से गुजरना पड़े, तो उन्हें किन-किन जटिल, हास्यास्पद और विडंबनापूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा।

# नशा तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो मामलों में 21.52 ग्राम चिट्टा बरामद

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू,21 जून।** जिला कुल्लू पुलिस द्वारा नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना मनाली एवं पुलिस थाना ब्रो की टीमों ने अलग-अलग कार्रवाइयों में मादक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत दो अभियोग दर्ज कर कुल 21.52 ग्राम हैरोइन (चिट्टा) तथा ?15,000/- भारतीय करेंसी बरामद की है।

प्रथम मामले में दिनांक 20.06.2026 को पुलिस थाना मनाली की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित एवं सुनियोजित कार्रवाई करते हुए गौतम कॉटेज, अलेउ, मनाली के समीप स्थित एक रिहायशी मकान में दबिश दी । तलाशी के दौरान उक्त मकान में किराये पर रह रहे युसूफ (30 वर्ष) पुत्र श्री हरदेव माशी निवासी गाँव एवं डाकघर धारीवाल, तहसील अजनाला, जिला अमृतसर (पंजाब), उसकी पत्नी (30 वर्ष) निवासी गाँव एवं डाकघर धारीवाल, तहसील अजनाला, जिला अमृतसर (पंजाब) तथा आशीष (28 वर्ष) पुत्र श्री सुच्चा सिंह निवासी गाँव नागकला, डाकघर मजाटा, तहसील एवं जिला अमृतसर (पंजाब) के कब्जे से 19.350 ग्राम हैरोइन (चिट्टा) एवं ?15,000/- भारतीय करेंसी बरामद की गई । इस संबंध में उपरोक्त आरोपियों के विरुद्ध पुलिस थाना मनाली में धारा 21, मादक पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

दूसरे मामले में पुलिस थाना ब्रो की टीम ने एंटी चिट्टा ड्राइव, फेज-द्वद्व के तहत सुनियोजित कार्रवाई करते हुए गाँव चाटी स्थित एक रिहायशी मकान में दबिश दी । तलाशी के दौरान अंकित ठाकुर (30 वर्ष) पुत्र श्री रमेश चन्द निवासी गाँव चाटी, डाकघर रामपुर, तहसील निरमण्ड, जिला कुल्लू (हि.प्र.), तथा उसके मित्र सन्नी एवं संजय पुत्र श्री वंदे कजूर निवासी वार्ड नं. 2, पाटबंगला, डाकघर एवं तहसील रामपुर, जिला शिमला (हि.प्र.) के कब्जे से *2.17 ग्राम हैरोइन (चिट्टा) बरामद किया गया । इस संबंध में उपरोक्त आरोपियों के विरुद्ध पुलिस थाना ब्रो में धारा 21 एवं 29, मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# योग ही स्वस्थ जीवन की वैज्ञानिक पद्धति : सुंदर सिंह

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू, 21 जून।** अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर कुल्लू के ऐतिहासिक ढालपुर रथ मैदान में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्ज्वलित कर योग शिविर का शुभारंभ किया।

अंतरराष्टीय योग दिवस पर आयोजित शिविर में 500 से अधिक लोगों में भाग लिया। शिविर में जिला प्रशासन के अधिकारी, नागरिक, युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों तथा योग साधकों ने भाग लिया और सामूहिक योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ एवं निरोग जीवन का संदेश दिया। आयुष विभाग द्वारा अनुभवी योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासनों, प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास किया।

विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने ि?ला वासियों को अंतर्राष्टीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र एवं वैज्ञानिक पद्धति है। योग शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित कर व्यक्ति को स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं के समक्ष मानसिक तनाव और नशे जैसी सामाजिक चुनौतियां बढ़ रही हैं। ऐसे में योग एक प्रभावी सुरक्षा कवच के रूप में कार्य कर सकता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा को योग, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में लगाने का आह्वान किया।

विधायक ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करे तो स्वस्थ, सशक्त एवं नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से नशामुक्ति के संकल्प को जन-आंदोलन बनाने का आग्रह किया।

शिविर में के प्रतिभागियों को ताड़ासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास कराया गया। साथ ही सभी ने जीवनभर नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

## योग केवल व्यायाम नहीं अपितु अपने अंत:करण में छिपी शक्तियों को जागृत करने का माध्यम है : बिहारी लाल शर्मा

**कुल्लू, 21 जून।** भारतीय जनता पार्टी जिला कुल्लू ने अंतर्राष्टीय योग दिवस को बड़े उत्साह के साथ भुंतर स्थित एयरपोर्ट पर मनाया। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे । कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अमित सूद, पूर्व प्रत्याशी नरोतम ठाकुर, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दानवेंद्र सिंह, अर्चना ठाकुर,महिला मोर्चा से मनीषा सूद के साथ साथ एयरपोर्ट अथॉरिटी भुंतर के अधिकारियों एवं स्थानीय जनता ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की।

पीतांजलि योगपीठ से बिंदिया सूद ने उपस्थित लोगों से योग करवाया और योग सम्बन्धित जानकारी दी। प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा ने कार्यक्रम के समापन पर संबोधित करते हुए कहा कि योग को केवल व्यायाम समझना उचित नहीं है अपितु योग हमारे ॠषि मुनियों द्वारा अपने आंतरिक अवलोकन एवं अंतःकरण में छिपी शक्तियों को जागृत करने का विज्ञान है। समृद्ध भारतीय इतिहास में ऐसे अनेक उदाहरण हैं जो योग की शक्तियों का वर्णन करते हैं और मनुष्य के अंदर छिपी आध्यात्मिक एवं आलौकिक शक्तियों की विस्तृत चर्चा करते हैं। पुरातन भारत में हमारा विज्ञान एवं संस्कृति कितनी समृद्ध थी योग उसका सबसे बड़ा उदाहरण है जिसको केंद्र में रख कर दूसरे देशों ने अनेकों मार्शल आर्ट तकनीकों का अनुसंधान किया।

योगा डे | सुंदरनगर के आंगनवाड़ी केंद्रों में धूमधाम से मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

# बच्चों, महिलाओं और ग्रामीणों को बताया योग का महत्व

अर्थ प्रकाश/आदर्श यादव



**सुंदरनगर, (मंडी) 21 जून।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बाल विकास परियोजना सुंदरनगर के अंतर्गत विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में योग दिवस उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

बाल विकास परियोजना अधिकारी सुंदरनगर पूनम चौहान ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में योग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें प्रतिभागियों को योग के महत्व तथा नियमित योगाभ्यास से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि योग प्रशिक्षकों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतिभागियों को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, प्राणायाम तथा ध्यान सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रतिदिन योग करने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी योग अपनाने के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक योग गतिविधियों में भाग लिया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने संतुलित आहार, स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए नियमित योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

# योग स्वस्थ समाज की आधारशिला : इंद्रजीत सिंह

## प्रोफेसर सतीश गंधर्व बोले- स्वस्थ भारत के संकल्प को साकार करने में प्रभावी साबित हो रहा है योग

**पंचकूला, 21 जून।** चंडीगढ़ स्थित सेक्टर-17 योगमय वातावरण से सराबोर हो उठा। हर रोज तरह की सेक्टर-17 में पूरी चहल-पहल दिखी, लेकिन रविवार को स्वास्थ्य, साधना और सकारात्मक ऊर्जा का अद्भुत संगम दिखाई दिया। मौका था, 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य योग समारोह का। योग समारोह में साधकों ने सामान्य योगाभ्यास किया। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकूला द्वारा 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चंडीग? सेक्टर-17 स्थित नीलम सिनेमा के सामने प्लाजा मार्केट में भव्य योग समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पद्मश्री पूर्व आईपीएस इंद्रजीत सिंह सिद्धू ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर इंडियन योग एसोसिएशन चंडीग? के महासचिव डॉ. प्रदीप अग्निहोत्री और हरियाणा सक्षम महिला समाजसेवी संस्था की अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा मौजूद रहीं। समारोह की अध्यक्षता संस्थान के डीन इंचार्ज प्रोफेसर सतीश गंवर्ध ने की। समारोह में पहुंचने पर डीन इंचार्ज प्रोफेसर सतीश गंधर्व तथा योग आयोजन समिति के चेयरमैन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. समित मसंद ने मुख्यातिथि का पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया। इसके साथ ही, मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंटकर और शॉल ओ?ाकर सम्मानित किया गया। आयुष मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में राष्ट्रीय आयुर्वेद्र संस्थान के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) संजीव शर्मा और डीन प्रोफेसर गुलाब पमनानी के मार्गदर्शन में संस्थान योग को जन-जन पहुंचाने की मुहिम को गति दे रहा है। मुख्यातिथि पद्मश्री एवं पूर्व आईपीएस इंद्रजीत सिंह सिद्धू ने कहा कि योग स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। योग दिवस का यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का ऐसा जनआंदोलन है जोकि स्वस्थ, संतुलित और जागरूक जीवनशैली का मजबूत स्रोत है। डीन इंचार्ज प्रोफेसर सतीश गंधर्व ने योग के माध्यम से रोगमुक्त जीवन, मानसिक शांति और सामाजिक समरसता के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया गया।





### एमसीएम कॉलेज में उत्साहपूर्वक मनाया योग दिवस

**चंडीगढ़।** मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर विमेन (एमसीएम), चंडीगढ़ में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयों के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों के बीच योग तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से हुई, जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश प्रसारित किया गया। उन्होंने योग को शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और वैश्विक सद्भाव का प्रभावी माध्यम बताया। इसके बाद एनएसएस स्वयंसेवकों और खेल विद्यार्थियों ने कॉमन योगा प्रोटोकॉल पर आधारित योग सत्र का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, पदहस्तासन और मकरासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। साथ ही कपालभाति, भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास भी कराया गया। ार्यक्रम में लगभग 100 विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया।

### पंचकूला जिला कोर्ट परिसर में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**पंचकूला, 21 जून।** जिला कोर्ट कॉम्प्लेक्स की अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री कीर्ति वशिष्ठ ने बताया कि पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट, चंडीगढ़ के निर्देशों के अनुसार, सेक्टर-1, पंचकूला स्थित ज़िला कोर्ट कॉम्प्लेक्स में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बहुत उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में पंचकूला के अतिरिक्त ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अमित शर्मा, पंचकूला की न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री अभिधा गुप्ता और कालका के एसडीजेएम श्री अभिमन्यु राजपूत शामिल हुए। इस अवसर पर पंचकूला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश शर्मा और बार एसोसिएशन के सदस्य भी मौजूद थे। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए, पंचकूला के एडीजे अमित शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और ज़ोर दिया कि शारीरिक फिटनेस, मानसिक शांति और भावनात्मक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए योग ज़रूरी है। उन्होंने सभी को स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने के लिए अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। पंचकूला की एसीजेएम कीर्ति वशिष्ठ ने भी सभा को संबोधित किया और योग के महत्व व फायदों के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि योग का नियमित अभ्यास तनाव कम करने, एकाग्रता बढ़ाने, अनुशासन को बढ़ावा देने और मन व शरीर के बीच तालमेल सुनिश्चित करने में मदद करता है।





### योग के रंग में रंगा एसडी कॉलेज, विद्यार्थियों-शिक्षकों ने अपनाया स्वस्थ जीवन का मंत्र

**चंडीगढ़।** सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज, चंडीगढ़ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 पूरे उत्साह, ऊर्जा और उमंग के साथ मनाया गया। कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में 200 से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने हिस्सा लेकर योग को स्वस्थ और संतुलित जीवन का आधार बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशेषज्ञ योग प्रशिक्षकों की देखरेख में आयोजित योग सत्र के साथ हुआ। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को विभिन्न योग आसनों, प्राणायाम, श्वास तकनीकों और ध्यान अभ्यासों का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान कॉमन योग प्रोटोकॉल का पालन करते हुए प्रतिभागियों ने योग की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास किया और इसके शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों को समझा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने वाली जीवन पद्धति है। नियमित योगाभ्यास तनाव कम करने, मानसिक शांति बढ़ाने और बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखने में सहायक है। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी और विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के व्यस्त जीवन में योग शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक शांति और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बनाती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

## न्यूज ब्रीफ

### मेयर सौरभ जोशी ने चंडीगढ़ के DGP सागर प्रीत हुड्डा की माताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया

**चंडीगढ़ (वीरेन्द्र सिंह)।** चंडीगढ़ के मेयर श्री सौरभ जोशी ने आज रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक सागर प्रीत हुड्डा की माताजी, स्वर्गीय किताब कौर की याद में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया। दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए, मेयर ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और इस कठिन समय में ष्ठत्नक्कश्री सागर प्रीत हुड्डा और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपना समर्थन जताया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार के सदस्यों को इस अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति, साहस और सांत्वना मिलने की प्रार्थना की।



### छोटा त्रिलोकपुर के बाबा बंगाली डेरे में वार्षिक भंडारे का आयोजन



**पंचकूला।** जिला के अंतर्गत आते छोटा त्रिलोकपुर स्थित डेरा समाध बाबा बंगाली पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष की रविवार को वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गांवों तथा डेरा के प्रति आस्था रखने वाले दूर-दराज के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। डेरा समाध बाबा बंगाली समिति के प्रतिनिधियों के अनुसार यहां हर साल जेठ माह की सप्तमी के अवसर पर बाबा बंगाली की याद में हवन यज्ञ का आयोजन किया जाता है। वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार आज सुबह भी यहां हवन यज्ञ के बाद यहां आई संगत ने भंडारे में भाग लिया।

### एसबीआई ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया



**चंडीगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक ने इस वर्ष की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग के अनुरूप अपने स्थानीय प्रधान कार्यालय, सेक्टर 17, चंडीगढ़ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 का आयोजन किया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (एफ एंड ओ) श्री प्रवीण कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। सत्र का संचालन योग शिक्षक श्री उमेश मित्तल द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों को शारीरिक कल्याण, मानसिक स्पष्टता और समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न योग अभ?यासों के माध्यम से मार्गदर्शन किया। प्रवीण कुमार ने स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने, तनाव कम करने और समग्र कल्याण में सुधार के लिए योग को दैनिक जीवन में शामिल करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कर्मचारियों को शारीरिक फिटनेस और मस्तिष?क का लचीलापन बनाए रखने के लिए योग को नियमित अभ्यास के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सतलुज पब्लिक स्कूल में विशेष योग कार्यक्रम



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 21 जून।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सेक्टर-4 स्थित सतलुज पब्लिक स्कूल में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ विभिन्न योग गतिविधियों में भाग लिया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्रों ने विभिन्न योगासन, स्ट्रेचिंग अभ्यास और प्राणायाम किए। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को बताया गया कि योग केवल शारीरिक फिटनेस का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, आत्म-अनुशासन और भावनात्मक संतुलन प्राप्त करने का प्रभावी उपाय भी है। योगाभ्यास से शरीर को मजबूती, मन को एकाग्रता और जीवन में सकारात्मक सोच विकसित करने में सहायता मिलती है।

सतलुज ग्रुप ऑफ स्कूल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर रीकृत सेराई ने अपने संदेश में कहा कि योग भारत की विश्व को दी गई अनमोल देन है। यह शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक और भावनात्मक विकास का भी आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने योग के माध्यम से स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन के महत्व को समझा। इस अवसर ने सभी को स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक जीवन मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## स्वास्थ्य, अनुशासन व सकारात्मक जीवनशैली को समर्पित संत निरंकारी मिशन ने ट्राईसिटी में किया योगाभ्यास

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़/पंचकूला/मोहाली 21 जून।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन आशीर्वाद से अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संत निरंकारी मिशन की विभिन्न शाखाओं में योग एवं आध्यात्मिक जागरूकता पर केंद्रित कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया।

इसी क्रम में चंडीगढ़ जोन के ज़ोनल इंचार्ज श्री ओ पी निरंकारी जी ने जानकारी सांझा करते हुए बताया कि संत निरंकारी मिशन की शाखा संत निरंकारी सत्संग भवन सेक्टर 30 चंडीग?, मनीमाजरा, पंचकुला और मोहाली फेस 6, टी डी आई सिटी, ट्राइसिटी के सभी संत निरंकारी सत्संग भवनों पर योग दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन हुआ। कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्तों, सेवादल स्वयंसेवकों एवं स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता की। अनुभवी योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित योग सत्र में सेकड़ों प्रतिभागियों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। सतगुरु माता जी अक्सर अपने विचारों में 'स्वस्थ मन सहज जीवन% का उल्लेख करते हुए बताया कि हमारा शरीर निरंकार प्रभु की देन है जिसे स्वस्थ रखना हमारा मूल कर्त्तव्य है इसलिए दीर्घआयु और सक्रिय सफल जीवन के लिए योग नितांत आवश्यक है।



इस वर्ष अंतर्राष्टीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थी, जिसने यह संदेश दिया कि वास्तविक स्वास्थ्य शारीरिक, मानसिक और आत्मिक संतुलन का समन्वित स्वरूप है। इसी भावना के अनुरूप संत निरंकारी मिशन ने योग को आत्मजागृति, अनुशासन और सकारात्मक जीवन दृष्टि का सशक्त माध्यम बताते हुए जन-जागरूकता को प्रोत्साहित किया।

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सचिव आदरणीय श्री जोगिन्दर सुखीजा जी के अनुसार, मिशन द्वारा देशभर के 1500 से अधिक केंद्रों पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देना था।

निसंदेह निरंकारी मिशन द्वारा आयोजित यह जनकल्याणकारी अभियान समाज को स्वास्थ्य, जागरूकता और सकारात्मक जीवन मूल्यों के प्रति प्रेरित करते हुए समग्र कल्याण का संदेश प्रदान करता है।

## विश्व संगीत दिवस : कलाकारों ने बिखेरा संगीत का जादू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** विश्व संगीत दिवस के अवसर पर चंडीगढ़ संगीत नाटक अकादमी द्वारा रानी लक्ष्मीबाई महिला भवन में एक रंगारंग सांगीतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगीत प्रेमियों, कलाकारों और प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे परिसर को सुरों की मधुर धुनों से सराबोर कर दिया।

समारोह का शुभारंभ अकादमी की चेयरपर्सन डॉ. सुखमिंदर कौर बराड़ सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों ने संगीत को समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सांस्कृतिक एकता का माध्यम बताते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में अकादमी की ओर से आयोजित संगीत और वाद्य प्रशिक्षण शिविरों में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। करीब 40 प्रशिक्षुओं ने मंच पर गायन और वादन की विविध प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन अनुभवी संगीत प्रशिक्षकों सुखविंदर सिंह और एस बिंटा भगानिया के निर्देशन में किया गया।

शास्त्रीय संगीत से लेकर लोकधुनों और आधुनिक संगीत तक, कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को बांधे रखा। विभिन्न वाद्य यंत्रों की सुमधुर ध्वनियों ने भी कार्यक्रम को यादगार बना दिया। युवा कलाकारों के साथ-साथ वरिष्ठ प्रतिभागियों ने भी अपनी कला से श्रोताओं की खूब सराहना बटोरी।




आयोजन ने नवोदित कलाकारों को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी नई उड़ान दी। दर्शकों ने कलाकारों के समर्पण और मेहनत की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया।

अपने संबोधन में डॉ.बराड़ ने कहा कि संगीत मानव जीवन को संवेदनशील बनाने के साथ मानसिक शांति और भावनात्मक संतुलन प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि अकादमी भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों और कार्यशालाओं के माध्यम से नई प्रतिभाओं को आगे लाने तथा देश की संगीत विरासत को सहेजने का कार्य जारी रखेगी।

संगीत, उत्साह और रचनात्मकता से भरपूर यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और उपस्थित लोगों के लिए यादगार अनुभव बन गया।

## सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल में बच्चों ने किया योग



अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल में 12वां अंतरराष्टीय योग दिवस उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस वर्ष की वैश्विक थीम स्वस्थ आयु के लिए योग रही, जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य, दीर्घायु और मानसिक संतुलन के लिए योग के महत्व पर विशेष बल दिया गया।

प्रातः 5¬30 बजे आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वनि के साथ हुआ। योग विशेषज्ञ श्री अवनीश कुमार के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने प्राणायाम, वार्म-अप तथा विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। विशेष रूप से स्वस्थ वृद्धावस्था और शारीरिक सक्रियता को ध्यान में रखते हुए योगाभ्यास कराया गया।

विद्यालय में नियमित रूप से आयोजित होने वाले योग सत्रों में विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा वरिष्ठ नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से सजगता और मानसिक संतुलन की संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है।

# योग भारत की प्राचीन संस्कृति का अमूल्य उपहार, स्वस्थ व विकसित राष्ट्र के निर्माण का आधार: डा. सतीश पूनिया

## योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से पूरी दुनिया में बड़ा भारत का मान: बड़ौली

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में हुआ भव्य योग कार्यक्रम



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुरथल स्थित दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी) परिसर में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सतीश पूनिया तथा हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने खिलाड़ियों, आमजन एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया और सभी को नियमित योग अपनाने का संदेश दिया।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बबीता फोगाट, प्रो-कबड्डी खिलाड़ी प्रदीप नरवाल, पूर्व मंत्री कविता जैन, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्री प्रकाश सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, खिलाड़ियों, विद्यार्थियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और जीवन दर्शन का आधार है। योग शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित कर व्यक्ति को स्वस्थ, ऊर्जावान और सकारात्मक बनाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज योग एक वैश्विक जनआंदोलन बन चुका है और दुनिया के 190 से अधिक देशों में करोड़ों लोग योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना रहे हैं।

भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि आज के तनावपूर्ण और भागदौड़ भरे जीवन में योग सबसे प्रभावी औषधि है। योग व्यक्ति को न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति और आत्मविश्वास भी प्रदान करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे और नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रहकर योग और खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि भारत की हजारों वर्षों पुरानी योग परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। उनके प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता प्रदान की और आज पूरी दुनिया भारत की इस अमूल्य धरोहर को अपना रही है।

श्री बड़ौली ने कहा कि योग स्वस्थ समाज और विकसित राष्ट्र के निर्माण की आधारशिला है। हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में खेल, स्वास्थ्य और योग को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में युवाओं को फिट और नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में प्रतिभागियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, प्राणायाम एवं ध्यान सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया। उपस्थित जनसमूह ने नियमित योग करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प भी लिया।

## प्राकृतिक खेती अपनाएं, लागत घटेगी और आय बढ़ेगी: मोहन लाल बडौली



सोनीपत। गांव गढ़ मरीकपुर में आयोजित प्राकृतिक खेती-समृद्ध किसान सम्मेलन में पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बडौली ने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से उत्पादन लागत कम होती है, भूमि की उर्वरता बढ़ती है और पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलता है। साथ ही लोगों को रसायन मुक्त एवं पौष्टिक खाद्यान्न उपलब्ध होता है। बडौली ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से आधुनिक तकनीक के साथ प्राकृतिक खेती को जोड़कर इसे जन आंदोलन बनाने की अपील की सम्मेलन में किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभ, कम लागत में अधिक उत्पादन तथा रसायन मुक्त खेती के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि प्राकृतिक खेती भविष्य की जरूरत है और इससे किसानों को अधिक टिकाऊ बनाया जा सकता है इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, पद्मश्री कवल सिंह चौहान, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष संजीत सबोली, सहित बड़ी संख्या में किसान और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## योग भारत की ऐसी धरोहर, जो शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखती है: देवेंद्र कादियान



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नई अनाज मंडी में हुआ सामूहिक योगाभ्यास, योग सहायक सम्मानित

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को गन्नौर की नई अनाज मंडी उपमंडल स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र कादियान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। विधायक कादियान ने कहा कि योग भारत की हजारों वर्ष पुरानी सांस्कृतिक विरासत है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की एक संपूर्ण पद्धति है। इससे शरीर स्वस्थ, मन शांत और विचार सकारात्मक रहते है। उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली और बढ़ते तनाव के दौर में योग का महत्व और अधिक बढ़ गया है। उन्होंने लोगों को प्रतिदिन योग और प्राणायाम रने की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में प्रभावी योगदान दे सकता है। विधायक ने कार्यक्रम में आयुष विभाग के चिकित्सकों, योग सहायकों तथा योगाभ्यास में सक्रिय भागीदारी करने वाले युवाओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं, आयुष विभाग की ओर से मुख्यातिथि विधायक कादियान को शॉल व तुलसी का पौधा देकर सम्मान दिया। इस अवसर पर एसडीएम प्रवेश कादियान, तहसीलदार ललिता, ट्रेनी तहसीलदार देवेंद्र कुमार, समाजसेवी अंकित मल्होत्रा, आयुष विभाग से डा. मनीष कुमार, एचएमओ डा. पुनीत गांधी, डा. ज्योति, डा. अंकिता, सीमा, मुस्कान, प्रदीप, डा. दिनेश,जगबीर देशवाल, अजय यादव, जोगेंद्र मलिक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## किसानों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स ने नई पीढ़ी के बीज, फसल सुरक्षा और पोषण उत्पाद लॉन्च किए

अर्थ प्रकाश संवाददाता

सोनीपत। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के प्रभाग श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से सशक्त बनाने की दिशा में नए फसल सुरक्षा, स्पेशलिटी प्लांट न्यूट्रिशन और वेजिटेबल सीड उत्पाद लॉन्च किए। चंडीगढ़ में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख चैनल पार्टनर्स ने भाग लिया और कंपनी के नवीनतम कृषि समाधानों की जानकारी प्राप्त की। श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं बिजनेस हेड संजय छाबड़ा ने बताया कि श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स के लिए इनोवेशन केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि हर किसान से किया गया हमारा वादा है। ये नए उत्पाद आधुनिक कृषि को नई दिशा देने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। अत्याधुनिक बीज, फसल सुरक्षा और पोषण समाधान किसानों तक पहुंचाकर हम उन्हें बेहतर फसल और उज्ज्वल भविष्य बनाने में सक्षम कर रहे हैं।

कंपनी ने अपने फसल सुरक्षा पोर्टफोलियो को मजबूत करते हुए श्रीराम सेनकुशा और श्रीराम जार्विन पेश किए हैं। जापानी तकनीक आधारित श्रीराम सेनकुशा उच्च मूल्य वाली कृषि और बागवानी फसलों को प्रमुख कीटों एवं थ्रिप्स से सुरक्षा प्रदान करता है।

## जमीनी विवाद में लड़ाई झगड़े के दौरान महिला की हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र पुलिस में जमीनी विवाद में लड़ाई झगड़े के दौरान महिला की हत्या करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन थाना सदर थानेसर की टीम ने जमीनी विवाद के कारण लड़ाई झगड़ा में महिला की हत्या करने के आरोपी तरसेम कुमार वासी किशनपुरा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए थाना सदर थानेसर प्रभारी उप निरीक्षक रणधीर सिंह ने बताया कि 19 जून को समय करीब 2 बजे पुलिस को सूचना मिली कि गांव किशनपुरा में लड़ाई झगड़े के बाद एक महिला की लाश घर में पड़ी है। सूचना पर थाना सदर प्रभारी उप निरीक्षक रणधीर सिंह, ओमप्रकाश, सहायक उप निरीक्षक बलराम की टीम गांव किशनपुरा में मौका पर पहुंची। मौका पर रविंद्र कुमार वासी किशनपुरा ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उनका आरोपी तरसेम कुमार के साथ जमीन का मुकदमा अदालत में चल रहा है। 18 जून 26 को आरोपियों ने उनके खेत को जोत दिया।

## भाजपा की सबसे बड़ी पहचान कार्य आधारित संस्कृति: डॉ. अर्चना गुप्ता

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**गोहाना।** हरियाणा भाजपा की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी पहचान उसकी कार्यकर्ता आधारित कार्य संस्कृति है। उन्होंने कहा कि संगठन का हर कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर समाज सेवा में जुटा रहता है।



प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार गोहाना पहुंचीं डॉ. अर्चना गुप्ता का कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। सेक्टर-7 स्थित कम्युनिटी सेंटर में आयोजित समारोह में उन्हें पगड़ी पहनाकर, स्मृति चिह्न भेंट कर और मुंह मीठा करवाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का अभियान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने नारी सशक्तिकरण को भाजपा की बड़ी उपलब्धि बताया।इस मौके पर जिला प्रभारी डॉ. किरण कलकल, जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे। गोहाना में जगह-जगह उनका भव्य स्वागत हुआ और महापुरुषों की प्रतिमाओं पर नमन भी किया गया।

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने फिजिकल एआई युग के लिए पेश किया अपना रोबोटिक्स विजन

चंडीगढ़। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स (एलजी) ने फिजिकल एआई के नए दौर की ओर कदम बढ़ाते हुए अपने उन्नत रोबोटिक्स विजन का प्रदर्शन किया है। कंपनी ने एलजी क्लोआईडी रोबोट के माध्यम से घरों से लेकर व्यावसायिक और औद्योगिक क्षेत्रों तक बुद्धिमान रोबोटिक समाधान विकसित करने की दिशा में अपनी मजबूत रणनीति को सामने रखा है।एलजी के अनुसार, हमारा लक्ष्य ऐसे रोबोट विकसित करना है जो केवल निर्देशों का पालन ही न करें, बल्कि उपयोगकर्ताओं की जरूरतों को समझते हुए स्वायत्त रूप से निर्णय लेकर कार्य कर सकें। कंपनी ने कहा कि 'जीरो लेबर होम' की अवधारणा ऐसे भविष्य की कल्पना करती है, जहां एआई रोबोट, स्मार्ट घरेलू उपकरण और स्वचालित प्रणालियां मिलकर घरेलू कार्यों को आसान बनाएंगी तथा लोगों को अपने परिवार के साथ अधिक गुणवत्तापूर्ण समय बिताने का अवसर प्रदान करेंगी। कंपनी की दो दशकों से अधिक की रोबोटिक्स विशेषज्ञता, स्मार्ट डिवाइसों से प्राप्त उपभोक्ता जानकारियां, उन्नत मोशन टेक्नोलॉजी और मजबूत एआई इकोसिस्टम इसकी फिजिकल एआई रणनीति की प्रमुख आधारशिला हैं।

## नियमित योग करने से अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है: शेखर आंतिल

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर खेवड़ा गांव में जाखोली मंडल के अध्यक्ष ने किया आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



राई। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर खेवड़ा गांव में जाखोली मंडल के अध्यक्ष शेखर आंतिल द्वारा योग शिविर का आयोजन कर लोगों को योग के प्रति जागरूक करवाया। कार्यक्रम में योग शिक्षक रविंद्र आर्य ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि मन, शरीर और आत्मा को संतुलित करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है और मानसिक तनाव भी कम होता है। जाखोली मंडल के अध्यक्ष शेखर आंतिल ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग की आवश्यकता पहले से अधिक बढ़ गई है। योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाकर बेहतर स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर सोमबीर, परमेंद्र, यज्ञदत्त शास्त्री, अजीत कोच, गुलाब, आनंद आंटिल तथा उदय सिंह सहित अन्य लोगों ने भी योग अभ्यास में भाग लिया और लोगों से अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने का आह्वान किया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर समालखा में उमड़ा जनसैलाब, विधायक मनमोहन भड़ाना ने किया योगाभ्यास

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



समालखा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उपमंडल प्रशासन समालखा द्वारा एसडीएम अमित कुमार के मार्गदर्शन में अनाज मंडी परिसर में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मनमोहन भड़ाना ने शिरकत की और प्रशासनिक अधिकारियों, विद्यार्थियों तथा हजारों नागरिकों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7 बजे हुआ। इस दौरान उपस्थित लोगों ने एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का योग दिवस पर प्रसारित संबोधन भी लाइव सुना। सभा को संबोधित करते हुए विधायक मनमोहन भड़ाना ने कहा कि योग भारत की विश्व को दी गई अमूल्य धरोहर है। योग स्वस्थ शरीर, सकारात्मक मन और सशक्त राष्ट्र निर्माण का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने नागरिकों से प्रतिदिन कम से कम एक घंटा योग के लिए निकालने का आह्वान करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से अनेक बीमारियों से बचाव संभव है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और ऊर्जावान नागरिक ही किसी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति होते हैं तथा योग व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास का आधार है।

कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रशासन की ओर से पौधों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार कैलाश चंद्र, बीईओ सरिता देवी, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक कुच्छल, मार्केट कमेटी अध्यक्ष विनय जैन, नगर पालिका सचिव प्रिंस मेहंदीरत्ता, भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष रेखा गोयल, पार्षद रेनू धीमान, पार्षद संजय गोयल, पार्षद मनीष बेनीवाल, सरपंच रामधन सैनी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स ने किसानों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए नई पीढ़ी के बीज, फसल सुरक्षा व पोषण उत्पाद लॉन्च किए

कुरुक्षेत्र । डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के प्रभाग श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से सशक्त बनाने की दिशा में नए फसल सुरक्षा, स्पेशलिटी प्लांट न्यूट्रिशन और वेजिटेबल सीड उत्पाद लॉन्च किए। चंडीगढ़ में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख चैनल पार्टनर्स ने भाग लिया और कंपनी के नवीनतम कृषि समाधानों की जानकारी प्राप्त की। श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं बिजनेस हेड संजय छाबड़ा ने बताया कि श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स के लिए इनोवेशन केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि हर किसान से किया गया हमारा वादा है। ये नए उत्पाद आधुनिक कृषि को नई दिशा देने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

अत्याधुनिक बीज, फसल सुरक्षा और पोषण समाधान किसानों तक पहुंचाकर हम उन्हें बेहतर फसल और उज्ज्वल भविष्य बनाने में सक्षम कर रहे हैं। कंपनी ने अपने फसल सुरक्षा पोर्टफोलियो को मजबूत करते हुए श्रीराम सेनकुशा और श्रीराम जार्विन पेश किए हैं। जापानी तकनीक आधारित श्रीराम सेनकुशा उच्च मूल्य वाली कृषि और बागवानी फसलों को प्रमुख कीटों एवं थ्रिप्स से सुरक्षा प्रदान करता है।

## कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच नीट परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

कुरुक्षेत्र (अप्रस)। रविवार को जिला में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के दौरान पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन की देखरेख में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को संभाला। पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को सुरक्षा और ड्यूटी से सम्बंधित दिशा-निर्देश दिए गए थे। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने लगन और मेहनत से परीक्षा को सुरक्षित तरीके से संपन्न करवाया। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 21 जून 2026 को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा परीक्षा जिला के 5 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न हुई।

## तहसीलदार ने किया शहरी क्षेत्र में चल रहे एसआईआर कार्य का निरीक्षण

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



**गन्नौर।** एसआईआर अभियान के तहत तहसीलदार एवं एईआरओ ललिता ने शनिवार को गन्नौर शहरी क्षेत्र में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों के वितरण और संग्रहण कार्य की जांच की तथा प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मतदाताओं के सत्यापन, नए मतदाताओं के पंजीकरण और मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। तहसीलदार ने बीएलओ और सुपरवाइजरों को चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के लिए उपमंडलीय परिसर गन्नौर के कक्ष संख्या-19 में हेल्पडेस्क स्थापित किया गया है। इस मौके पर वार्ड-16 के पार्षद नरेश वर्मा, सुपरवाइजर और बीएलओ मौजूद रहे।

## अमेज़न ब्यूटीवर्स 2026 अब तक के सबसे बड़े ब्यूटी उत्सव के रूप में हुआ संपन्न

अर्थ प्रकाश संवाददाता

शिमला। प्राइम डे से ठीक पहले अमेज़न इंडिया ने अपने अब तक के सबसे बड़े ब्यूटी इवेंट अमेज़न ब्यूटीवर्स के तीसरे संस्करण का सफलतापूर्वक समापन किया। इस भव्य आयोजन में 2500 से अधिक लोग शामिल हुए जिनमें प्राइम मेंबर्स,1500 से अधिक क्रिएटर्स, प्रमुख ब्यूटी ब्रांड्स और अनन्या पांडे,जैकलिन फर्नांडीस,शिल्पा शेट्टी, सोनाक्षी सिन्हा,मीरा कपूर,करिश्मा कपूर जैसी कई जानी.मानी मशहूर हस्तियां शामिल थीं। मुंबई के प्रतिष्ठित वर्ली सी लिंक पर एक शानदार लैंडमार्क प्रोजेक्शन के साथ शुरू हुए ब्यूटीवर्स 2026 ने ब्यूटी की बदलती दुनिया का जश्न मनाया। इस दौरान इमर्सिव ब्रांड एक्सपीरियंस, एक्सपर्ट्स के सेशन,क्रिएटर्स द्वारा की गई कहानियों की प्रस्तुति और इंग्रीडिएंट.बेस्ड स्किनकेयर,प्रीमियम ब्यूटी और ग्लोबल ब्यूटी इनोवेशन से जुड़े ट्रेंड्स दिखाए गए।

पहली बार अमेज़न ने इस अनुभव को अमेजन.इन पर एक समर्पित ब्यूटीवर्स स्टोरफ्रंट के ज़रिए देश भर में पहुंचाया जिससे भारत भर के लाखों ग्राहकों को लेटेस्ट ब्यूटी ट्रेंड्स, क्रिएटर्स के सुझावों और प्राइम डे ऑफर्स को खोजने, उनसे जुड़ने और खरीदारी करने का मौका मिला।

## सौरभांचल तीर्थक्षेत्र में भव्य पालकी यात्रा एवं महामस्तकाभिषेक का धार्मिक कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



गन्नौर। श्रुतपंचमी महोत्सव एवं सौरभांचल दिगंबर जैन तीर्थक्षेत्र के 20वें वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में सौरभांचल में धार्मिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन आचार्य श्री 108 सौरभ सागर महाराज के पावन दिशानिर्देश एवं प्रेरणा से संपन्न हुआ। इस अवसर पर भगवान आदिनाथ की प्रतिमा को पालकी में विराजमान कर भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ भाग लेते हुए मंदिरजी की परिक्रमा लगाई। सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय नारों एवं जिनेन्द्र भक्ति से गुंजायमान रहा। महोत्सव के दौरान मूलनायक भगवान मुनिसुव्रतनाथ की प्रतिमा का महामस्तकाभिषेक संपन्न हुआ। साथ ही वेदी में विराजित सभी 11 प्रतिमाओं का प्रथम बार सामूहिक रूप से शांतिधारा एवं अभिषेक किया गया। इस अवसर पर तीर्थक्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन, सचिव मनीष जैन, कोषाध्यक्ष विनय जैन, चेयरमैन आनंद जैन तथा दिगंबर जैन समाज गन्नौर के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS
आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

सार्वजनिक सूचना

**मैं,** विक्की पुत्र श्री सालिक राम, निवासी मकान नंबर 55, स्टाफ कॉलोनी, MDC सेक्टर-5, पंचकूला, ने अपना नाम विक्की से बदलकर विक्की यादव कर लिया है।
एपी-2011

**मैं,** साहिल कुमार पुत्र ओम प्रकाश वासी मकान नं. 407, हनुमान मंदिर, वी.पी.ओ बोस्ती, जिला फतेहाबाद ने अपने नाबालिग पुत्र नाम बदलकर टरेश कुमार से माहिर कक्कड़ रखा है।

**मैं,** राजेश पुत्र करतार सिंह वासी गांव मदनपुरा, जिला हिसार ने अपना नाम बदलकर राजेश Lamba रखा है।

**मैं,** रूचि मित्तल पत्नी चंद वासी 86 हुडा सेक्योर 3, फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर रूचि रखा है।

**मैं,** रूचि गर्ग पत्नी चंद वासी 86 हुडा सेक्योर 3, फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर रूचि रखा है।

**मैं,** कविता पत्नी अनिल कुमार वासी नजदीक शिव चौक सीसवाल जिला हिसार ने अपने नाबालिग पुत्र का नाम बदलकर आरव से आरव पूनिया रखा है।

**मैं,** Babender पुत्र कुसी राम वासी मकान नं 190-बी, गली नं.1, बसंत विहार, करनाल ने अपना नाम बदलकर Bavendra से Babender रखा है।

**मैं,** गगन पुत्र संजय कुमार वासी गांव कुंजपुरा जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर गगन चावला से गगन रखा है।

**मैं,** सुरिंदर सिंह पुत्र साधु सिंह वासी गांव महमदपुर डाक शेर सिंह वाला कपूरथला ने अपना नाम बदलकर सुखदेव सिंह रखा है।

**मैं,** शालू रानी पुत्री धामबीर वासी नजदीक बार वाली चौपाल, राजा खेड़ी, जिला पानीपत ने अपना नाम बदलकर अनाया कुश रखा है।

**मैं,** अरुण शर्मा पुत्री राम नाथ शर्मा वासी वार्ड नं.4, गांव व डाक जखेरा, ऊना, हिमाचल प्रदेश ने अपना नाम बदलकर अरुण कुमार शर्मा रखा है।

**मैं,** छवी पुत्र अरुण कुमार शर्मा वासी वार्ड नं. 4, गांव व डाक जखेरा, ऊना, हिमाचल प्रदेश ने अपना नाम बदलकर छवी शर्मा रखा है।

**मैं,** अनिल कक्कड़ पुत्र तारा चंद वासी शिव चौक, फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर अनिल कुमार रखा है।

**मैं,** अनु कक्कड़ पत्नी अनिल कुमार वासी भीमा बस्ती फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर अनु रानी रखा है।

**मैं,** कमल कांत जैन पुत्र शिखर चंद जैन वासी मकान नं.बी-101, नजदीक हेरिटेज Lawn, सैक्टर-35, आरएएस रेजीडेंसी करनाल ने अपना नाम बदलकर कमलकांत से कमल कांत जैन रखा है।

**मैं,** रजत पुत्र सुल्तान वासी गांव व डाक कुटैल जिला करनाल ने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम बदलकर मायरा से मायरा खरंगड रखा है।

**मैं,** ज्योति देवी उर्फ मुनी पत्नी राम अवतार वासी 260 गली नं.5, इ-ब्लॉक भल्ला कॉलोनी छेहरटा अमृतसर ने अपना नाम बदलकर ज्योति देवी रखा है।
एपी-2012

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश
में क्लासीफाइड
विज्ञापन
देने के लिए
9988934664
पर संपर्क करें।

आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# महिलाओं को मिलेगी घर-द्वार पर एआई-आधारित मुफ्त स्क्रीनिंग की सुविधा

**बिना दर्द, बिना रेडिएशन और बिना प्राइवेसी खोए थर्मलिटिक्स तकनीक से होगी ग्रामीण महिलाओं की स्वास्थ्य जांच**

**केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने नमो शक्ति ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग मिशन की 7 मोबाइल एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 21 जून।** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि यह मिशन ग्रामीण और कम सुविधा वाले क्षेत्रों की महिलाओं को गंभीर बीमारी से बचाने और बचाव-केंद्रित स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है।

केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामले मंत्री रविवार को नमो शक्ति ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग मिशन के तहत कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज करनाल के प्रांगण से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 7 मोबाइल स्क्रीनिंग एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर रहे थे।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस मिशन का मुख्य उद्देश्य केवल जांच करना ही नहीं, बल्कि ब्रेस्ट हेल्थ को लेकर समाज में हिचक और रूढ़ियों को तोड़ना भी है। शुरुआती स्टेज में बीमारी का पता चलने पर इलाज 100 प्रतिशत असरदार होता है। भविष्य में इस मिशन का विस्तार पूरे हरियाणा में किया जाएगा, ताकि हर योग्य महिला तक इसकी पहुंच सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही, संदिग्ध मामलों में मरीजों को समय पर मेडिकल कार्उंसिल, अस्पतालों में रेफरल और मजबूत फॉलो-अप सिस्टम भी प्रदान किया जाएगा।

मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से रूट चार्ट बनाकर दूरदराज के गांवों में रहने वाली महिलाओं के स्वास्थय की जांच करवाएं तथा जांच के उपरांत उनका आयुष्मान कार्ड से इलाज करवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 17 सितंबर 2025 को शुरू किए गए स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान से प्रेरित होकर इस मिशन की शुरुआत की है।

उन्होंने बताया कि इस मोबाइल वैन में एडवांस्ड एआई-पावर्ड टेक्नोलॉजी थर्मलिटिक्स का उपयोग किया जाता है। यह एक नॉन-इनवेसिव तकनीक है, जिसके माध्यम से महिलाएं बिना किसी शारीरिक संपर्क (नो-टच), बिना दर्द, बिना किसी रेडिएशन के और अपनी पूर्ण गोपनीयता (प्राइवेसी) बनाए रखकर स्क्रीनिंग करवा सकती हैं। यह तकनीक पूरी तरह सुरक्षित, सटीक और सम्मानजनक है।

यह मिशन बेहद कम समय में दुनिया की सबसे बड़ी ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग पहल के रूप में उभरा है। हाल ही में 8 मार्च 2026 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इस अभियान के तहत एक ही दिन में रिकॉर्ड 5,005 महिलाओं की स्क्रीनिंग करके गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया गया था। शुरू होने के मात्र 6 महीने के भीतर यह दुनिया का सबसे बड़ा एआई-इनेबल्ड स्क्रीनिंग प्रोग्राम बन गया है, जिसके तहत अब तक 1 लाख से अधिक महिलाओं की निशुल्क जांच की जा चुकी है।

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि भारत में महिलाओं में ज्यादातर ब्रेस्ट कैंसर की समस्या पाई जाती है, जो कुल मामलों का लगभग 25 प्रतिशत है। जागरूकता की कमी और संकोच के कारण लगभग 60 प्रतिशत मामलों का पता आखिरी स्टेज पर चलता है, जिससे इलाज बेहद कठिन हो जाता है।

## विश्व के 177 देश में मनाया जा रहा है योग दिवस: रेखा शर्मा

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र त्यागी



**यमुनानगर, 21 जून।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में अनाज मंडी जगाधरी में जिला स्तरीय योग दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्जवलित कर लोगों को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में जिला के लगभग 2000 से अधिक महिला, पुरुष और बच्चों ने योगाभ्यास किया। योग दिवस समारोह में आयुष विभाग के जिला योगाचार्य डॉ. शिवकुमार सैनी व पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी जय कुमार व अन्य प्रशिक्षकों ने योग साधकों को खड़े होकर, बैठकर और लेटकर किये जाने वाले योग आसनों का अभ्यास करवाया। योग दिवस पर मुकुन्द पब्लिक स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने योग पर आधारित शानदार प्रस्तुति दी। योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ऑनलाइन देशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी।

जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में योग साधकों को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से वर्ष 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का संकल्प करवाया। आज विश्व के 177 देशों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। योग केवल व्यायाम की ही क्रिया नहीं है, बल्कि विश्व और प्रकृति के साथ एकत्व खोजने का भाव है, प्रत्येक व्यक्ति को इस भाव को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। योग रखे निरोग, योग भगाए रोग की युक्ति को सभी व्यक्ति अपने जीवन में अपनाए। योग शरीर को ऊर्जावान बनाता है और हमें प्रकृति से जोड़ता है। योग जीवन और शरीर की साकारात्मक शक्ति को बढ़ाता है इसलिए सभी योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए।

राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि आज के आधुनिक युग में योग का महत्व और बढ़ गया है क्योंकि बदलती जीवन शैली और खान-पान की आदतों के कारण लोगों खासकर युवाओं के जीवन में तनाव बढ़ रहा है। अति व्यस्तता, मन की व्यग्रता, अत्याधिक तनाव, प्रदूषण और भागम भाग से लोग कई तरह के विकारों का शिकार हो रहे है। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक, नैतिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ बनने का मूलमंत्र है। यह मन, आत्मा और शक्तियों का आत्मबोध कराने का कारगर रास्ता है। योग कला, विज्ञान और दर्शन का बेजोड़ संगम है तथा योग में समूची मानवता को एकजुट करने की अद्भुत शक्ति है। हमे अपनी महान संस्कृति और परंपराओं को जोड़ना है। नैतिक बल प्रदान करना है। जब योग जीवन का हिस्सा हो जाता है तो आयु, विद्या, यश और बल एक साथ बढने लगते है।

## न्यूज ब्रीफ

### वॉलीबॉल का खेल योग व जिम के बराबर है: रामनिवास



**निसंग (अप्रस/कृष्ण)।** बहादुर सुपर संडे वॉलीबॉल टूर्नामेंट 183 वां में रामनिवास (समाजसेवी)सिरसल वाले सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद देने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। साथ में गांव कुचपूरा के सरपंच प्रतिनिधि अंग्रेज सिंह भी पहुंचे। बहादुर कोच वॉलीबॉल की मेहनत दिन प्रतिदिन रंग लेकर आ रही है।सुपर संडे वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सैकड़ो गांव की टीम के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम आने वाली टीम को 5100 दूसरे स्थान पर 3100 फोन पर आने वाली टीम को1100 की राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। सरपंच ने बताया कि छोटे से गांव की पंचायत में बहुत ही सुंदर ग्राउंड हमारा तैयार है और आसपास के गांव में इतना बड़ा ग्राउंड वॉलीबॉल का बच्चों के खेलने के लिए नहीं है। सभी आए हुए अतिथियों ने सरपंच व पंचायत का धन्यवाद किया। लायंस क्लब कुचपुरा में धर्मेंद्र शाहपुर, भारत भूषण राणा बरास, अशोक प्रेम खेड़ा, धर्म सिंह कुचपूरा, कुचपुरा, प्रमोद राणा फौजी बरास, गौरव शाहपुर, आशीष कोच बस्तली, सुमित कोच सिरसल और साथ में गांव की पंचायत और वॉलीबॉल खेल प्रेमी विदेश में बैठे साथी सभी का लायंस वॉलीबॉल क्लब के साथ पूरा सहयोग है।

### योग शिविर का आयोजन

**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला जेल, पानीपत में एक योग शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला जेल पानीपत के अधीक्षक संजीव कुमार तथा अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस शिविर में आयुष विभाग, पानीपत (हरियाणा) के योग शिक्षक संदीप, परमजीत व मंजू और 'आर्ट ऑफ लिविंग', पानीपत से मोनिका गुप्ता एवं निकान्त शर्मा द्वारा योग सत्र का संचालन किया गया। शिविर में जेल के बंदियों ने अत्यंत उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान बंदियों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया तथा योग से होने वाले शारीरिक व मानसिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### शारीरिक और मानसिक सेहत के लिए योग फायदेमंद: डॉ. अंजु बाला

**अम्बाला (अप्रस/रवि पाहुजा)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में व वन हरियाणा गर्ल्ज बटालियन के सहयोग से आर्य कॉलेज, अम्बाला छावनी के प्रांगण में विभिन्न महाविद्यालय, विद्यालय के कैडेट्स, अधिकारी व आर्य कॉलेज की एन.सी.सी., एन.एस.एस. व शारीरिक शिक्षा विभाग ने 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में उत्साहपूर्वक भागीदारी की। भारत सरकार एवं आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार एक सामूहिक योग गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस बार 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की अधिकारिक थीम ''योगा फॉर हेल्दी एजिंग'' है। यह थीम ब?ती उम्र में शारीरिक चुस्ती, मानसिक संतुलन और जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाए रखने में योग के महत्व को उजागर करती है। इस अवसर पर सूर्य नमस्कार, त?ासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, शशांक आसन, वक्रासन,, मकरासन, भुजंगासन, धनुराशन, सेतुबद्ध आसन, उत्तानपादासन, हलासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, शीतली, भ्रामरी आसनों का अभ्यासन करवाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंजु बाला ने अपने संदेश के माध्यम से कहा कि शारीरिक और मानसिक सेहत के लिए योग बहुत फायदेमंद है।

### बच्चों को सिखाए योग के गुर

**रादौर (अप्रस)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय सेना की ओर से वेरीनाग टूरिज्म पार्क, जिला अनंतनाग, जम्मू-कश्मीर में आयोजित योग शिविर में मास्टर सतपाल कांबोज मंधार ने बच्चों को योग के गुर सिखाये। मास्टर सतपाल कांबोज मंधार ने बच्चों को शीर्षासन, अनुलोम विलोम, कपाल भांति, हलासन, ताडासन व अन्य प्रकार के आसनो का अभ्यास करवाया। मास्टर सतपाल कांबोज को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। यह ब्लॉक, जिला, व प्रदेश के लिए बड़े गर्व की बात है। इस अवसर पर मास्टर सतपाल कांबोज ने बताया कि योग करने से सभी प्रकार के रोग नष्ट हो जाते है। वहीं शरीर मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत बन जाता है। सभी को योग कर निरोग रहना चाहिए।

## लाडवा थाना कांड: माकपा ने न्यायिक जांच की मांग उठाई, आरोपियों की गिरफ्तारी व बर्खास्तगी की मांग

अर्थप्रकाश/राजकुमार वालिया/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 21 जून।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) हरियाणा राज्य कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने लाडवा थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ कथित मारपीट, यातना और दुष्कर्म की घटना की कड़ी निंदा करते हुए पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने, आरोपित पुलिसकर्मियों की तत्काल गिरफ्तारी तथा सेवा से बर्खास्त करने की मांग की है।

माकपा के राज्य सचिव प्रेमचंद के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को कुरुक्षेत्र के सरकारी अस्पताल पहुंचकर उपचाराधीन पीड़ित युवक और उसके परिजनों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में उधम सिंह राठी, जिला सचिव रोशन लाल, जिला कमेटी सदस्य राजविंदर सिंह चंदी, सुनील रत्न, दलित अधिकार मंच के उप संयोजक ओमप्रकाश सिंहमार, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान ओमप्रकाश तथा छात्र नेता अक्षय भी शामिल रहे।

प्रेमचंद ने कहा कि यदि मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में ही इस प्रकार की मानवता को शर्मसार करने वाली घटनाएं सामने आ रही हैं, तो प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि निजी बैंक में कार्यरत युवक को रात में थाने ले जाकर पुलिसकर्मियों और एक होमगार्ड ने बेरहमी से पीटा। पीड़ित के अनुसार उसने कैंसर से पीड़ित होने और इलाज का हवाला दिया, लेकिन उसकी एक नहीं सुनी गई। आरोप है कि उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया तथा दुष्कर्म कर गंभीर शारीरिक यातनाएं दी गईं। प्रतिनिधिमंडल ने दावा किया कि मारपीट में युवक की बांह की हड्डी टूट गई, आंख और पैर पर गंभीर चोटें आई हैं तथा चिकित्सकों ने भी ब्लीडिंग की पुष्टि की है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि एएसआई संजीव कादयान पहले से रंजिश रखता था और उसी ने अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कुरुक्षेत्र में 'आफ्टर माइल्स कम्युनिटी' का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 21 जून।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में स्वास्थ्य, फिटनेस और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'आफ्टर माइल्स कम्युनिटी' का शुभारंभ किया गया। आर्यन बजाज के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और दौड़, योग, व्यायाम तथा सामूहिक फिटनेस गतिविधियों में हिस्सा लिया।

आर्यन बजाज ने कहा कि आज के डिजिटल दौर में सामाजिक मेलजोल कम होता जा रहा है। ऐसे में इस पहल का उद्देश्य लोगों को शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाने के साथ-साथ आपसी संबंधों और भाईचारे को मजबूत करना है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस कम्युनिटी से जुड़ने की अपील की।

फिटनेस प्रशिक्षक रवि सैनी ने योग और नियमित व्यायाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। वहीं समाजसेवी जतिन गुप्ता ने इसे युवाओं को सकारात्मक दिशा देने और समाज को एकजुट करने वाली प्रेरणादायक पहल बताया।

समाजसेवी अंकित जिंदल ने कहा कि ऐसे आयोजन लोगों को तनावमुक्त और स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इससे जुड़ने का आह्वान किया।

आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी 'आफ्टर माइल्स कम्युनिटी' के माध्यम से नियमित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और सामाजिक रूप से एक-दूसरे से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा सके।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में योग को मिली वैश्विक पहचान: विधायक

### योग दिवस पर नलवा विधायक रणधीर पनिहार ने योग साधकों के साथ किया योगाभ्यास

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना, 21 जून।** नलवा विधायक श्री रणधीर पनिहार ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की प्राचीन योग परंपरा को वैश्विक पहचान मिली है। उनके सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप संयुक्त राष्ट्र के 177 देशों के समर्थन से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की स्थापना हुई और आज विश्वभर में करोड़ों लोग योग को अपने जीवन का हिस्सा बना रहे हैं।

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित उपमंडल स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में नलवा विधायक श्री रणधीर पनिहार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा योग साधकों के साथ योगाभ्यास किया। रविवार को रेलवे रोड स्थित नई अनाज मंडी के शेड में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री रणधीर पनिहार ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के संबोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने बड़े ध्यान एवं एकाग्रता के साथ देखा और सुना।

नलवा विधायक श्री रणधीर पनिहार ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि टोहाना की इस पावन धरा पर बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं एवं गणमान्य नागरिकों की सहभागिता योग के प्रति बढ़ती जागरूकता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी देश का उज्ज्वल भविष्य है और योग जैसी महान भारतीय परंपरा को अपनाकर वे न केवल स्वयं को स्वस्थ एवं सशक्त बना सकते हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक ज्ञान की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रतीक है।

## योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार इसे दिनचर्या का हिस्सा बनाएं: शैली चौधरी

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार



**नारायणगढ़, 21 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नारायणगढ़ में उपमंडल प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नारायणगढ़ की विधायक श्रीमती शैली चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी नागरिकों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक शैली चौधरी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का योग दिवस संदेश एलईडी स्क्रीन के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को सुनाया एवं दिखाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों, पार्षदों, पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों, विभिन्न स्कूलों के अध्यापक एवं पीटीआई, एनसीसी कैडेटस, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों तथा भारतीय योग संस्थान, स्वदेशी जागरण मंच, पतंजलि सहित अन्य संगठनों से जुड़े योग साधकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम शिवजीत भारती ने की। उन्होंने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उन्हें पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक पौधा भेंट कर सम्मानित किया। आयुष विभाग द्वारा योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले योग साधकों को प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हजारों लोगों ने किया योग

अर्थ प्रकाश/भंवर सिंह



**गोहाना, 21 जून।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गोहाना के शहीद मदन लाल धींगड़ा स्टेडियम में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया।

गोहाना एसडीएम अंकित कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। एडीएम अंकित कुमार ने लोगों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरे विश्व ने अपनाया है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का आधार है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की व्यस्त और तनावपूर्ण जीवनशैली में प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रतिदिन योग करना आवश्यक है। नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि मानसिक एकाग्रता, आत्मविश्वास और कार्यक्षमता में भी वृद्धि होती है। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं और अपने परिवार तथा समाज को भी इसके प्रति जागरूक करें। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान योग के महत्व तथा इसके स्वास्थ्य संबंधी लाभों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं कथूरा ब्लॉक के नरवाल भवन कथूरा में भी योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर बीईओ बलजीत गहलावत, नगर परिषद सचिव सुंदर, सीडीपीओ सुशीला, नरेन्द्र गहलावत, नागराज, डॉ. अक्षय आदि मौजूद रहे।

## योग से तन के साथ मन और बुद्धि भी बनें शक्तिशाली: कैलाश सैनी

### योग दिवस पर शांति, अनुशासन और आध्यात्मिकता का प्रेरक संदेश

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया



**कुरुक्षेत्र, 21 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के विश्व शांति धाम सेवा केंद्र में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि कैलाश सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में कैलाश सैनी ने कहा कि उन्हें अनेक राजनीतिक, धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में जाने का अवसर मिलता है, लेकिन ब्रह्माकुमारीज में जो अनुशासन, शांति और सकारात्मक वातावरण देखने को मिला, वह अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि सेना जैसा अनुशासन यहां स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ कार्य करने के अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि योग के दो महत्वपूर्ण पक्ष हैं- शारीरिक और आध्यात्मिक। शरीर पांच तत्वों से निर्मित एक वाहन है और आत्मा को परमात्मा से जोड़ने के लिए इसका स्वस्थ रहना आवश्यक है। मनुष्य का मन ही उसे परमात्मा से जोड़ने का माध्यम है तथा उचित मार्गदर्शन मिलने पर जीवन में सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। सेंटर इंचार्ज राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन जी, मुख्य अतिथि कैलाश सैनी, बीके रामनिवास, बीके भगवत, हरबंस सिंह एवं निर्मल बहन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कुमारी दिविशी ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया तथा बीके गीता बहन ने प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किया।

मंच संचालन करते हुए बीके मधु बहन ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता में वर्णित राजयोग का ज्ञान आज ब्रह्माकुमारीज द्वारा जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। आत्मिक स्मृति में स्थित होकर जीवन जीने से व्यक्ति स्वयं में परिवर्तन लाकर समाज और राष्ट्र के उत्थान में योगदान दे सकता है।

योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन जी ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन और बुद्धि को सशक्त बनाने की आध्यात्मिक प्रक्रिया है। आज तनाव, अवसाद, क्रोध और नकारात्मकता के कारण जीवन में अशांति बढ़ रही है, जबकि राजयोग ध्यान आत्मा को परमात्मा से जोड़कर मन को शक्तिशाली और स्थिर बनाता है। उन्होंने सभी को संकल्प दिलाया कि वे शरीर के साथ-साथ अपने मन और बुद्धि को भी सुख, शांति, प्रेम और आनंद से भरपूर बनाएंगे। साथ ही उन्होंने 14 जून से प्रतिदिन प्रातः 4 बजे से 6 बजे तक चल रहे विशेष मेडिटेशन अभ्यास की जानकारी भी दी।

बीके प्रियंका बहन ने उपस्थित सभी भाई-बहनों को राजयोग का अभ्यास कराया और बताया कि जब मन और बुद्धि की शक्ति परमात्मा से जुड़ती है, तब व्यक्ति अपने वास्तविक स्वरूप का अनुभव करता है तथा जीवन की समस्याएं हल्की प्रतीत होने लगती हैं।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण कुमारी समृद्धि शर्मा द्वारा प्रस्तुत योग प्रदर्शन रहा। उन्होंने सिर पर जलता हुआ दीपक रखकर विभिन्न योग क्रियाओं का प्रदर्शन कर एकाग्रता, संतुलन और आत्मनियंत्रण का प्रभावशाली संदेश दिया। इसके पश्चात उपस्थित सभी भाई-बहनों को विभिन्न योगासन करवाए गए, जिनमें मुख्य अतिथि कैलाश सैनी ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**जीरकपुर नगर परिषद चुनाव में भारी लापरवाही का आरोप, वार्ड 2 और 26 में दोबारा मतदान की मांग**

# महिला आरक्षित वार्ड में पुरुष उम्मीदवार को चुनाव लड़ाने की अनुमति कैसे मिली, उठे गंभीर सवाल

**सपा नेता मदन शर्मा और निर्दलीय प्रत्याशी राज कुमार ने खोला मोर्चा, चुनाव प्रक्रिया पर उठाए गंभीर सवाल; कार्रवाई न होने पर कोर्ट जाने की चेतावनी**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 21 जून।** नगर परिषद चुनावों में अधिकारियों की बड़ी लापरवाही और धांधली का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। समाजवादी पार्टी के नेता एवं मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड पंजाब के उपाध्यक्ष मदन शर्मा ने चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए वार्ड नंबर 2 और 26 में दोबारा चुनाव कराने की मांग की है। पत्रकार वार्ता के दौरान सपा नेता ने आरोप लगाया कि चुनाव अधिकारियों की घोर लापरवाही के कारण पूरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया का मजाक बनकर रह गया है। पुरुष उम्मीदवार को महिला आरक्षित वार्ड से लड़ाया चुनाव, हैरान करने वाला मामला है।

सपा नेता के साथ मौजूद निर्दलीय उम्मीदवार राज कुमार सरसवाल ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली की पोल खोलकर रख दी। राज कुमार ने दावा किया कि उन्होंने वार्ड नंबर 26 से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था, लेकिन चुनाव अधिकारियों ने बेहद गैर-जिम्मेदाराना रवैया अपनाते हुए उन्हें वार्ड नंबर 2 से उम्मीदवार घोषित कर दिया और चुनाव चिह्न भी आवंटित कर दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि वार्ड नंबर 2 जब महिलाओं के लिए आरक्षित था, तो एक पुरुष उम्मीदवार को वहां से चुनाव लड़ने की अनुमति किस कानून के तहत दी गई? यह सीधे तौर पर एक बड़ी प्रशासनिक चूक और जांच का विषय है।

चुनाव लड़ने वाले राज कुमार सरसवाल ने बताया कि इस गड़बड़ी के बाद उन्होंने वार्ड नंबर 2 में कोई चुनाव प्रचार नहीं किया, क्योंकि वह उनका क्षेत्र ही नहीं था। इसके बावजूद हैरानी की बात यह रही कि मतदान के बाद उन्हें वहां से 21 वोट मिले। राज कुमार का आरोप है कि यदि अधिकारी मुस्तैदी दिखाते और उन्हें उनके मूल वार्ड नंबर 26 से चुनाव लड़ने का अवसर मिलता, तो चुनाव के परिणाम पूरी तरह अलग हो सकते थे। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग उठाई है।

पार्षदों के संपत्ति शपथ पत्रों की जांच और प्रधान के चुनाव पर रोक की मांग मामले को तूल देते हुए सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मदन शर्मा ने राज्य चुनाव आयोग से पुरजोर मांग की है कि वार्ड नंबर 2 और 26 के चुनावों को तुरंत निरस्त कर वहां नए सिरे से पुनर्मतदान कराया जाए। इसके साथ ही उन्होंने चुनाव ड्यूटी पर तैनात लापरवाह अधिकारियों की भूमिका की जांच कर उनके खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की अपील की है। मदन शर्मा ने पारदर्शिता का मुद्दा उठाते हुए कहा कि केवल जीरकपुर ही नहीं, बल्कि डेराबस्सी और लालड़ू नगर परिषद के भी सभी नवनिर्वाचित पार्षदों द्वारा दाखिल किए गए संपत्ति संबंधी शपथ पत्रों की गहनता से जांच होनी चाहिए।

> इतनी बड़ी गलती हो नहीं सकती लेकिन फिर भी चेक करते है। चुनाव के बाद यह मामला अब इलेक्शन कमीशन ही देख सकता है।
>
> **बलजीत सिंह सोही, बीडीपीओ**

सपा नेता ने साफ तौर पर कहा कि जब तक इस पूरे धांधली मामले की , निष्पक्ष जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक जीरकपुर नगर परिषद के प्रधान (प्रेसिडेंट) के चुनाव की प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाई जाए। उन्होंने प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय के भीतर राज्य चुनाव आयोग द्वारा इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो वे इंसाफ के लिए माननीय न्यायालय की शरण लेंगे। उधर, इन गंभीर आरोपों को लेकर चुनाव आयोग अथवा स्थानीय प्रशासन के किसी भी संबंधित अधिकारी की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान या प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# जीरकपुर के सैनी विहार में सरकारी ट्यूबवेल से स्टार्टर चोरी, 300 घरों की पानी सप्लाई प्रभावित

**ग्रिल तोड़कर वारदात को दिया अंजाम; लोगों ने ट्यूबवेलों की सुरक्षा बढ़ाने और सीसीटीवी लगाने की उठाई मांग**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 21 जून।** सैनी विहार फेज-3 में स्थित सरकारी ट्यूबवेल को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए उसके कमरे की ग्रिल तोड़कर स्टार्टर चोरी कर लिया। घटना के कारण ट्यूबवेल बंद हो गया और क्षेत्र के करीब 300 घरों की पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो गई। सुबह पानी नहीं आने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, चोर देर रात ट्यूबवेल परिसर में घुसे और कमरे की लोहे की ग्रिल तोड़कर अंदर लगा स्टार्टर निकाल ले गए। सुबह जब कर्मचारियों को इसकी जानकारी मिली तो जलापूर्ति बाधित होने का पता चला। गर्मी के मौसम में पानी की सप्लाई रुकने से स्थानीय निवासियों में नाराजगी देखने को मिली।

विभागीय ठेकेदार कुलदीप सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही कर्मचारियों को मौके पर भेजा गया। लोगों को राहत देने के लिए तुरंत दूसरा स्टार्टर लगाकर ट्यूबवेल को चालू किया गया, जिसके बाद जलापूर्ति बहाल कर दी गई। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में पानी की आपूर्ति प्रभावित होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, इसलिए विभाग ने प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि सरकारी ट्यूबवेलों से उपकरण चोरी होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था मजबूत नहीं की जा रही। लोगों ने ट्यूबवेल परिसरों में सुरक्षा बढ़ाने, नियमित निगरानी और सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### एरोसिटी में मनाया गया योग दिवस समारोह



**होशियारपुर ( तरसेम दीवाना)।** एरोसिटी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एरोसिटी, आईटी सिटी तथा अंबिका ला पेरिसियन के निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सामूहिक रूप से योग किया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्टार योगा फैमिली द्वारा डॉ. प्रमिला जी एवं प्रमोद जी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर वार्ड के एमसी हरविंदर सिंह, एरोसिटी ब्लॉक सी के प्रधान राजविंदर सिंह भाटिया, ब्लॉक ए आरडब्ल्यूए की ओर से प्रभजोत सिंह तथा अंबिका ला पेरिसियन के प्रधान शिवम ने भी भाग लिया और लोगों को योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य, फिटनेस एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया गया।

### सिविल अस्पताल होशियारपुर में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया



**होशियारपुर (अप्रस/तरसेम दीवाना)।** स्वास्थ्य विभाग होशियारपुर द्वारा सिविल सर्जन होशियारपुर डॉ. मनदीप कमल जी के दिशा-निर्देशों के तहत सिविल अस्पताल होशियारपुर में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग (Yoga for Healthy Ageing)' रही, जिसका उद्देश्य हर आयु वर्ग के लोगों को स्वस्थ, सक्रिय और आत्मनिर्भर जीवन के लिए योग अपनाने हेतु प्रेरित करना है। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी इंचार्ज डॉ. नवजोत सिंह और वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. नेहा पाल के नेतृत्व में डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मचारियों एवं अन्य स्टाफ सदस्यों द्वारा सामूहिक योग सत्र में भाग लिया गया। योग विशेषज्ञों की अगुवाई में विभिन्न योग आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया तथा योग करने की सही विधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### डेराबस्सी में 500 से अधिक लोगों ने किया योगाभ्यास



**डेराबस्सी (अप्रस/चौहान)।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतंजलि योग परिवार, डेराबस्सी की ओर से एटीएस वैली पब्लिक स्कूल परिसर में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर और आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे 500 से अधिक योग साधकों, बच्चों, महिलाओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर सामूहिक योग, प्राणायाम और ध्यान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रसिद्ध उद्योगपति विजय कालिया ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा, पूर्व विधायक एन.के. शर्मा, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गुरुदर्शन सिंह सैनी सहित नगर के पार्षद एवं कई सामाजिक कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### एसएसजीआई डेराबस्सी में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**डेराबस्सी (अप्रस/चौहान)।** श्री सुखमनी समूह शिक्षण संस्थान (एसएस जीआई), डेरा बस्सी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और सहभागिता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध योग प्रशिक्षक सुश्री शुभ लता स्वस्ति के मार्गदर्शन में विशेष योग सत्र आयोजित किया गया। इसमें प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन और श्वास संबंधी अभ्यास करवाए गए, जिनका उद्देश्य शारीरिक, मानसिक तथा भावनात्मक स्वास्थ्य को मजबूत बनाना था। सुश्री शुभ लता स्वस्ति ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योग अभ्यास से एकाग्रता बढ़ती है, शरीर में लचीलापन आता है, तनाव नियंत्रित रहता है तथा जीवन शैली अधिक स्वस्थ बनती है। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति को जीवन में संतुलन बनाए रखने और संपूर्ण स्वास्थ्य प्राप्त करने में सहायता करता है। संस्थान के चेयरमैन कंवलजीत सिंह ने कहा कि योग भारत की विश्व को दी गई अमूल्य धरोहर है, जो शरीर और मन के बीच सामंजस्य स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है।

# एसआईआर-2026 के तहत बूथ लेवल एजेंट्स की ट्रेनिंग हुई

**चुनाव प्रोसेस को ट्रांसपेरेंट और फेयर बनाने के लिए पॉलिटिकल पार्टियों का सहयोग ज़रूरी: शिखा भगत**

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**लुधियाना, 21 जून।** एडिशनल डिप्टी कमिश्नर-कम-एडिशनल डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर लुधियाना शिखा भगत ने बताया कि इलेक्शन कमीशन ऑफ़ इंडिया की गाइडलाइंस के मुताबिक, स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर)-2026 के तहत डिस्ट्रिक्ट लुधियाना के अलग-अलग असेंबली इलाकों के अलग-अलग पॉलिटिकल पार्टियों द्वारा नॉमिनेटेड बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलएज) की ट्रेनिंग 20 और 21 जून को हुई। यह ट्रेनिंग सेशन डिस्ट्रिक्ट लुधियाना के अलग-अलग असेंबली इलाकों के इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स ने लीड किया।

ट्रेनिंग के दौरान, बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलएज) को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन 2026 के पूरे प्रोग्राम, इलेक्शन कमीशन की तरफ से जारी इंस्ट्रक्शन्स और वोटर लिस्ट की एक्यूरेसी पक्का करने के बारे में डिटेल में जानकारी दी गई।

एडिशनल डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर शिखा भगत ने कहा कि इलेक्शन कमीशन ऑफ़ इंडिया वोटर लिस्ट को ज़्यादा सही, ट्रांसपेरेंट और अपडेटेड बनाने के लिए स्ढ्ढक्र कैंपेन चला रहा है। इस कैंपेन को सफल बनाने के लिए बूथ लेवल एजेंट्स की भूमिका बहुत ज़रूरी है, क्योंकि वे पॉलिटिकल पार्टियों और इलेक्शन एडमिनिस्ट्रेशन के बीच एक अहम कड़ी का काम करते हैं।

उन्होंने कहा कि 25 जून 2026 से बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) घर-घर जाकर वोटर्स को काउंटिंग फॉर्म बांटेंगे। इस दौरान, बीएलए, बीएलओज के साथ मिलकर यह पक्का करेंगे कि फॉर्म हर एलिजिबल वोटर तक पहुंचे और वोटर लिस्ट में कोई भी गलती या गलती समय पर ठीक हो जाए।

ट्रेनिंग के दौरान, बीएलओज को एन्यूमरेशन फॉर्म भरने के प्रोसेस के बारे में डिटेल में जानकारी दी गई और वोटर रजिस्ट्रेशन, नाम जोड़ने, करेक्शन और दूसरे इलेक्शन प्रोसेस के बारे में प्रैक्टिकल जानकारी भी दी गई। ऑफिसर्स ने पार्टिसिपेंट्स के सवालों के जवाब दिए और उनके डाउट्स दूर किए। इस मौके पर बीएलओज को एसआईआर-2026 से जुड़ी किट भी बांटी गई हैं और 25 जून से गिनती के फॉर्म बांटने का काम शुरू किया जाएगा।

एडिशनल डिप्टी कमिश्नर शिखा भगत ने सभी पॉलिटिकल पार्टियों, बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलएज) और आम जनता से अपील की कि वे चुनाव आयोग के इस ज़रूरी कैंपेन में बढ़-चढ़कर सहयोग करें, ताकि हर योग्य नागरिक का नाम वोटर लिस्ट में रजिस्टर हो सके और डेमोक्रेटिक प्रोसेस को और मज़बूत किया जा सके।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संत निरंकारी सत्संग भवन, जीरकपुर में योग शिविर आयोजित



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 21 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संत निरंकारी मंडल के निर्देशानुसार संत निरंकारी सत्संग भवन, जीरकपुर में प्रातः 6ः00 बजे से 7.00 बजे तक योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्थानीय ब्रांच मुखी सुरिंदर कुमार की देखरेख में सेवादल तथा साध-संगत के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्थानीय योग प्रशिक्षक हरिपाल सिंह ने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रतिभागियों को सूक्ष्म व्यायाम, विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा संतुलित आहार-विहार के महत्व पर भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि हमारी इन्द्रियों द्वारा ग्रहण की जाने वाली प्रत्येक बात का सीधा प्रभाव हमारे स्वास्थ्य और व्यक्तित्व पर पड़ता है।

हम आँखों से क्या देखते हैं, कानों से क्या सुनते हैं, जिह्वा से क्या बोलते और ग्रहण करते हैं, त्वचा से किस प्रकार का स्पर्श एवं वातावरण अनुभव करते हैं, नाक द्वारा कैसी वायु में श्वास लेते हैं तथा मन में किस प्रकार के विचार रखते हैं—इन सभी का हमारे जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि योग के नियमित अभ्यास से मन और इन्द्रियों पर नियंत्रण प्राप्त किया जा सकता है, जिससे व्यक्ति उत्तम स्वास्थ्य का स्वामी बन सकता है तथा जीवन में संतुलन और शांति बनाए रख सकता है।

# जहां मां का ऋण नहीं चुकाया जा सकता, वहां पिता का ऋण भी हम सात जन्मों तक नहीं चुका सकते: डॉ. आशीष सरीन

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर, 21 जून।** फादर्स डे के शुभ अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा पिता के त्याग को याद किया जा रहा है। इसी संबंध में अपने विचार साझा करते हुए ये शब्द 'हिज़ एक्सीलेंट इंस्टीट्यूट' और 'सेंट कबीर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चग्गरा' होशियारपुर के एमडी और प्रसिद्ध समाज सेवक डॉ. आशीष सरीन ने कुछ चुनिंदा पत्रकारों के साथ एक प्रेस वार्ता के दौरान साझा किए। डॉ. आशीष सरीन ने समस्त देश-विदेश के परिवारों को फादर्स डे की बधाई दी और पिता के रिश्ते की महानता पर प्रकाश डाला।

डॉ. आशीष सरीन ने बहुत ही भावुक शब्दों में कहा कि पिता परिवार की वह मजबूत ढाल है, जो अपने बच्चों की रोजी-रोटी और उज्ज्वल भविष्य के लिए सुबह ही घर से निकल पड़ता है और परिवार की सुख-सुविधाओं और खुशियों के लिए एक पिता दिन-रात कड़ी मेहनत करता है और अपने परिवार के लिए अपनी हर इच्छा को कुर्बान कर देता है।

उन्होंने आगे कहा कि जहाँ हम सभी अपनी जन्म देने वाली माँ का ऋण कभी नहीं चुका सकते, ठीक उसी तरह परिवार को पालने वाले पिता का ऋ्रण भी हम सात जन्मों तक नहीं चुका सकते। पिता भले ही ऊपर से कठोर दिखाई देता हो, पर अंदर से उसका दिल अपने बच्चों के लिए प्यार और चिंता से भरा होता है।

डॉ. सरीन ने इस खास दिन पर विशेष संदेश देते हुए समस्त युवा पीढ़ी से अपील की कि वे अपने माता-पिता के त्याग को हमेशा याद रखें, उनका तहे दिल से सम्मान करें और बुढ़ापे में उनका सहारा बनें। उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है।

# जगराओं में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया; डीएवी कॉलेज और कोर्ट कॉम्प्लेक्स में हुए कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं, 21 जून ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जगराओं में विभिन्न स्थानों पर योग शिविरों का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। इस दौरान डीएवी कॉलेज जगराओं और कोर्ट कॉम्प्लेक्स में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें भारी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

डीएवी कॉलेज में यह कार्यक्रम कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अनुज शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजिंदर शर्मा और भारत विकास परिषद के अध्यक्ष प्रिंसिपल चरणजीत सिंह भंडारी के नेतृत्व में हुआ। इस मौके पर पतंजलि की दिव्य योगशाला के मुख्य योग ट्रेनर शशि भूषण जैन ने अपनी सहायक ट्रेनर्स राधिका गोयल, शैली गुप्ता, मीनू वर्मा और नरेश वर्मा के साथ मिलकर उपस्थित लोगों को योगिक जॉगिंग, प्राणायाम और आसन करवाए। शशि भूषण जैन ने बताया कि रोज़ाना आधा घंटा योग या सूर्य नमस्कार करने से जीवनभर निरोग रहा जा सकता है।

कार्यक्रम में कई पार्षदों, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों और एनसीसी कैडेट्स सहित भारी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इसी तरह जगराओं कोर्ट कॉम्प्लेक्स में जज श्रीमती साक्षी चौधरी के नेतृत्व में योग दिवस मनाया गया। यहाँ भी पतंजलि दिव्य योगशाला के मुख्य ट्रेनर शशि भूषण जैन और उनकी टीम (राधिका गोयल, मीनू वर्मा, शैली गुप्ता और कैप्टन नरेश वर्मा) ने उपस्थित जजों, वकीलों और न्यायिक विभाग के स्टाफ को योग और प्राणायाम के गुर सिखाए।

बेहतर योग प्रशिक्षण देने के लिए योग ट्रेनर्स को सम्मानित भी किया गया। दोनों ही कार्यक्रमों में लोगों को योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

### मंत्रा स्टूडियो हैबतपुर रोड की ओर से गुलमोहर सिटी एक्सटेंशन में मनाया गया विश्व योग दिवस



अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 21 जून।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हैबतपुर रोड स्थित मंत्रा स्टूडियो की ओर से गुलमोहर सिटी एक्सटेंशन में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति से जुड़ी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम किए तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंत्रा स्टूडियो द्वारा विश्व योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को योग के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें नियमित रूप से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर मौना और गगनदीप कौर ने उपस्थित महिलाओं को योग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक तनाव को दूर कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है।

# डेराबस्सी-जीरकपुर में वारिस पंजाब दे की मजबूत दस्तक

## जोन कमेटियों के गठन से संगठन को मिली नई रफ्तार

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 21 जून।** गुरुद्वारा श्री नाभा साहिब जी, जीरकपुर में अकाली दल वारिस पंजाब दे की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं और विभिन्न क्षेत्रों की गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

बैठक के दौरान जीरकपुर और डेराबस्सी जोन की विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया। पार्टी नेताओं ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने के लिए हर जोन में टीमों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

उन्होंने बताया कि आने वाले समय में सभी जोनों का एक बड़ा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

इस अवसर पर अकाली दल वारिस पंजाब दे के वरिष्ठ नेता जसनदीप सिंह संधू और जिला प्रधान जगदीप सिंह हंसाला की ओर से हलका डेराबस्सी के गांव पंडवाला और कुड़ावाला में गुरुद्वारा साहिब की बन रही नई इमारतों के लिए सेवा के रूप में संबंधित गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों को 31-31 हजार रुपये की राशि भेंट की गई।

नेताओं ने कहा कि धार्मिक, सामाजिक और लोक कल्याण के कार्यों में सेवा करना हर व्यक्ति का फर्ज है और पार्टी हमेशा ऐसे कार्यों में अपना योगदान देती रहेगी। उन्होंने संगत का धन्यवाद करते हुए समाज की तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए मिलजुलकर काम करने की अपील की।

बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के सदस्यों ने भी संगठन को मजबूत करने और समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने में अपना सहयोग देने का भरोसा दिलाया।




# गैंगस्टर मॉड्यूल से जुड़े तीन आरोपी अमृतसर से गिरफ्तार; 3 पिस्तौल बरामद

गैंगवारों और जबरन वसूली में शामिल विदेश-आधारित गैंगस्टरों के निर्देशों पर काम कर रहे थे गिरफ्तार आरोपी: डीजीपी गौरव यादव

गिरफ्तार आरोपी पहले दर्ज हत्या और हत्या की कोशिश के मामलों में भी वांछित थे: एआईजी एसएसओसी सुखमिंदर मान

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**अमृतसर, 21 जून।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए जारी अभियान के दौरान संगठित अपराध और गैंगस्टर नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता के तहत स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) अमृतसर और काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) जालंधर ने केंद्रीय एजेंसी के समन्वय के माध्यम से विदेश-आधारित हैंडलरों से जुड़े गैंगस्टर मॉड्यूल का पर्दाफाश करके इसके तीन गुर्गों को तीन आधुनिक पिस्तौलों (विदेशी) और गोला-बारूद सहित गिरफ्तार किया है। यह जानकारी आज यहां पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बटाला के वड्डा थेथरके निवासी अनमोल सिंह उर्फ मोहला, बटाला के शाहपुर जाजन निवासी जगरूप सिंह उर्फ रूपा और अमृतसर के गेट हकीमां स्थित कवरियां वाली पुली के निवासी मोहित कुमार उर्फ जोबन के रूप में हुई है। यह सफलता एक अन्य आरोपी को पहले 26 आधुनिक हथियारों, जिनमें एक एके-47 राइफल और 25 पिस्तौलें शामिल थीं, सहित गिरफ्तार किए जाने के कुछ समय बाद ही सामने आई है। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार गिरफ्तार आरोपी विदेश-आधारित गैंगस्टरों के निर्देशों पर काम कर रहे थे, जो पंजाब में गैंगवार, जबरन वसूली और अन्य अवैध गतिविधियों में शामिल हैं। अपने हैंडलरों के निर्देशों पर उक्त आरोपी हथियारों की खेप हासिल करके आगे आपराधिक कार्रवाइयों को अंजाम देते थे।

### समग्र नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच जारी

डीजीपी ने कहा कि समग्र नेटवर्क का पता लगाने, अन्य आरोपियों की पहचान, पिछली आपराधिक गतिविधियों की गुत्थी सुलझाने और विदेशी हैंडलरों के इशारे पर काम कर रहे संगठित अपराध सिंडिकेट के खात्मे आदि को केंद्र में रखकर आगे की जांच की जा रही है। कार्रवाई के विवरण साझा करते हुए एआईजी एसएसओसी अमृतसर सुखमिंदर सिंह मान ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर ऑपरेशन में पुलिस टीमों ने अनमोल उर्फ मोहला, जगरूप उर्फ रूपा और मोहित उर्फ जोबन को तीन विदेशी एवं आधुनिक पिस्तौलों और गोली-बारूद सहित गिरफ्तार कर लिया। एआईजी ने बताया कि जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी अनमोल और मोहित सितंबर 2025 में कमिश्नरेट पुलिस अमृतसर में दर्ज हत्या के मामले और जून 2026 में बटाला में दर्ज हत्या की कोशिश के मामले में भी शामिल थे। इसके अलावा अनमोल और उसके साथियों को ऐसे कई अन्य काम भी सौंपे गए थे, जिन्हें पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया। इस संबंध में शस्त्र अधिनियम की धारा 25 और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 111 तथा 61(2) के तहत पुलिस थाना एसएसओसी अमृतसर में एफआईआर संख्या 40 दिनांक 20.06.2026 दर्ज की गई है।

# चोरी के ऑटो में सवार होकर लूटमार करने वाले 2 शातिर आरोपी गिरफ्तार

पकड़े गए आरोपियो ने शिमला के रहने वाले युवक को अपना निशाना बनाया था

लूटमार की गई नकदी और जरूरी दस्तावेज बरामद

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी




**चंडीगढ़, 21 जून।** यूटी पुलिस ने चोरी के ऑटो पर सवार होकर लूटमार करने वाले दो शातिर ड्डह्लद्बश्च4श्व को गिरफ्तार किया है। जबकि मामले में एक आरोपी फरार बताया गया।पकड़े गए आरोपियो की पहचान सैक्टर 25 निवासी 39 वर्षीय अशोक उर्फ शौकी और सैक्टर 38 वेस्ट निवासी 40 वर्षीय रवि के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में पकड़े गए आरोपियो के कब्जे से लूटमार की गई नकदी और जरूरी दस्तावेज बरामद किए।

**क्या था मामला:** जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता हिमाचल के जिला शिमला निवासी हेमराज ने पुलिस को बताया कि वह 18/19 जून.2026 की रात को जब वह शिमला से ट्रांसपोर्ट लाइट पर पहुंचा और ट्रांसपोर्ट लाइट से हल्लो माजरा के लिए एक ऑटो किराए पर लिया।लेकिन चालक और उसके दो सहयोगियों ने उनके साथ हाथापाई की और 36 हजार रुपये नकद, पैन और आधार कार्ड लूट लिए। उसे ऑटो से बाहर फेंक दिया और भाग गए। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना और टेक्निकल तकनीक के जरिए पता चला कि हाल ही में लूटमार करने वाले ऑटो सवार सैक्टर 25 स्थित रैली ग्राउंड के पास सक्रिय है। मामले को गंभीरता से लेते हुए और यूटी पुलिस के आला अधिकारियो के दिशा निर्देशों के चलते पुलिस की टीम ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कि तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने तुरंत उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि उन्होंने सेक्टर 41 मार्केट से ऑटो चुराया और बाद में इसका इस्तेमाल लूटपाट के लिए किया और फिर ऑटो रिक्शा को छोड़ दिया। क्राइम में शामिल तीसरे व्यक्ति को पकड़ने के लिए आगे की जांच जारी है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियो से अलग अलग नकदी बरामद की है।

# रिकॉर्ड उपलब्ध कराने में लापरवाही पर बिजली लोकपाल सख्त




डीएचबीवीएन से 15 दिन में मांगी रिपोर्ट

गुरुग्राम निवासी की अपील पर लोकपाल का फैसला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 21 जून।** हरियाणा के बिजली लोकपाल राकेश कुमार खन्ना ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) की कार्यप्रणाली पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए अधिकारियों को 15 दिन के भीतर उपभोक्ता से वसूल की जाने वाली बकाया राशि का ब्यौरा तय करने के निर्देश दिए हैं। यह निर्देश गुरुग्राम निवासी करमचंद गोगिया द्वारा दायर अपील की सुनवाई के दौरान पारित किया गया।

सुनवाई में लोकपाल ने पाया कि डीएचबीवीएन के अधिकारी कई अवसर दिए जाने के बावजूद पुराने बिजली कनेक्शन से संबंधित आवश्यक रिकॉर्ड, एम एंड पी जांच रिपोर्ट, लेजर विवरण तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध कराने में विफल रहे हैं।

अंतरिम आदेश में लोकपाल ने कहा कि रिकॉर्ड के स्थानांतरण अथवा बिलिंग एजेंसी बदलने का तर्क निगम को अपनी वैधानिक जिम्मेदारियों से मुक्त नहीं करता। मामले की गंभीरता को देखते हुए बिजली लोकपाल ने डीएचबीवीएन के निदेशक (ऑपरेशन), हिसार को निर्देश दिए हैं कि वह अपने कार्यालय अथवा किसी उपयुक्त स्थान पर एक विशेष समन्वय बैठक अथवा शिविर आयोजित करें। इस बैठक की अध्यक्षता कॉरपोरेट उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम (सीजीआरएफ), यूएचबीवीएन के अध्यक्ष करेंगे।

लोकपाल ने स्पष्ट किया कि सभी अधिकारी तब तक कार्य करेंगे जब तक कि उपलब्ध दस्तावेजों और उचित तर्कों के आधार पर अंतिम एवं ऑडिटेड आंकड़ा निर्धारित नहीं हो जाता। मामले की अगली सुनवाई 10 जुलाई को बिजली लोकपाल, हरियाणा के पंचकूला स्थित कार्यालय में होगी।
















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# 'पितृत्व की रक्षा, बचपन की रक्षा है; पिता केवल भरण-पोषण का साधन नहीं हैं' : रोहित डोगरा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** फादर्स डे पूरे विश्व में पिताओं के प्रेम, त्याग, समर्पण और अपने बच्चों के प्रति उनके आजीवन योगदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। लेकिन भारत में जहां मातृत्व और महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा होती है, वहीं पिताओं के योगदान, संघर्षों और अधिकारों को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है।

फादर्स डे 2026 के अवसर पर सेव इंडियन फैमिली-चंडीगढ़ ने परिवार और बच्चों के जीवन में पिता की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए परिवार कानूनों में आवश्यक सुधार तथा साझा अभिभावकत्व कानून लागू करने की मांग की।

इस अवसर पर रोहित डोगरा ने कहा पिता केवल भरण-पोषण या आर्थिक सहायता का साधन नहीं हैं। पिता एक संरक्षक, मार्गदर्शक, शिक्षक, प्रेरक और बच्चे के जीवन का भावनात्मक आधार होते हैं। दुर्भाग्यवश आज के सामाजिक और कानूनी माहौल में अनेक पिताओं को केवल आर्थिक जिम्मेदारियां निभाने तक सीमित कर दिया गया है, जबकि उन्हें अपने ही बच्चों के जीवन में सक्रिय भूमिका निभाने से वंचित किया जाता है।

उन्होंने कहा कि आज अनेक वैवाहिक विवादों में पिताओं से बच्चों के पालन-पोषण का पूरा खर्च वहन करने की अपेक्षा की जाती है, लेकिन उन्हें अपने बच्चों से नियमित मिलने, बातचीत करने और उनके जीवन में सार्थक भागीदारी का अवसर नहीं दिया जाता। रोहित डोगरा ने कहा कि आजकल अनेक वैवाहिक विवादों में बच्चों को अनजाने में संघर्ष का माध्यम बना दिया जाता है। दुर्भाग्यवश कई मामलों में बच्चों का उपयोग भरण-पोषण (मेंटेनेंस), गुजारा भत्ता (एलिमनी) तथा अभिरक्षा (कस्टडी) से जुड़े विवादों में दबाव बनाने के साधन के रूप में किया जाता है। ऐसे मामलों में सबसे अधिक नुकसान बच्चे का होता है, जो दोनों अभिभावकों के स्नेह और संतुलित पालन-पोषण से वंचित हो जाता है।

रोहित डोगरा ने आगे कहा कि पिताओं को बच्चों से दूर करने की बढ़ती प्रवृत्ति तथा पैरेंटल एलियनेशन एक गंभीर सामाजिक समस्या बनती जा रही है, जिस पर राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा की आवश्यकता है।

जो समाज मातृत्व का सम्मान करता है लेकिन पितृत्व की उपेक्षा करता है, वह परिवार व्यवस्था में असंतुलन पैदा करता है। एक बच्चे को मां और पिता दोनों की आवश्यकता होती है। माता और पिता प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि बच्चे के जीवन के दो समान स्तंभ हैं।




फादर्स डे के अवसर पर SIF-चंडीगढ़ के स्वयंसेवकों ने स्नेहालय फॉर बॉयज़ (CWC), मलोया, चंडीगढ़ में रह रहे केयर एवं प्रोटेक्शन की आवश्यकता वाले बच्चों (Children in Need of Care and Protection - CNCP) के साथ एक यादगार और भावनात्मक दोपहर बिताई। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना, उन्हें अपनापन महसूस करवाना तथा उनके भीतर आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना था।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बच्चों और स्वयंसेवकों ने योग एवं प्राणायाम सत्र में भी भाग लिया। इसके बाद बच्चों के साथ लूडो, शतरंज (चेस) तथा अन्य मनोरंजक खेल खेले गए। स्वयंसेवकों ने बच्चों के साथ समय बिताया, उनकी बातों को सुना, गीत, संगीत, डांस, उनके सपनों और आकांक्षाओं को जाना तथा उन्हें शिक्षा, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने तथा टीम भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से SIF स्वयंसेवकों द्वारा बच्चों को बैडमिंटन रैकेट, बास्केटबॉल, रग्बी बॉल, कॉस्को क्रिकेट बॉल, सॉफ्ट लेदर क्रिकेट बॉल तथा अन्य खेल सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की गई। उपहार प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

कार्यक्रम में विशेष फादर्स डे केक कटिंग समारोह, जलपान तथा दोपहर के भोजन का भी आयोजन किया गया। इस पूरे आयोजन का उद्देश्य बच्चों को यह एहसास कराना था कि वे समाज के लिए महत्वपूर्ण हैं, उनकी खुशियां मायने रखती हैं और उन्हें भी प्रेम, स्नेह, मार्गदर्शन तथा उज्ज्वल भविष्य के समान अवसर मिलने चाहिए।

इस कार्यक्रम में महेश कुमार, एम के गुप्ता, अंकुर शर्मा, रविंदर सिंह, जसदीप सिंह, जसमीत सिंह, नवीन कुमार, जसजोत सिंह, संदीप कुमार, हरदीप कुमार, गुरप्रीत सिंह, संजय भंबरी, अमनदीप सिंह, रंजित गुप्ता, साहिल लखनपाल तथा अन्य स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

सेव इंडियन फैमिली (एसआईएफ)-चंडीगढ़ एक गैर-लाभकारी, स्व-वित्तपोषित, स्वयंसेवी आधारित पंजीकृत एनजीओ है और भारत के पुरुष अधिकार आंदोलन (सेव इंडियन फैमिली यानी- एसआईएफ आंदोलन) का हिस्सा है। SIF 2003 से पारिवारिक और वैवाहिक सद्भाव के लिए काम कर रहा है। हम एक आंदोलन के रूप में 2003 से पूरे भारत में कार्यरत हैं और आज संकटग्रस्त पुरुषों और परिवारों की सहायता के लिए सबसे बड़ी हेल्पलाइन 08882-498-498 चलाते हैं, साथ ही भारत भर में 25 से अधिक स्थानों पर भाईचारे की सहायता के लिए साप्ताहिक बैठकों का सबसे बड़ा नेटवर्क भी संचालित करते हैं।

## फ्यूजन फेस्ट 2026 में दिव्यांग कलाकारों के लिए 5 लाख पुरस्कार की घोषणा



**प्रशासक ने संगीत को युवा सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण का प्रभावी माध्यम बताया**


अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने आज चंडीगढ़ के टैगोर थिएटर में संस्कृति विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा आयोजित 'फ्यूजन फेस्ट 2026' के अंतर्गत विश्व संगीत दिवस 2026 समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम में संस्कृति सचिव डॉ. सैयद आबिद रशीद शाह भी उपस्थित रहे। इस आयोजन में संगीत, नृत्य और दृश्य कला के माध्यम से दिव्यांग कलाकारों एवं बच्चों की असाधारण प्रतिभा, रचनात्मकता और दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित किया गया।

एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए श्री कटारिया ने दिव्यांग कलाकारों के लिए 5 लाख के नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। इस प्रकार की यह पहली पहल है, जिसका उद्देश्य उनकी कलात्मक उपलब्धियों तथा समाज में उनके योगदान को प्रोत्साहित करना और सम्मानित करना है।

सभा को संबोधित करते हुए प्रशासक ने कहा कि संगीत एक सार्वभौमिक भाषा है, जो सभी प्रकार की सीमाओं को पार कर लोगों को जोड़ने, आत्मविश्वास बढ़ाने और सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग कलाकारों की प्रतिभा, दृढ़ इच्छाशक्ति और उपलब्धियां समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं तथा यह सिद्ध करती हैं कि प्रतिभा किसी भी शारीरिक सीमा की मोहताज नहीं होती। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों और कलाकारों द्वारा उल्लेखनीय प्रस्तुतियां दी गईं। मुख्य आकर्षण वी आर वन (WAO) की प्रस्तुति रही, जो भारत का पहला पेशेवर व्हीलचेयर डांस समूह है।

## योग को जीवनशैली बनाने का संदेश, योग प्रतियोगिता में प्रतिभागीओं को दिए पुरस्कार



**नीमा सोनीपत द्वारा जंडू फार्मास्युटिकल्स एवं केरल आयुर्वेदा के सहयोग से किया**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

राई। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार सुबह पंजाबी बिरादरी भवन में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नीमा सोनीपत द्वारा जंडू फार्मास्युटिकल्स एवं केरल आयुर्वेदा के सहयोग से किया गया, जिसमें करीब 200 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन वैद्य राजीव गुप्ता ने किया, जबकि योग प्रशिक्षक बबीता एवं प्रीति ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। योग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों में डॉ. परवीन अनेजा, सुमन अनेजा, संजय सेहरा, कामनी सेहरा, डॉ. राजीव बत्रा, डॉ. मिगलानी, डॉ. मनोज राय तथा डॉ. विद्याभूषण चौधरी सहित अन्य प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इसके बाद पौधे वितरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। नीमा सोनीपत के अध्यक्ष डॉ. मनोज राय ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, योग प्रशिक्षकों, सहयोगी संस्थाओं एवं आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने की एक प्रभावी पद्धति है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।

## बिहार व झारखंड के छात्रों के लिए पीयूसीए की 50 करोड़ की छात्रवृत्ति योजना



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**राजपुरा।** पंजाब अनएडेड कॉलेजेज एसोसिएशन (पीयूसीए) ने पटना (बिहार) और रांची (झारखंड) में दो शिक्षा बी2बी समिट आयोजित किए, जिनमें पंजाब के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों और दोनों राज्यों के सैकड़ों शिक्षा सलाहकारों ने भाग लिया। इस अवसर पर पीयूसीए ने भागीदार संस्थानों के माध्यम से मेधावी एवं जरूरतमंद छात्रों के लिए 50 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति की घोषणा की। पीयूसीए के अध्यक्ष एवं आर्यन्स ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, राजपुरा के चेयरमैन डॉ. अंशु कटारिया ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उद्योगोन्मुख पाठ्यक्रम, किफायती फीस, सुरक्षित माहौल और बेहतर प्लेसमेंट के कारण पंजाब उत्तर भारत में उच्च शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। उन्होंने बताया कि बिहार में हर वर्ष लगभग 12.5 लाख और झारखंड में 4 लाख से अधिक विद्यार्थी 12वीं उत्तीर्ण करते हैं, जिससे गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा की मांग लगातार बढ़ रही है। पंजाब के विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग, नर्सिंग, फार्मेसी, लॉ, मैनेजमेंट और स्किल आधारित संस्थान देशभर के छात्रों को बेहतर अवसर प्रदान कर रहे हैं। डॉ. कटारिया ने कहा कि बिहार और झारखंड के लोगों का पंजाब की कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। समिट में 500 से अधिक शिक्षा सलाहकारों और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर शिक्षा सहयोग को मजबूत बनाने पर चर्चा की।

# दूषित मन और मलिन आत्मा वालों ने बुंदेलखंड को किया था बदनाम : मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

महोबा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर महोबा में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने योगाभ्यास पर जोर देते हुए विपक्षियों पर करारा प्रहार भी किया। सीएम ने कहा कि योग शरीर, मन, बुद्धि व आत्मा में समन्वय की प्रेरणा देता है। स्वस्थ शरीर से स्वस्थ मस्तिष्क, स्वस्थ मस्तिष्क से स्वस्थ बुद्धि, स्वस्थ बुद्धि से स्वस्थ आत्मा होती है और स्वस्थ आत्मा ही लोककल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है। जो लोग अवैध कब्जा करते हैं, नकारात्मक बुद्धि के साथ नकारात्मकता पैदा करते हैं। उनकी आत्मा मलिन और मन दूषित है। बीमार मानसिकता के साथ काम करने वाले ऐसे लोगों ने प्रदेश को डुबोया और बुंदेलखंड को बदनाम किया था। मुख्यमंत्री ने मोदी ग्राम में 697 करोड़ से अधिक की लागत से 88 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। यहां महोबा के विकास को समर्पित लघु फिल्म भी दिखाई गई।

मुख्यमंत्री ने गुरु गोरखनाथ की साधना स्थली महोबा की आध्यात्मिकता, ऐतिहासिकता, वीरता पर प्रकाश डाला। कहा कि 12-13 वर्ष बाद गोरखगिरि पर्वत पर ऊपर जा पाया। वहां भोलेनाथ से प्रार्थना की, फिर बाबा गोरखनाथ की साधना स्थली (गुफा व मंदिर) में दर्शन किया। गोरखगिरि पर्यटन स्थल के नए केंद्र के रूप में स्थापित हुआ। सीएम ने इस पहल, सहयोग व योगदान के लिए विधायक राकेश गोस्वामी, पूर्व सांसद पुष्पेंद्र चंदेल समेत स्थानीय पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखगिरि में रोपवे लगाएंगे और इसे एडवेंचर टूरिज्म के केंद्र के रूप में विकसित करेंगे। सीएम ने महोबा महोत्सव से पहले इस पहाड़ी पर चढ़ने के लिए एक सप्ताह तक स्थानीय, जनपद, बुंदेलखंड, राज्य, राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित करने और यहां रेस्तरां, होटल आदि खोलने की संभावनाओं को बढ़ाने पर जोर दिया। कहा कि आल्हा-उदल के शौर्य/पराक्रम के प्रतीक अखाड़ों का निर्माण करके नौजवानों को फिर से वीर भाव के साथ प्रेरित कर सकें।



मुख्यमंत्री ने कहा कि महोबा ऊर्जा की भूमि है। महोबा कभी महोत्सव के लिए प्रसिद्ध था। यहां से निकलने वाले ग्रेनाइट पत्थर से केवल टाइल्स या मकान ही नहीं बनते बल्कि यह देश के नवनिर्माण में यह भूमि योगदान देती है। यह भूमि सिर्फ वीर-वीरांगनाओं को ही नहीं गढ़ती, बल्कि राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका का भी निर्माण करती है। चंदेल राजाओं ने जल संरक्षण के लिए तालाब खोदकर इस भूमि पर लोक कल्याण कार्यक्रम को बढ़ाया। हमारी सरकार ने यहां के दशावरी पान को जियो टैग के साथ वैश्विक मान्यता दिलाई है। माटी का प्रभाव है कि यहां पैदा होने वाले इस पान का स्वाद कहीं और नहीं मिलता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दशकों पहले बनी अर्जुन सहायक परियोजना पूरी नहीं हो पाई। हमारी सरकार ने इसे मिशन मोड पर लेकर इसे पूरा कराया और 2021 में परियोजना के लोकार्पण में पीएम मोदी को बुलाया। इससे महोबा और बांदा के हजारों हेक्टेयर लैंड को सिंचाई की सुविधा मिली। किसानों को सम्मान मिला और उनके जमीन की कीमत बढ़ी, जिससे अन्नदाता खुशहाल हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार जब बुंदेलखंड आया तो यहां की कनेक्टिविटी, खनन, वन, हावी भूमाफिया को देखकर भौचक हो गया। यहां की बहनें मिट्टी का घड़ा ढोकर जीवन काट देतीं थीं, लेकिन हमने बहनों, बेटियों व माताओं के लिए हर घर जल की योजना को लागू की। सीएम ने जल संरक्षण पर जोर दिया। कहा कि जल संरक्षण के लिए चंदेल राजाओं ने तालाब बनाए थे। आप भी प्रयास करें कि जल की एक भी बूंद का दुरुपयोग नहीं होने देंगे। सीएम ने तालाबों को जल संरक्षण की दृष्टि से तैयार करने पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने माफिया को मिट्टी में मिलाकर बुंदेलखंड को एक्सप्रेसवे से जोड़ा। यहां का जवान सेना में भर्ती होकर राष्ट्र की रक्षा करता है तो बुंदेलखंड में बनने वाली तोप-बंदूक से दुश्मन थरथरा उठता है। उप्र के डिफेंस मैन्युफेक्चरिंग कॉरिडोर में बनी ब्रह्मोस मिसाइल ऑपरेशन सिंदूर में जिस दिन दागी गई थी तो पाकिस्तान माफी मांगते हुए जान की भीख मांग रहा था। मिसाइल ने साबित कर दिया कि यह पाकिस्तान हिंदुस्तान से क्या ही लड़ पाएगा। सरकार चाहती है कि आने वाले समय में मिसाइल का हब बुंदेलखंड, हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट, झांसी बने।

## एयरो सिटी में मैक्स अस्पताल, ब्रह्मा कुमारिस द्वारा आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में 272 लोगों ने भाग लिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

मोहाली। मैक्स अस्पताल मोहाली व ब्रह्मा कुमारिस के सहयोग से रविवार को एयरो सिटी, मोहाली में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में 272 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में योगासन, श्वास व्यायाम,मेडिटेशन और माइंडफुल लिविंग और समग्र कल्याण के महत्व पर केंद्रित स्वास्थ्य जागरूकता सत्र शामिल थे। इस अवसर पर बोलते हुए, मैक्स में मेडिकल ऑन्कोलॉजी सलाहकार डॉ आकांक्षा ने कहा, योग शारीरिक और



मानसिक स्वास्थ्य दोनों को बनाए रखने का एक शक्तिशाली साधन है।

नियमित अभ्यास से लचीलापन बढ़ाने, तनाव कम करने, एकाग्रता बढ़ाने और समग्र कल्याण में योगदान करने में मदद मिल सकती है। प्रतिदिन कुछ मिनटों का योग भी किसी के स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है।

## गोण्डा में भव्यता और उत्साह के साथ मनाया 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

गोण्डा। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद गोण्डा में उत्साह, अनुशासन और व्यापक जनसहभागिता के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य जनपदीय योग कार्यक्रम पुलिस लाइन गोण्डा में आयोजित हुआ, जिसमें राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री राजेश वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

इस अवसर पर सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह, मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी, पुलिस उपमहानिरीक्षक अशोक शुक्ला, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद तथा अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने अतिथियों का स्वागत स्वयं सहायता समूह 'अरगा' द्वारा तैयार किए गए बैग और स्मृति चिह्न भेंट कर किया।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। उन्होंने लोगों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।


अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर करनैलगंज स्थित सिंचाई डाक बंगला में भी विशेष योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी कंचन वर्मा ने की।

## रामदेव के साथ योगासन करते दिखे सीएम चंद्रबाबू और मंत्री लोकेश, हर घर तक योग पहुंचाने का संकल्प

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

अमरावती। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और मंत्री नारा लोकेश ने योग गुरु बाबा रामदेव के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। अमरावती के इंदिरा गांधी म्युनिसिपल स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हजारों विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर घोषणा की कि राज्य के स्वर्णग्राम और स्वर्णवार्ड कार्यालयों में स्थायी योग मंदिर स्थापित किए जाएंगे, ताकि योग को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

कार्यक्रम में बाबा रामदेव ने सुबह से ही प्रतिभागियों को योग, प्राणायाम, अनुलोम-विलोम और विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और मंत्री नारा लोकेश ने भी उनके साथ योगासन किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है तथा राज्य सरकार 'घर-घर योग, संपूर्ण स्वास्थ्य' के लक्ष्य पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को योग को वैश्विक पहचान दिलाने का श्रेय देते हुए कहा कि आज 190 से अधिक देशों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत विश्वगुरु है और योग के माध्यम से दुनिया को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखा रहा है। चंद्रबाबू ने कहा कि आध्यात्मिकता और तकनीक का समन्वय ही भविष्य का मार्ग है तथा इससे एक स्वस्थ, समृद्ध और खुशहाल आंध्र प्रदेश का निर्माण संभव है। उन्होंने बताया कि राज्य में 1.33 लाख केंद्रों पर एक करोड़ से अधिक लोग योग से जुड़े हैं। योग गतिविधियों की निगरानी के लिए जिला और मंडल स्तर पर अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी तथा 'योग आंध्र' के लिए एक विशेष पोर्टल भी विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने लोगों से जंक फूड छोड़ने, प्राकृतिक खेती अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की अपील की। इस अवसर पर राज्य को 1.07 करोड़ नागरिकों और 2.5 लाख प्रशिक्षकों की भागीदारी के लिए दो विश्व रिकॉर्ड प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री राममोहन नायडू, श्रीनिवास वर्मा, कई मंत्री, जनप्रतिनिधि और योग विशेषज्ञ उपस्थित रहे।





## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगमय हुआ आरेडिका, हजारों लोगों ने लिया स्वस्थ जीवन का संकल्प

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका), रायबरेली में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 का आयोजन ''स्वस्थ आयु के लिए योग'' थीम के तहत उत्साह और व्यापक जनभागीदारी के साथ किया गया। महाप्रबंधक रामन कृष्णन के मार्गदर्शन में सप्ताहभर चले कार्यक्रमों का समापन 21 जून को गोमती इंडोर स्टेडियम में आयोजित मुख्य योग समारोह के साथ हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत सभी प्रतिभागियों द्वारा सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' के गायन से हुई। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रसारित संदेश देखा गया। योगाचार्य अमित त्रिपाठी के निर्देशन में महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों ने कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया।



योग दिवस के अवसर पर अधिकारी क्लब, सुपरवाइजर क्लब और कर्मचारी क्लब सहित आरेडिका के विभिन्न परिसरों में भी योग शिविर आयोजित किए गए। इनमें महिलाओं, कर्मचारियों और उनके परिवारजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

योग सप्ताह के दौरान 16 से 20 जून तक सामूहिक योग सत्र, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन, योग टॉक, साइकिल रैली, जागरूकता रैली, मानसिक स्वास्थ्य शिविर और नुक्कड़ नाटक जैसी अनेक गतिविधियां आयोजित की गईं। स्काउट एवं गाइड के बच्चों द्वारा निकाली गई रैली और छोटे बच्चों के नुक्कड़ नाटक ने योग के महत्व का प्रभावी संदेश दिया।

कार्यक्रम का संचालन आदित्य प्रकाश ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव ने दिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर आरेडिका परिवार ने योग को स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवनशैली का आधार बताते हुए इसे नियमित रूप से अपनाने का संदेश दिया।

# आंध्र में हिरासत मौतों का आरोप, वाईएसआरसीपी सांसदों ने एनएचआरसी से की स्वतंत्र जांच की मांग

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

नई दिल्ली। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (YSRCP) ने आंध्र प्रदेश में कथित हिरासत मौतों और पुलिस उत्पीड़न के मामलों को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) में शिकायत दर्ज कराई है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने वाली पुलिस ही मानवाधिकारों का उल्लंघन कर रही है, जिससे राज्य में लोगों के बीच भय और असुरक्षा का माहौल पैदा हो गया है।

वाईएसआरसीपी सांसद डॉ. मद्दिला गुरुमूर्ति और डॉ. गुम्मा तनुजारानी ने नई दिल्ली में एनएचआरसी अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यम से मुलाकात कर एक विस्तृत याचिका सौंपी। सांसदों ने आयोग को समाचार रिपोर्टों, पीड़ित परिवारों की शिकायतों और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मामले की निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच कराने की मांग की।

शिकायत में विजयवाड़ा के कृष्णालंका थाना क्षेत्र से जुड़े दो मामलों का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है। पहला मामला साईकृष्ण नामक युवक की संदिग्ध मौत का है। वाईएसआरसीपी का आरोप है कि साईकृष्ण के लापता होने के बाद उसकी मौत हुई और परिवार को उसकी स्थिति के बारे में समय पर जानकारी नहीं दी गई। पार्टी नेताओं ने आशंका जताई है कि यह मामला हिरासत में मौत से जुड़ा हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा है तो यह संविधान और मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है।



सांसदों ने एनएचआरसी से गिरफ्तारी रिकॉर्ड, हिरासत संबंधी दस्तावेज, स्टेशन डायरी, सीसीटीवी फुटेज, मेडिकल रिकॉर्ड, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक साक्ष्यों की जांच कराने की मांग की। साथ ही यह भी पता लगाने की अपील की कि गिरफ्तारी और हिरासत के दौरान सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित डी.के. बसु दिशानिर्देशों का पालन किया गया था या नहीं।

दूसरा मामला 42 वर्षीय क्रांति कुमार की आत्महत्या से जुड़ा है। शिकायत के अनुसार, क्रांति कुमार ने जहर खाने से पहले एक वीडियो रिकॉर्ड किया था, जिसमें उन्होंने कृष्णालंका सर्किल इंस्पेक्टर नागराजू पर पिछले तीन महीनों से लगातार उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। वाईएसआरसीपी ने यह वीडियो भी आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया और इसकी फोरेंसिक जांच की मांग की।

पार्टी ने दोनों मामलों में कृष्णालंका सर्किल इंस्पेक्टर नागराजू की भूमिका की जांच करने, उनके खिलाफ पूर्व में दर्ज शिकायतों और सेवा रिकॉर्ड की समीक्षा करने तथा किसी स्वतंत्र एजेंसी या विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने की मांग की है। साथ ही पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की गई है। ड्रस्त्रक्षक ने एनएचआरसी से मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है।

# आस्था का अद्भुत केंद्र सिंहाचलम : चंदन की परत में वर्षभर विराजते हैं भगवान नरसिंह

भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार को समर्पित एक दिव्य मंदिर सिंहाचलम मंदिर है। बता दें कि यहां पर भगवान नरसिंह की मूर्ति से सिर्फ 24 घंटे के लिए 'चंदन की परत' हटाई जाती है। वहीं तभी यह मंदिर दर्शन के लिए खुलता है। इस मंदिर को भगवान नरसिंह का घर कहा जाता है।

आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में सिंहाचलम मंदिर स्थित है। जोकि आस्था और वास्तुकला का एक अद्भुत संगम है। वराह लक्ष्मी नरसिम्हा मंदिर विशाखापट्टनम से करीब 16 किमी दूर है। जोकि सिंहाचल पर्वत की चोटी पर स्थित है। इस वजह से मंदिर को सिंहाचलम मंदिर के नाम से जाना जाता है। बताया जाता है कि इस मंदिर का निर्माण खुद प्रह्लाद ने कराया था।

भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार को वीरता और उग्रता का प्रतीक माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक हिरण्यकश्यपु का वध करने के बाद भगवान नरसिंह का क्रोध बेहद बढ़ गया था। ऐसे में सभी देवताओं को उनको शांत कराने का प्रयास असफल रहा।

तब भगवान नरसिंह अपने परम भक्त प्रह्लाद की प्रार्थना पर शांत हुए और सिंहाचलम पर्वत पर प्रकट हुए थे। भगवान नरसिंह के तेज और उग्रता को कम करने के लिए उनको चंदन से शीतल रखा जाता है। यही वजह है कि वह साल भर तक चंदन से ढके रहते हैं, जिससे उनका स्वरूप सौम्य बना रहे।



चंदन की मोटी परत से ढके रहने की वजह से भगवान नरसिंह की मूर्ति शिवलिंग के आकार में दिखती है। वहीं सिर्फ अक्षय तृतीया के मौके पर ही चंदन हटाया जाता है। जिसको 'निजरूप दर्शन' या 'चंदनोत्सव' कहा जाता है। श्रद्धालु इस दिन भगवान के असली विग्रह हो देख पाते हैं।

ऐसे में इस मंदिर में अक्षय तृतीया के मौके पर भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। वहीं नरसिंह जयंती के मौके पर यहां श्रद्धालु पहुंचते हैं। आमतौर पर भगवान नरसिंह के अन्य मंदिरों में आपको उनका उग्र रूप देखने को मिलेगा। लेकिन सिंहाचलम मंदिर में भगवान माता लक्ष्मी के साथ बेहद शांत और सौम्य मुद्रा में विराजमान हैं। अगर मंदिर के वास्तुकला की बात की जाए, तो इस मंदिर में चालुक्य, चोल और कलिंग शैलियों का अद्भुत मिश्रण देखने को मिलेगा।

# संतों की तपस्या समाज को सकारात्मक दिशा देने का करती है कार्य : कादियान

**चिरस्मी में तपस्या पूर्ण होने पर, पुरखास राठी स्थित दादा गाजी मर्द धाम पर धार्मिक कार्यक्रम**



अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। गांव चिरस्मी में भीषण गर्मी के बीच पांच धूना के मध्य जगमहेंद्र नाथ द्वारा की गई 41 दिन की तपस्या के समापन पर रविवार को हवन यज्ञ, विशाल भंडारे और स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र भर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र कादियान ने पहुंचकर जगमहेंद्र नाथ जी का आशीर्वाद लिया। उन्होंने भंडारे में सेवा भी की और श्रद्धालुओं के साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। विधायक कादियान ने कहा कि संतों की तपस्या केवल व्यक्तिगत साधना नहीं, बल्कि समाज और मानवता के कल्याण का माध्यम होती है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में तप, त्याग और परोपकार का विशेष महत्व है तथा नई पीढ़ी को इन मूल्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर प्रवीन, हर्ष, बिजेंद्र, सुरेंद्र चिरस्मी, पार्थ मलिक, देवेंद्र सिंह, संदीप, सुरेंद्र, नरेंद्र सहित काफी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण उपस्थित रहे। उधर गांव पुरखास राठी स्थित दादा गाजी मर्द धाम पर रविवार को वार्षिक भंडारे एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

धार्मिक कार्यक्रम में गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। ग्रामीणों ने फूलमाला से स्वागत किया। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि हमारे धार्मिक स्थल केवल आस्था के केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सेवा भावना के भी प्रतीक हैं। कार्यक्रम में ऋषि राठी, सुमित राठी, मंदीप राठी, सरपंच प्रतिनिधि सीनू जांगड़ा, रामेहर दहिया, सीता पुरखास, उमेद पंडित, संदीप, राजा राठी, हनुमान कश्यप, बिजेंद्र राठी, बिजेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से आठ वर्षीय बच्ची घायल, मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। बादशाही रोड स्थित बीएसटी कॉलोनी के पास तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से एक आठ वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बच्ची को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रानी निवासी चैनत, जिला हांसी ने बताया कि वह करीब 20 दिन पहले अपने दोनों बच्चों के साथ अपने भाई मोनू के पास गन्नौर में रहने के लिए आई हुई थी। शुक्रवार सुबह वह अपनी बेटी महक और अपने भाई के दोस्त अमित कुमार के साथ बादशाही रोड स्थित बीएसटी कॉलोनी के पास खड़ी थी। इसी दौरान सड़क पार करते समय एक बाइक चालक तेज रफ्तार में आया और उसकी बेटी महक को टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची के कंधे, पैर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं।

# योग भारत की वैश्विक पहचान बना : कार्तिकेय शर्मा



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और लोगों को योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन जीने की कला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज यह भारत की सबसे बड़ी सॉफ्ट पावर बनकर उभरा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र में रखे गए प्रस्ताव के बाद 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया।

# योग स्वस्थ जीवन का आधार, नियमित अभ्यास करें: बिजेंद्र मलिक



अर्थ प्रकाश संवाददाता

मुंडलाना। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बीडीपीओ कार्यालय परिसर में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर अधिकारियों, कर्मचारियों और क्षेत्रवासियों के साथ योगाभ्यास किया।बिजेंद्र मलिक ने कहा कि योग भारत की प्राचीन अमूल्य धरोहर है, जो आज पूरी दुनिया में अपनाया जा रहा है। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि नियमित योग से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है और आत्मबल में वृद्धि होती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग आज जन आंदोलन बन चुका है। युवाओं से उन्होंने योग को दिनचर्या में शामिल करने की अपील की।कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम करवाए। उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया और नियमित योग करने का संकल्प लिया।

# इन्सान की चाल दुनिया और दुनियादारी पर आधारित



सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

जिनको भक्ति वाला रंग भाता है, जिनको सत्संग प्रिय है, जो सेवा के लिए तन-मन-धन से हमेशा उत्साहित रहते हैं, ऐसे भाव से युक्त होकर, ऐसे महान उसूलों पर टिक कर जो जीन के सफर को तय कर रहे हैं, वाकइ ही उसी के कारण वातावरण सुखद बनते हें, उसी के कारण चैन की महसूसियत होती है। इसीलिए आगे भी संसार को यही प्रेरणा देते हैं कि हे चैन और शान्ति के अभिलाषियों, पहले वो मर्म तो जान लो कि किस प्रकार से ये चैन और शान्ति जीवन में आती है, उसके लिए तुझे वो कदम उठाने होंगे। अभी तू जी रहा है केवल और केवल सांसारिक तल के उपर। तेरी सोच, तेरे भाव, तेरे ख्याल, तेरी चाल सब दुनिया और दुनियादारी के ऊपर आधारित है। तेरी दौड़ लगी हुई है पदार्थे के लिए। तू हमेशा मन में दूसरों के प्रति विपरीत भावना रखता है। तू नफरत, वैर, ईर्ष्या की आग अपने सीने में जलाये यरखता है और प्रलोभनों से युक्त होकर दूसरो के हक छीनने से भी गुरेज़ नहीं करता है।

जैसे कहीं पर भी हम अपने शरीर को आराम देने के लिए उस वक्त उस वातावरण को हम अनुकूलित कर देते हैं जो हमारे कमरे का वातावरण हे उसके साथ अगर कर्मी लग रहे है तो उसको अनुकूलित कर देते हैं, कूलर, ए.सी. का सहारा ले लेते हैं। इसी प्रकार से जीवन के सफर को तय करते हुए अगर इन्सान चैन चाहता है तो महापुरुषों ने कहा है कि-

**जउ सुख कउ चाहै सदा**
**सरनि राम की लेह**

जहां पर ये कदम उठाना कि राम को जीवन में ले आना, इस हरि परमात्मा से नाता जोड़ लेना, इसको हृदय मे बसास लेना, जिसकी बदौलत फिर ये तमाम दिव्य गुण जीवन में आते चले जाते हैं, वो तो कदम तू उठाता नहीं है। राम की तरफ तो तेरे कदम बढ़ते नहीं हैं, इसको धारण करने, इसको अपनाने की तरफ तो तेरे कोई यत्न होते नहीं हैं और दूसरी तरफ तेरी चाहना चैन की, शान्ति की, ठण्डक की। एक तरफ तो इन्सान दुहाई देता है कि मुझे ठण्डक मिले लेकिन वो इलाज क्या ढूंढता है? वो कदम क्या उठाता है? वो कोयले की जलती हुई भट्टी क पास जा बैठता है और सुनने वाला हैरान होता है कि अज़ीब सा इन्सान है अभी तो कह रहा था मुझे ठण्डक चाहिए, शीतलता चाहिए, अगर ठण्डक लेनी है तो कहीं वृक्ष के नीचे जाकर छाया में बैठ जाये, कहीं तालाब या नदी में अपने शरीर को भिगोये तो इसे ठण्डक मिले। ये तो उल्टा कोयले की जलती हुई भट्टी के पास जाकर बैठ गया है। यानि कि उस तपिश में और ज्यादा इजाफा, कि पहले ही गर्मी की दुहाई दे रहा है और उल्टा जाकर साधन क्या अपनाता है कि जलत हुई कोयले की भट्टी के पास जहां तापमान ज्यादा उंचा है, वहां पर जाकर बैठ गया। ता ऐसे इन्सान को कहते हैं कि ये नादान है।

महापुरुषोंने युगों युगों से यही कहा है कि इन्सान तेरी चाहत कुछ और है लेकिन उसका ईलाज तू कुछ और करता है, साधन कोई और अपनाता है। ढंग वो अपनाता है जो उससे विपरीत असर रखने वाले हैं। इसलिए अगर तू चाहता है सच्चा सुख-सुकून तो तुझे राम की शरण में जाना होगा।

## पंचांग

सोमवार, 22 जून, 2026, सूर्योदयः 05:21 ए एम, सूर्यास्तः 07:29 पी एम, चन्द्रोदयः 12:53 पी एम, चन्द्रास्तः 12:34 ए एम, जून 23, शक सम्वतः 1948 पराभव, विक्रम सम्वतः 2083 सिद्धार्थी, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः ज्येष्ठ, पूर्णिमान्त महीनाः ज्येष्ठ, वारः सोमवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः अष्टमी - 03:39 पी एम तक, नक्षत्रः उत्तराफाल्गुनी - 10:22 ए एम तक, योगः व्यतीपात - 10:31 ए एम तक, करणः बव - 03:39 पी एम तक, द्वितीय करणः बालव - 04:05 ए एम, जून 23 तक, सूर्य राशिः मिथुन, चन्द्र राशिः कन्या, राहुकालः 07:07 ए एम से 08:53 ए एम, गुलिक कालः 02:11 पी एम से 03:57 पी एम, यमगण्डः 10:39 ए एम से 12:25 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:57 ए एम से 12:53 पी एम, दुर्मुहूर्तः 12:53 पी एम से 01:50 पी एम, दुर्मुहूर्तः 03:43 पी एम से 04:39 पी एम, वर्ज्यः 07:18 पी एम से 09:00 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** आप में से कुछ साझेदारी से बड़ा लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आप अपने संपर्कों को बढ़ाएंगे और कुछ लाभकारी संपर्क भी स्थापित करेंगे।

**वृषः** आज अधिकारी आपके कार्य की प्रशंसा करेंगे। कोई अच्छी खबर मिल सकती है। नए अवसर भी मिलेंगे।

**मिथुनः** बिजनेस और नौकरी में परिवार से सहयोग मिलेगा। कार्यस्थल पर सोच-समझकर बोलें। उन्नति के रास्ते खुलेंगे।

**कर्कः** आज मन स्थिर न होने से आप थोड़े परेशान हो सकते हैं, लेकिन शाम तक बेहतर महसूस करेंगे। कोई बड़ा फैसला लेने में आपको परेशानी महसूस हो सकती है।

**सिंहः** घर पर कुछ मेहनत भरा या ज्यादा समय लेने वाला काम भी निपटाना पड़ेगा। कोई ऐसा काम करने की इच्छा हो सकती है जिससे आने वाले दिनों में आपको फायदा होगा।

**कन्याः** आज पैसों से जुड़ा कोई मामला आसानी से सुलझ जायेगा। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। किसी दोस्त के सकारात्मक प्रभाव से आपके स्वभाव में चेंज आयेगा।

**तुलाः** कर्ज से छुटकारा मिल सकता है। अपने काम पर पूरी नजरे रखें। अधिकारियों से सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिकः** आज आप मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे। आप अपने विचारों से अन्य व्यक्तियों को सहमत कराने में कुछ हद तक सफल हो सकते हैं।

**धनुः** घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। कुछ जरुरी काम थोड़ी ही मेहनत करने से पूरे हो जायेंगे।

**मकरः** आर्थिक मामलों में सुधार हो सकता है। नए कॉन्टैक्ट से फायदा हो सकता है। आपके कामकाज की तारीफ भी होगी।

**कुंभः** आज आपको मदद मिलेगी और काम समय पर पूरे होंगे। समय भी आराम से बीतेगा।

**मीनः** आज आपको लाभ के कुछ अवसर प्राप्त हो सकते हैं। इस राशि के जो लोग बेरोजगार है, उन्हें रोजगार पाने का सुनहरा अवसर मिल सकता है।

# टेंडर लगाकर नगर पालिका ने 1 जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर के अलावा 7 कर्मचारी 1 साल के लिए किए तैनात

**नगरपालिका के सभी नालो की सफाई का कार्य करते रहेगें काम**

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

**गन्नौर।** नगर पालिका ने शहर में नालों की बेहतर सफाई के लिए 1 साल का टेंडर लगाकर 22 लाख रुपए की लागत से एक जेसीबी मशीन, एक ट्रैक्टर चालक सहित व 7 अन्य व्यक्ति साफ सफाई के कार्य करने के लिए टेंडर लगाकर कार्य पर लगा दिए हैं । नल की साफ सफाई स्लैब उठाने व अन्य सफाई कार्य में जहां भी सहयोग की जरूरत रहेगी यह सा व्यक्ति ठेकेदार की तरफ से हर समय उपलब्ध रहेंगे । नगर पालिका द्वारा किए गए सफाई के टेंडर में गन्नौर के रेलवे रोड पर दोनों तरफ बने नाले बेग रोड घुमड़ रोड वह खेड़ी गुर्जर रोड के दोनों तरफ बने नालों की बेहतर ढंग से सफाई करवाई जाएगी ताकि बरसात के मौसम में बरसात का पानी निकासी में कोई दिक्कत ना आए ।



टेंडर के अनुसार नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि उक्त नालों की एक साल के लिए जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर से यह कर्मचारी साफ सफाई का लगातार कार्य करते रहेंगे।

**6 महीने में तीन बार और एक बार बरसात के बाद रहेगी प्राथमिकताः एम ई**


नगर पालिका के म्यूनिसिपल इंजीनियर राहुल मोर ने बताया कि नगर पालिका द्वारा 1 साल के लिए टेंडर लगाकर जेसीबी मशीन ट्रैक्टर व उनके साथ- 7 कर्मचारी लिए गए हैं जो कि शहर में सभी नालों की साफ सफाई का कार्य करते रहेंगे। इसके अलावा जो जन स्वास्थ्य विभाग के नाले हैं उनकी सफाई का कार्य जन स्वास्थ्य विभाग करवाएगा ।

**नालों की सफाई में कोठी मिलने पर नगरपालिका को करें शिकायतः सचिव**

नगर पालिका सचिव प्रदीप ने बताया कि टेंडर लगाकर शहर की सफाई करने की जिम्मेदारी नालों की उक्त एजेंसी की है अगर कहीं पर भी नालों की सफाई में कहीं कमी मिले तो उनकी शहर के लोगों से अपील है कि वह नगरपालिका को अवगत करवा। संज्ञान में आने के बाद नाले की सफाई करवाने के साथ-साथ एजेंसी के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी ।

# पुस्तकें सनातन संस्कृति, इतिहास और राष्ट्र चेतना को संरक्षित करने का संदेश देती : ईश्वर कश्यप

**गांव की चौपाल में लेखक नरेश दास वैष्णव निम्बार्क की पुस्तकों का विमोचन**



अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

**गन्नौर।** गांव रामनगर की चौपाल में सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी, लेखक नरेश दास वैष्णव निम्बार्क की पुस्तकों का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश स्वामी रहे, जबकि अध्यक्षता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर कश्यप ने की। मंच संचालन रविन्द्र स्वामी ने किया। विमोचित पुस्तकों में यात्रा बंदूक से कलम तक, महंत बने महाराजा, रामनगर 422 वर्षों का अनसुना इतिहास, रणभूमि से तीर्थभूमि तक, जगतगुरु निम्बार्काचार्यजी तथा स्वर्णप्रस्था की गाथा प्रमुख रहीं। इसके अलावा वैष्णव बैरागी परंपरा और भारतीय इतिहास पर आधारित प अंग्रेजी पुस्तकों का भी लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर नरेश दास वैष्णव निम्बार्क ने कहा कि 18 वर्षों के शोध के बाद उन्होंने सोनीपत के महाभारतकालीन इतिहास तथा रामनगर के 422 वर्षों के इतिहास को पुस्तक के रूप में प्रस्तुत किया है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर कश्यप ने कहा कि उनकी पुस्तकें सनातन संस्कृति, इतिहास और राष्ट्र चेतना को संरक्षित करने का संदेश देती हैं। इस अवसर पर ग्रामीण उपस्थित रहे।

# योग से स्वस्थ जीवन का संदेश, विद्यार्थियों ने दिखाया कौशल

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



राई। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राई ब्लॉक स्थित गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम सुभाष चंद्र ने की। इसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों, पंचायत प्रतिनिधियों और क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम में प्रशिक्षित योग शिक्षकों ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की क्रियाओं का अभ्यास कराया। विद्यार्थियों ने भी आकर्षक योग प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। प्रतिभागियों ने नियमित योग अपनाकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।अपने संबोधन में एसडीएम सुभाष चंद्र ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाती है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से तनाव दूर होता है और व्यक्ति स्वस्थ व सकारात्मक जीवन जी सकता है। उन्होंने लोगों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की।इस अवसर पर बीडीपीओ ज्ञानेंद्र, बीईओ उषा नैन, मंडल अध्यक्ष वेदपाल शास्त्री, सरपंच फूल कुमार, प्राचार्य नरेंद्र कुमार तथा आयुष विभाग के अधिकारियों सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने योग को जन-जन तक पहुंचाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

# 14 जुलाई तक चलेगा मतदाता सत्यापन अभियान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



खरखौदा। उपमंडल खरखौदा में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)- 2026 की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम अमित कुमार ने की। इसमें सुपरवाइजर और बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को मतदाता सूची के सत्यापन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

एसडीएम अमित कुमार ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि 15 जून से शुरू हुआ गणना एवं सत्यापन अभियान 14 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण, संग्रहण और मतदाताओं का सत्यापन कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी मतदाता का नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज न हो और ऑनलाइन प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी की जाए। बैठक में बीएलओ और सुपरवाइजरों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान भी किया गया। एसडीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी अभियान को सफल बनाने में सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि 14 जुलाई तक गणना प्रपत्र जमा कराने वाले पात्र मतदाताओं के नाम 21 जुलाई को प्रकाशित होने वाली प्रारूप मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि बीएलओ के घर पहुंचने पर आवश्यक दस्तावेज और दो नवीनतम रंगीन पासपोर्ट आकार के फोटो उपलब्ध कराकर सत्यापन कार्य में सहयोग करें।

# बीजेपी ने की दो-तिहाई बहुमत की जुगाड़, लोकसभा में पास होगा परिसीमन बिल !

## –टूट की सियासी घटना ने एनडीए सरकार के हौसलों को सातवें आसमान पर पहुंचाया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विपक्षी दलों में लगातार हो रही टूट की सियासी घटना ने केंद्र की सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के हौसलों को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। सरकार में यह भरोसा बढ़ रहा है कि अगले महीने शुरू होने वाले संसद के मॉनसून सत्र तक वे संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए जरुरी दो-तिहाई बहुमत का जादुई आंकड़ा हासिल कर लेंगे। एक रिपोर्ट में एक केंद्रीय मंत्री के हवाले से बताया गया है कि हमें पूरा भरोसा है कि मॉनसून सत्र तक हम महिला आरक्षण को लोकसभा और विधानसभा सीटों के नए परिसीमन से जोड़ने वाले संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए जरूरी संख्या बल जुटा लेंगे।

केंद्र सरकार दो बेहद अहम संविधान संशोधन विधेयकों को संसद से हरी झंडी दिखाने की तैयारी में है, जिनके लिए संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत अनिवार्य है। महिला आरक्षण और परिसीमन। इस कानून के जरिए देश में महिला आरक्षण को लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने और सीमाओं को दोबारा तय करने के लिए परिसीमन की प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा। बीजेपी साल 2029 के आम चुनाव से काफी पहले पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का कानून बनाना चाहती है। बीजेपी रणनीतिकारों का मानना है कि एक साथ चुनाव होने से पार्टी को राज्य चुनावों में भी राष्ट्रीय मुद्दों जैसे सुरक्षा, संप्रभुता और राष्ट्रीय गौरव पर वोट मांगने का सीधा लाभ मिलेगा।

बता दें 540 की प्रभावी संख्या वाली वर्तमान लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत के लिए 360 वोटों की जरुरत है। लोकसभा में एनडीए की वर्तमान ताकत 293 है। तृणमूल कांग्रेस के 28 में से 20 बागी सांसदों के जुड़ने की उम्मीद है। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) के 9 में से 6 बागी सांसदों के आने की संभावना है। इन दोनों को मिलाकर यह आंकड़ा 319 तक पहुंच जाता है, जो अभी भी 360 के लक्ष्य से दूर है। हालांकि बीजेपी के शीर्ष नेताओं ने बताया है कि वह इस बात से पूरी तरह आश्वस्त हैं कि 37 लोकसभा सांसदों वाली समाजवादी पार्टी समेत कई अन्य विपक्षी दल अगले कुछ हफ्तों में बड़ी बगावत का स्वाद चखने वाले हैं। बीजेपी के एक सूत्र ने कहा कि अगले कुछ हफ्तों में कई विपक्षी दलों के भीतर ऐसे राजनीतिक भूकंप आने वाले हैं, जो उन्हें अंदर से पूरी तरह खोखला कर देंगे।

विपक्ष को डर है कि पूरे देश में होने वाला यह नया परिसीमन बीजेपी को एक स्थायी संरचनात्मक लाभ दे सकता है। विपक्षी दल असम में हुए परिसीमन का उदाहरण देते हैं, जहां कुछ खास आबादी वाले क्षेत्रों की सीमाओं को इस तरह बदला जिससे विपक्ष की पारंपरिक सीटों का गणित बिगड़ गया। लोकसभा में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भी सरकार पर राजनीतिक लाभ के लिए विपक्षी नेताओं के निर्वाचन क्षेत्रों को मनमाने ढंग से बदलने का आरोप लगाया था। हालांकि, सरकार इन आरोपों को खारिज करती रही है। सरकार का तर्क है कि 1971 की जनगणना के बाद से आबादी में भारी बढ़ोतरी के बावजूद सीटें नहीं बढ़ाई गई हैं, इसलिए यह सुधार अब अपरिहार्य हो चुका है। बीजेपी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि विपक्षी दलों को तोड़ना और देश के राजनीतिक परिदृश्य को बदलने वाले ऐतिहासिक कानूनों को पारित कराना पीएम मोदी की उस विरासत का हिस्सा है, जिसे वे देश के सामने छोड़ना चाहते हैं।

# अकासा एयर फ्लाइट को मिली बम की धमकी से हड़कंप

श्रीनगर (एजेंसी)। श्रीनगर एयरपोर्ट पर रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब अकासा एयर की एक उड़ान में बम होने की धमकी से जुड़े तीन हस्तलिखित नोट बरामद हुए। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों की विस्तृत जांच के बाद विमान में कोई भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली और धमकी को झूठा करार दिया गया। जानकारी के अनुसार, अकासा एयर की फ्लाइट संख्या क्यूपी-1121 मुंबई से श्रीनगर पहुंची थी। विमान के सुरक्षित लैंड करने और यात्रियों के उतरने के बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत नियमित एंटी-सबोटेज जांच की जा रही थी। इसी दौरान विमान के अंदर तीन हस्तलिखित नोट मिले, जिनमें बम होने की धमकी दी गई थी। धमकी भरे नोट मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो गईं। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड को मौके पर बुलाया गया तथा पूरे विमान की गहन तलाशी ली गई। इसके साथ ही बम थ्रेट असेसमेंट कमेटी की आपात बैठक भी बुलाई गई। सुरक्षा एजेंसियों ने सभी पहलुओं की जांच करने के बाद पाया कि विमान में कोई विस्फोटक सामग्री या संदिग्ध वस्तु मौजूद नहीं थी। कमेटी ने इस धमकी को अफवाह और शरारतपूर्ण हरकत करार दिया। घटना के बाद श्रीनगर एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक कड़ा कर दिया गया। हालांकि अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस दौरान हवाई सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़ा और अन्य उड़ानों का संचालन सामान्य रूप से जारी रहा। यात्रियों को भी किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। जांच पूरी होने और विमान को सुरक्षित घोषित किए जाने के बाद उसे आगे की उड़ान के लिए अनुमति दे दी गई। इसके बाद वही विमान फ्लाइट संख्या क्यूपी-1122 के रूप में अपनी अगली यात्रा पर रवाना हुआ। इस मामले में अकासा एयर ने स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अब विमान में धमकी भरे नोट छोड़ने वाले व्यक्ति या व्यक्तियों की पहचान करने और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने में जुटी है। सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि हवाई सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की धमकी को गंभीरता से लिया जाता है और ऐसी घटनाओं में कड़ी कार्रवाई की जाती है।

# गोवा अवैध खनन मामला- ईडी ने 1,024 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की

## -भारत और सिंगापुर में सलगांवकर समूह की संपत्तियों पर शिकंजा

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गोवा के चर्चित अवैध लौह अयस्क खनन मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए सलगांवकर समूह (एवीएस ग्रुप) और उससे जुड़ी कंपनियों की 1,023.85 करोड़ रुपये की संपत्तियां अटैच की हैं। इनमें भारत और सिंगापुर में स्थित अचल संपत्तियां तथा भारतीय कंपनियों के शेयर शामिल हैं। ईडी के अनुसार, अटैच की गई संपत्तियों में भारत की 99 अचल संपत्तियां, जिनकी कीमत लगभग 459.10 करोड़ रुपये है, शामिल हैं। इसके अलावा सिंगापुर में स्थित 31 संपत्तियां, जिनका मूल्य 471.32 करोड़ रुपये बताया गया है, भी कार्रवाई के दायरे में आई हैं। भारतीय कंपनियों के 93.42 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर भी जब्त किए गए हैं। जांच एजेंसी का आरोप है कि एवीएस समूह ने वर्ष 2007 से 2012 के बीच गोवा में 10 खनन पट्टों के माध्यम से अवैध रूप से लौह अयस्क का खनन, बिक्री और निर्यात किया। ईडी के अनुसार इस गतिविधि से 2,492.95 करोड़ रुपये की अवैध कमाई हुई। एजेंसी ने दावा किया है कि लौह अयस्क के निर्यात में कीमतों को कम दिखाया गया और विदेशी शेल कंपनियों के माध्यम से चीन को निर्यात किया गया। जांच के दौरान कथित अपराध से अर्जित कुल आय 5,237.84 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। ईडी की इस कार्रवाई को गोवा के अवैध खनन मामलों में अब तक की बड़ी कार्रवाइयों में से एक माना जा रहा है। मामले की जांच अभी जारी है और आने वाले समय में अन्य संपत्तियों तथा संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ भी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

# पटाखा फैक्ट्री में धमाका, एक की मौत, 25 झुलसे

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु के थूथुकुडी जिले के मसारपट्टी गांव में पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका हो गया। इस दर्दनाक हादसे में एक कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 25 से ज्यादा मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। धमाका इतना शक्तिशाली था कि फैक्ट्री परिसर का एक हिस्सा मलबे में तब्दील हो गया। सप्ताहांत होने के कारण फैक्ट्री में 50 से ज़्यादा कर्मचारी मौजूद थे। कुछ अपनी हफ्ते भर की मजदूरी ले रहे थे तो कुछ पटाखे बना रहे थे। अचानक एक कमरे में रखे पटाखों में धमाका हो गया यह घटना शनिवार शाम को हुई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस और दमकल विभाग के कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस धमाके की वजह का पता लगाने के लिए जांच कर रही है।

# बरेली में मुठभेड़ में चार डकैत गिरफ्तार, दो के पैर में लगी गोली

बरेली (एजेंसी)। पुलिस ने चुरेली नहर पुलिया के पास देर रात दो महिलाओं से कुंडल लूटने वाले चार बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है, जबकि उनके दो साथी मौके से फरार हो गए। देवरनिया के कनमन गांव निवासी चंद्रपाल ने अपनी पत्नी व सलहज के साथ लौटते समय हुई कुंडल लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने सर्विलांस व एसओजी टीम की मदद से जांच में छह बदमाशों की संलिप्तता पाई। देर रात पुलिस टीम पचपेड़ा चौराहे पर चेकिंग कर रही थी, तभी दो बाइक पर सवार छह संदिग्ध युवक आते दिखे। पुलिस को देख वे भागे, पीछा करने पर उनकी बाइक फिसलकर गिर गई। इसके बाद चार बदमाश खेतों की ओर भागे और पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में विकास और सौरभ के पैर में गोली लगी। पुलिस ने विकास, सौरभ, ललित और सचिन नामक चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया, जो नवाबगंज के पड़री गांव निवासी हैं। आरोपितों के पास से लूटे गए कुंडल, तमंचे व कारतूस बरामद हुए हैं। घटना में शामिल उनके दो साथी मौके से फरार होने में कामयाब रहे।

# तमिलनाडु में शराब बाज़ार खुलेगा ग्लोबल कंपनियों के लिए

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु शराब के कारोबार में बड़े बदलाव की तैयारी है, जहाँ ग्लोबल कंपनियों के प्रवेश से बाजार का स्वरूप बदल सकता है। विजय सरकार का विचार है कि इस कदम से न केवल एक्साइज राजस्व में वृद्धि होगी, बल्कि शराब के ज्यादा विकल्प मिलने से पड़ोसी राज्यों जैसे बेंगलुरु और पुडुचेरी की ओर जाने वाले ग्राहकों को रोका जा सकता है। अभी तक बाजार कई सालों से लोकल डिस्टिलरी के दबदबे में रहा है, जिससे ग्राहकों के पास ब्रांड्स के सीमित विकल्प थे। विजय सरकार का मानना है कि बाज़ार को ग्लोबल ब्रांड्स के लिए खोलने से कस्टमर्स को बनाए रखने और नए कस्टमर्स को आकर्षित करने में मदद मिलेगी, जिससे राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। इन बदलावों के तहत, तमिलनाडु स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन (टीएएसएमएसी) की दुकानों का भी आधुनिकीकरण किया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि इसका मकसद ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाना और उन्हें खरीदारी के लिए अच्छा माहौल देना है। हाल ही में 717 टीएएसएमएसी आउटलेट्स के बंद होने से करोड़ों रुपए का रेवेन्यू नुकसान हुआ है। इसकी भरपाई और ग्राहकों को ज्यादा विकल्प देने के लिए, सरकार शराब के और भी ब्रांड्स को बेचने की इजाजत देने की योजना बना रही है, जिसमें ग्लोबल ब्रांड्स भी शामिल की जाएंगे। यह नई नीति ग्राहकों को विविधता प्रदान करने और उन्हें तमिलनाडु में ही खरीदारी करने के लिए प्रेरित करेगी। रेवेन्यू के नुकसान को रोकना एक्साइज डिपार्टमेंट की एक और अहम प्राथमिकता है। एक अधिकारी ने बताया कि डिपार्टमेंट में पॉलिटिकल कनेक्शन वाले अधिकारियों का ट्रांसफर करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि रेवेन्यू लीकेज को पूरी तरह से रोका जा सके। यह नीतिगत बदलाव राज्य के शराब बाज़ार को नया आयाम दे सकता है और सरकार के राजस्व में महत्वपूर्ण वृद्धि ला सकता है।

# सांसद अभिषेक के करीबी पर शिकंजा

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के करीबी सहयोगी सुमित रॉय के खिलाफ पश्चिम मेदिनीपुर के देबरा थाने में धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज किया गया है। फरार चल रहे सुमित पहले से भूमि कब्जा मामले में भी आरोपी हैं। शिकायत में पूर्व विधायक सुजॉय हाजरा का नाम भी शामिल है। पुलिस और सीआईडी मामले की जांच कर रही हैं। पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर जिले में उनके खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का नया मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को इसकी पुष्टि की। पुलिस के अनुसार, सुमित रॉय पहले से ही एक कथित भूमि कब्जा (लैंड ग्रैब) मामले में आरोपी हैं। इस मामले में उनकी तलाश की जा रही है और पश्चिम बंगाल पुलिस ने उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किया है। रॉय काफी समय से फरार बताए जा रहे हैं।

# समंदर में बढ़ी भारत की ताकत, नौसेना में शामिल हुए तीन स्वदेशी युद्धपोत

## –पीएम मोदी बोले– भारत अब केवल हथियारों का खरीदार नहीं, बल्कि आधुनिक रक्षा उपकरणों का निर्यातक भी बना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय नौसेना की समुद्री ताकत को और मजबूत करते हुए रविवार को तीन स्वदेशी युद्धपोतों को नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया। कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस दूनागिरी, एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट आईएनएस अग्रय तथा सर्वे वेसेल लार्ज आईएनएस संशोधक का औपचारिक रूप से कमीशन किया गया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत अब केवल रक्षा उपकरणों का खरीदार देश नहीं रहा, बल्कि आधुनिक हथियारों और सैन्य तकनीक का निर्माण कर अन्य देशों को निर्यात भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि देश की बढ़ती आत्मनिर्भरता और रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 21 जून को विश्व हाइड्रोग्राफी दिवस भी मनाया जाता है और इसी दिन भारत के सबसे आधुनिक हाइड्रोग्राफी जहाज आईएनएस संशोधक का नौसेना में शामिल होना एक महत्वपूर्ण संयोग है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की आर्थिक और सामरिक शक्ति उसके समुद्री सामर्थ्य पर निर्भर करती है और भारत इस वास्तविकता को भली-भांति समझता है।

पीएम मोदी ने कहा कि आईएनएस विक्रांत से लेकर आज तक की यात्रा केवल नए युद्धपोतों के निर्माण की नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता की यात्रा है। उन्होंने कहा कि आईएनएस अग्रय, आईएनएस दूनागिरी और आईएनएस संशोधक इस अभियान को नई गति प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने शिपबिल्डिंग क्षेत्र में किए गए सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार घरेलू निर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। शिपबिल्डिंग, शिप रिपेयर और एमआरओ को राष्ट्रीय मिशन के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे देश की औद्योगिक क्षमता और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा समुद्र को सहयोग और शांति का माध्यम माना है, लेकिन शांति की रक्षा के लिए सामर्थ्य और सुरक्षा भी आवश्यक है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में समुद्री क्षेत्र लाखों युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा स्रोत बनेगा और विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# जम्मू-कश्मीर में हिजाब और बुर्के में मुस्लिम लड़कियों ने किया योग

## –युवाओं ने पानी के अंदर किया योग, एलजी सिन्हा ने दी शुभकामनाएं



**जम्मू (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देशभर में योग को लेकर उत्साह देखने को मिला। देश और दुनिया भर में बड़ी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास किया। इस साल योग दिवस की थीम है स्वस्थ बुढ़ापे के लिए योग। इस आयोजन की खास बात यह रही कि मुस्लिम लड़कियों ने बुर्के और हिजाब में योग किया। बढ़ते तनाव और स्वास्थ्य से जुड़ी आधुनिक चुनौतियों के बीच, योग उम्मीद की एक मजबूत किरण है। योग दिवस के अवसर पर जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने शुभकामनाएं दीं। जम्मू-कश्मीर में इंटरनेशनल डे ऑफ़ योगा के मौके पर समाज के हर वर्ग के हज़ारों लोगों ने हिस्सा लिया, जिनमें सरकारी अधिकारी, पैरामिलिट्री फ़ोर्स के जवान, सैनिक और स्कूली बच्चे शामिल थे।

श्रीनगर में एलजी मनोज सिन्हा ने डल झील के किनारे शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में बड़ी संख्या में योग करने वालों की अगुवाई की। श्रीनगर में योग करने आई एक युवती ने कहा कि योग के कई फायदे हैं। यह सेहत और समग्र कल्याण के लिए बहुत अच्छा है। हम स्कूल में रोज योग का अभ्यास करते हैं। एक और युवती ने कहा कि योग हमारे लिए काफी अहम है। योग करने से लोगों को आंतरिक बीमारियां कम होती हैं। इससे लोग काफी स्वस्थ रहते हैं।

श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर योग दिवस मनाया गया। श्रीनगर एयरपोर्ट की ओर से एक्स पर एक पोस्ट कर जानकारी दी गई कि श्रीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। सुबह 6:45 बजे एयरपोर्ट के अधिकारी, स्टाफ और स्टेकहोल्डर्स श्रीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक योग सत्र में हिस्सा लिया। बीजेपी सांसद जुगल किशोर शर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं। आज दुनिया भर में लोग योग कर रहे हैं। बीजेपी नेता रविंदर रैना ने कहा कि आज पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बहुत उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। पीएम मोदी ने पूरी दुनिया से योग अपनाने का आह्वान किया था और हर व्यक्ति से इसे अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल करने का आग्रह किया था।

जम्मू में युवाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ पानी के अंदर योग सत्र आयोजित किया। प्रतिभागियों ने तैराकी कौशल के साथ वेलनेस को जोड़ते हुए पानी के अंदर योग का अभ्यास किया। श्रीनगर में योग करने आए एक शख्स ने कहा कि योग के कई फायदे हैं। मैं पिछले दो सालों से इसका अभ्यास कर रहा हूं। इससे हमारे फेफड़े स्वस्थ रहते हैं और यह हमें नशे से दूर रहने में मदद करता है।

जम्मू-कश्मीर में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह दिखा। जम्मू में युवाओं की भागीदारी के साथ एक अनोखे अंडरवॉटर योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस विशेष कार्यक्रम में युवाओं ने पानी के भीतर योगाभ्यास कर फिटनेस, मानसिक संतुलन और तैराकी कौशल का अनूठा संगम प्रस्तुत किया।

# असफल होने के डर से मैं आत्महत्या कर रहा हूं, अम्मा, अप्पा...मुझे माफ कर देना

## नीट की दोबारा परीक्षा में असफल होने के डर से दो अभ्यार्थियों ने की आत्महत्या



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीट-यूजी की दोबारा परीक्षा से ठीक एक दिन पहले तेलंगाना के हैदराबाद और तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले से दो अलग-अलग छात्रों के सुसाइड का मामला सामने आया है। हैदराबाद में 19 साल की छात्रा ने आत्महत्या कर ली। वहीं, तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले के होसुर में एक 20 साल के छात्र ने परीक्षा के अत्यधिक दबाव और असफल होने के डर से आत्महत्या कर ली। पुलिस को घटनास्थल से एक भावुक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें छात्र ने लिखा है कि नीट के डर से उसे पिछले एक महीने से नींद नहीं आ रही थी और इस बार भी असफल होने के डर से वह यह आत्मघाती कदम उठा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक वेट्रियानंथम लगातार तीन सालों से नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था। पिछले प्रयासों में असफलताओं का सामना करने के बाद, वह अत्यधिक दबाव में था और रविवार को होने वाली परीक्षा में फिर से असफल होने से डर रहा था। शनिवार को जब उसके पिता काम पर गए थे और उनकी मां पास दुकान पर सामान लेने गई थीं, तब वेट्रियानंथम ने घर की छत के पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। छात्र ने सुसाइड नोट में लिखा- नीट के डर से उसे नींद नहीं आ रही थी और इस बार भी असफल होने के डर से मैं यह आत्मघाती कदम उठा रहा हूं। अम्मा, अप्पा, अन्ना...मुझे माफ कर देना।

इस सुसाइड नोट में उसने अपने परिवार के प्रति गहरा प्रेम व्यक्त किया और कहा कि ऐसे माता-पिता और भाई पाकर वे खुद को भाग्यशाली मानता हैं। मृतक की पहचान सी वेट्रियानंथम के रूप में हुई है। वह एक निजी कारखाने में काम करने वाले चिन्नसामी का छोटा बेटा था और होसुर के बागुलुर रोड स्थित तमिलनाडु हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में परिवार के साथ रहता था। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर आगे की जांच कर रही है।

वहीं तेलंगाना के हैदराबाद से भी ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां मियापुर इलाके में एक 19 साल की नीट परीक्षा के छात्रा ने खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि मियापुर के एक अपार्टमेंट में अपनी बहनों के साथ रह रही छात्रा शनिवार को फांसी पर लटकी मिली। जांच में पुलिस को मृतक द्वारा लिखा नोट मिला, जिसमें उसने कहा था कि उसकी मौत के लिए कोई भी जिम्मेदार नहीं है। शुरूआती जांच में पुलिस को शक है कि छात्रा ने रविवार को होने वाली नीट की दोबारा परीक्षा के दबाव के कारण यह आत्मघाती कदम उठाया होगा।

# बंगाल की जनता ने टीएमसी की राजनीति और उनके नैरेटिव को नकार दिया

## –महुआ मोइत्रा के बयान पर बागी सांसद काकोली घोष ने किया पलटवार



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में तृणमूल कांग्रेस और बागी नेताओं के बीच चल रही खींचतान कम नहीं हो रही है। पार्टी की बागी सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने सीनियर लीडर महुआ मोइत्रा के बयान पर पलटवार किया है। काकोली घोष ने कहा कि बंगाल की जनता टीएमसी की राजनीति और उनके नैरेटिव को नकार चुकी है। घोष ने महुआ मोइत्रा के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने बागी सांसदों के सियासी भविष्य पर सवाल उठाए थे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बागी सांसद काकोली घोष ने कहा कि यह सिर्फ आपकी मनगढ़ंत सोच है। आप अजीब और हकीकत से दूर वाली सोच में जी रही हैं। बंगाल की जनता ने आपको हरा दिया है और उनका जनादेश साफ तौर पर आपकी अराजकता के खिलाफ है। कोई भी आपको या आपकी बातों को स्वीकार नहीं कर रहा है।

बता दें टीएमसी सांसद महुआ मोइत्र ने बागी सांसदों पर तंज कसा था। इसके साथ ही उन्होंने इशारा किया था कि बीजेपी अपना टारगेट पूरा करने के बाद इन लोगों को बाहर फेंक देगी। मोइत्रा ने कहा था कि बीजेपी ने इन लोगों को डीलिमिटेशन बिल पास करने के लिए लिया है। बीजेपी यह बिल पास करने के लिए बहुत उतावली है। डीलिमिटेशन बिल पास हो जाने के बाद इन सांसदों को जैसे लिया है, वैसे ही फेंक दिया जाएगा। उसके बाद न ये हमारे टिकट पर कभी जीत सकेंगे और न बीजेपी उनको कभी टिकट देगी। उनके राजनीतिक करियर खत्म हो चुका है। मोइत्रा के इस बयान के बाद काकोली घोष की प्रतिक्रिया ने साफ कर दिया है कि टीएमसी के बागी नेताओं और पार्टी नेतृत्व के बीच टकराव अभी थमने वाला नहीं है।

# भाजपा की डबल इंजन सरकार बुंदेलखंड का प्राचीन गौरव वापस दिलाने को प्रतिबद्ध- योगी आदित्यनाथ

**महोबा (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है की केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार बुंदेलखंड को उसका प्राचीन गौरव वापस दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है. सरकार की परियोजनाएँ अब इस पिछड़े क्षेत्र को बदहाली और बेरोजगारी से उबार कर विकास के कीर्तिमान तय करते हुए समृद्द व सशक्त बना रही है.

महोबा के मोदी ग्राउंड मे रविवार को 697 करोड़ की 88 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा की बुंदेलखंड को माफिया ने अपनी जागीर बना लिया था. पूर्ववर्ती नकारात्मक और बीमार मानसिकता की सरकारों का संरक्षण पाकर यहां भू माफिया, खनन माफिया, जंगल माफिया आदि सक्रिय रहते हुए इलाके को खोखला कर रहे थे. भाजपा सरकार ने क्षेत्र को माफिया से न सिर्फ मुक्त कराया बल्कि सुरक्षा और सुशासन स्थापित कर विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया है.बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर विकसित किया जा रहा ओद्योगिक गलियारा , डिफेन्स कारिडोर मे रक्षा उपकरणो का उत्पादन ,बीडा के माध्यम से नए शहर को विकसित करके इसकी तस्वीर बदल रही है. बुंदेलखंड की आयुध निर्माण मे प्रगति मिसाल कायम कर रही है.आगे चल कर यह यूपी मे विकास का रोल माडल साबित होगा.

मुख्यमंत्री ने कहा की बुंदेलखंड की समस्याओ के समाधान हेतु सरकार के प्रयास जारी है.हर घर जल योजना से यहां पानी की बड़ी समस्या को निस्तारित कर लिया गया है.महिलाओ को अब घड़े लेकर पानी की तलाश मे भटकना नहीं पड़ता. अर्जुन सहायक परियोजना हजारों एकड़ भूमि की सिंचाई कर रही है.जिससे अन्नदाता खुशहाल हुआ है.बुंदेलखंड के जल संकट का स्थाई समाधान यहां मौजूद सरोवरो और जलाशयों मे है.जिनमे पानी की उपलब्धता को सुनिश्चित करने और आने वाली पीढ़ी को शुद्ध पेयजल के लिए जल संरक्षण कार्यो को यहां प्रमुखता से संचालित कराया जाएगा.उन्होंने कहा की कभी अराजकता की पहचान रखने वाला उत्तर प्रदेश अब बदल चूका है और प्रगति के नित्य नए सोपान तय कर रहा है.

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा की वीरभाव के लिए देश विदेश मे विख्यात, चंदेलकालीन महोबा नगर को ऊर्जा के केंद्र के रूप मे जाना जाता है. यहां की चंदेल रियासत के महान योद्धाओ आल्हा और ऊदल के शौर्य व साहस की कहानी जग विख्यात है. प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक और पुरातत्विक दृस्टि से समृद्ध महोबा को पर्यटक स्थल के रूप मे विकसित करने की दिशा मे कदम बढ़ाये है.कजली मेले के अवसर पर महोबा मे एक सप्ताह का महोत्सव आयोजित करके स्थानीय लोक कलाओ एवं संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाने के प्रयास किये जा रहे है. तो इस क्रम मे



नाथ संप्रदाय के महान संत गोरखनाथ की साधना स्थली गोरखगिरी मे 12 करोड़ से अधिक धनराशि से विकास कार्य पूरे करके उसे प्रमुख पर्यटक स्थल के रूप मे विकसित किया गया है. प्राकृतिक सुषमा से परिपूर्ण गोरखगिरी पहाड़ी मे रोप वे की स्थापना और वहाँ एडवेंचर टूरीज्म के रूप मे विकसित करने की योजना है.जिससे पर्यटन को बढ़ाया जा सके.

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महोबा मे अपने ढाई घंटे के प्रवास दौरान योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम मे सरकार की विभिन्न योजनाओं के कोई डेढ़ दर्जन लाभार्थियों को मंच मे सम्मानित किया. इसके पहले वह एक किलो मीटर का रास्ता पैदल तय करके गोरखगिरी पहाड़ी पर भी गए. जहाँ उन्होंने सिद्धश्वर महादेव मंदिर व गुरु गोरखनाथ की साधना स्थली मे पूजा अर्चना भी की. मुख्यमंत्री ने गोरख पहाड़ी मे पर्यटन विभाग द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यो का सघन तरीके से निरीक्षण किया.

## एलएंडटी समूह की एआई अवसंरचना क्षेत्र में नई पहल

**मुंबई**

अभियांत्रिकी और निर्माण क्षेत्र की दिग्गज कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कंप्यूट अवसंरचना के क्षेत्र में अपनी पैठ बना रही है। कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक व्योम.एआई लिमिटेड ने इस नई पहल के तहत एलटीएन कंप्यूट प्राइवेट लिमिटेड (एलटीएनसीपीएल) नामक एक नई कंपनी का गठन किया है। रविवार को शेयर बाजारों को दी गई जानकारी के अनुसार एलटीएनसीपीएल का निगमन 20 जून, 2024 को हुआ है। यह नवगठित कंपनी विशेष रूप से एआई कंप्यूट इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करने और प्रौद्योगिकी-सक्षम सेवाएं देने पर केंद्रित होगी। यह कदम एलएंडटी समूह की तेजी से बढ़ते एआई और डिजिटल प्रौद्योगिकी बाजार में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। इससे कंपनी को भविष्योन्मुखी तकनीकी समाधानों में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित होने में मदद मिलेगी।

## श्री रेफ्रिजरेशंस ने रक्षा, समुद्री क्षेत्र के लिए महाराष्ट्र में नई विनिर्माण इकाई शुरू की

**मुंबई**

रक्षा और समुद्री क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक हीटिंग, वेंटिलेशन, एयर कंडीशनिंग एवं रेफ्रिजरेशन (एचवीएसी-आर) प्रणाली बनाने वाली कंपनी श्री रेफ्रिजरेशंस ने महाराष्ट्र के कराड में अपनी नई विनिर्माण इकाई का उद्घाटन किया। भारतीय नौसेना के चीफ ऑफ मैटेरियल वाइस एडमिरल बी. शिवकुमार ने 6 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैली इस अत्याधुनिक सुविधा का अनावरण किया, जो देश के रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी क्षमताओं को मजबूत करेगी। इस इकाई में रोबोटिक वेल्डिंग, लेजर कटिंग और बेंडिंग मशीनों सहित अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधाएं स्थापित हैं, साथ ही शॉट ब्लास्टिंग और पेंटिंग जैसी प्रक्रियाएं भी एकीकृत हैं। इस विस्तार से कंपनी की विनिर्माण क्षमता में 50,000 वर्ग फुट की वृद्धि हुई है, भविष्य में और विस्तार की संभावना है। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक आर. जी. शेंडे ने कहा कि यह नई इकाई मेक इन इंडिया पहल के अनुरूप स्वदेशी विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## निफ्टी 24,000 के पार, अब 24,500 पर टिकी नजरें, क्या आएगी नई रिकॉर्ड ऊंचाई?

**मुंबई**

पिछले हफ्ते निफ्टी ने 1.65 प्रतिशत की मजबूत बढ़त के साथ 24,000 अंक के करीब बंद होकर निवेशकों को उत्साहित किया। हालांकि, हफ्ते के अंत में हुई मुनाफावसूली ने तेजी पर कुछ लगाम लगाई। विश्लेषक मौजूदा बाजार को एक दायरे में देखते हुए महत्वपूर्ण स्तरों पर नजर बनाए हुए हैं, जबकि मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले सप्ताह निफ्टी ने जबरदस्त गैप-अप ओपनिंग के साथ मजबूत शुरुआत की और अपनी बढ़त पूरे हफ्ते बरकरार रखी। सूचकांक पहली बार अपने 100-दिवसीय ईएमए (एक्सपोनेंशियल मूविंग एवरेज) के ऊपर बंद हुआ, जो बाजार में बेहतर होते सेंटीमेंट का संकेत था। हालांकि, शुक्रवार को हुई गैप-डाउन ओपनिंग और मुनाफावसूली ने तेजी की रफ्तार को कुछ हद तक धीमा कर दिया। फिलहाल, निफ्टी 50 एक दायरे में बना हुआ है, जहां न तो बुल्स और न ही बेयर्स का साफ तौर पर दबदबा दिख रहा है। इसके विपरीत, मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। एसबीआई सिक्योरिटीज में टेक्निकल और डेरिवेटिव्स रिसर्च के एक अे धिकारी के अनुसार निफ्टी के लिए 24,200 के ऊपर लगातार टिके रहना 24,500 की ओर रैली का रास्ता खोल सकता है। वहीं, अगर यह 23,800 के नीचे जाता है, तो 23,500 का स्तर दिख सकता है।

## डिविडेंड बंपर- जून के अंतिम सप्ताह में 31 कंपनियां बांटेंगी लाभांश

**नई दिल्ली**

शेयर बाजार में निवेश करने वाले निवेशकों के लिए जून 2026 का अंतिम सप्ताह वित्तीय दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण होने वाला है। इस दौरान देश की 31 प्रमुख कंपनियां अपने शेयरधारकों को डिविडेंड का लाभ देने जा रही हैं, जो उनके मुनाफे का एक हिस्सा होता है। यह लाभांश निवेशकों के लिए अतिरिक्त आय का एक बड़ा स्रोत बन सकता है, खासकर उन लोगों के लिए जिनकी नज़र नियमित आय वाले शेयरों पर रहती है। सप्ताह की शुरुआत 22 जून से होगी, जब पैनासोनिक कार्बन इंडिया (12 रुपए), संगम इंडिया (2 रुपए) और डीएमआर इंजीनियरिंग (0.14 रुपए) डिविडेंड प्रदान करेंगी। इसके बाद 23 जून को एशियन पेंट्स (23 रुपए) और हिंदुस्तान यूनिलीवर (22 रुपए) समेत कई दिग्गज एक्स-डिविडेंड होंगी, जिनमें थायरोकेयर, टाटा पावर भी शामिल हैं। 24 जून को व्हील्स इंडिया और शंकरा बिल्डप्रो का नंबर है। 25 जून सबसे व्यस्त दिन रहेगा, जब 17 कंपनियां लाभांश के लिए एक्स-डेट पर होंगी। इनमें सुप्रीम इंडस्ट्रीज (25 रुपए) और भारतीय जीवन बीमा निगम (10 रुपए) प्रमुख हैं। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, डिविडेंड का लाभ पाने के लिए निवेशकों को एक्स-डिविडेंड तिथि से पहले शेयर खरीदना अनिवार्य है। भारतीय शेयर बाजार में लागू टी प्लस वन सेटलमेंट व्यवस्था के चलते ये तिथियां अक्सर करीब होती हैं, अतः समय पर निवेश ही डिविडेंड से लाभ कमाने की कुंजी है।

## केंद्र सरकार ने 16 एफडीसी दवाओं पर लगाया स्थयी प्र तिबंध

**नई दिल्ली**

देश में दवाओं की गुणवत्ता और मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए 16 फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन (एफडीसी) दवाओं पर स्थायी प्रतिबंध लगा दिया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, अब इन दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर पूरी तरह रोक रहेगी। सरकार का कहना है कि इन दवा संयोजनों का कोई ठोस चिकित्सीय आधार नहीं पाया गया और इनके इस्तेमाल से स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ सकते थे। वर्ष 2021 में शुरू हुई गहन जांच प्रक्रिया के बाद विशेषज्ञ उप-समिति ने विभिन्न वैज्ञानिक अध्ययनों और क्लीनिकल डेटा की समीक्षा की। दवा कंपनियों को भी अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया। विस्तृत परीक्षण और विचार-विमर्श के बाद समिति ने प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की, जिसे ड्रग टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड ने भी समर्थन दिया। प्रतिबंधित दवाओं में त्वचा संबंधी उत्पादों में उपयोग होने वाले कई कॉम्बिनेशन, जैसे एलो एक्सट्रैक्ट और विटामिन-ए के मिश्रण शामिल हैं, जिनके सुरक्षित विकल्प बाजार में उपलब्ध हैं। इसके अलावा, अमॉक्सिसिलिन और सेराटियोपेप्टिडेज जैसे कई एंटीबायोटिक कॉम्बिनेशन भी इसकी जद में आए हैं, जिन्हें पर्याप्त चिकित्सीय प्रमाणों के बिना बेचा जा रहा था। पेट दर्द और ऐंठन के इलाज में इस्तेमाल होने वाले कुछ अतार्किक मिश्रणों को भी अनुपयोगी पाया गया। विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रतिबंध से न केवल मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि दवाओं के जिम्मेदार और वैज्ञानिक उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। यह कदम जनस्वास्थ्य की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का प्रमाण है।

# ईरान-अमेरिका शांति से बाजार में बंपर उछाल, पर आईटी शेयरों ने लगाम कसी

### पांच दिन की ऐतिहासिक तेजी, सेंसेक्स ने पार किया 77 हजार का आंकड़ा

**मुंबई**

बीता सप्ताह भारतीय शेयर बाजार के लिए उतार-चढ़ाव भरा लेकिन अंततः महत्वपूर्ण रहा। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने और शांति समझौते की सहमति की खबरों ने बाजार में जबरदस्त उत्साह भर दिया, जिससे प्रमुख सूचकांकों ने कई नए रिकॉर्ड बनाए।

हालांकि, सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन वैश्विक प्रौद्योगिकी क्षेत्र से मिली नकारात्मक खबर के कारण बाजार में गिरावट दर्ज की गई, जिससे पांच दिनों की लगातार तेजी पर ब्रेक लग गया।

सप्ताह की शुरुआत शानदार रही, जब सोमवार को ईरान और अमेरिका के बीच जंग रोकने को लेकर बनी सहमति की खबर ने बाजार में जोश भर दिया।

सेंसेक्स 1000 अंकों से अधिक की तेजी के साथ खुला और 736 अंकों की उछाल के साथ 76,000 के पार बंद हुआ, जबकि निफ्टी 231 अंकों की बढ़त दर्ज की।

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने निवेशकों का भरोसा और मजबूत किया।

मंगलवार को भी यह सिलसिला जारी रहा, जहां टेक्नोलॉजी और घरेलू मांग वाले सेक्टर्स में खरीदारी के दम पर सेंसेक्स 544 अंकों की मजबूत छलांग लगाकर 76,808 के ऐतिहासिक स्तर पर बंद हुआ और निफ्टी 23,989 के पार पहुंच गया।

बुधवार को बाजार सपाट खुला, लेकिन अमेरिका-ईरान शांति समझौते पर शुक्रवार को हस्ताक्षर होने की खबर ने सकारात्मकता बनाए रखी।

## एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार से जून में 31,105 करोड़ निकाले

### इक्विटी से 60,471 करोड़ निकाले, बॉन्ड बाजार में 30,913 करोड़ का निवेश

**मुंबई**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) जून महीने में भी भारतीय पूंजी बाजार से निकासी जारी रखे हुए हैं। जून के पहले तीन हफ्तों में एफपीआई ने कुल 31,105 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। यह लगातार चौथा महीना है जब विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पैसे निकाल रहे हैं, हालांकि इस बार उनकी रणनीति में बदलाव देखा गया है, जहां इक्विटी से बिकवाली हुई है वहीं बॉन्ड बाजार में निवेश बढ़ा है। एफपीआई की इस निकासी का सबसे ज्यादा असर भारतीय शेयर बाजार पर पड़ा है। जून में अब तक उन्होंने शेयरों से 60,471 करोड़ रुपये की भारी बिकवाली की है। इक्विटी के अलावा, विदेशी निवेशकों ने म्यूचुअल फंड से 128 करोड़ रुपये और हाइब्रिड निवेश साधनों से 1,419 करोड़ रुपये भी निकाले हैं। इसके विपरीत डेट यानी बॉन्ड बाजार में एफपीआई का रुझान सकारात्मक रहा है।

## फोनपे का फैसला, निष्क्रिय वॉलेट रखने पर अब चुकाना होगा चार्ज

### 365 दिन तक वॉलेट का इस्तेमाल न करने पर हर तिमाही कटेंगे 100 रुपए

**नई दिल्ली**




डिजिटल पेमेंट्स प्लेटफॉर्म फोनपे ने अपने करोड़ों यूजर्स के लिए एक बड़ा बदलाव किया है। कंपनी ने घोषणा की है कि अगर कोई यूजर अपने फोनपे वॉलेट का लंबे समय तक इस्तेमाल नहीं करता है, तो उसे इनएक्टिव मेंटेनेंस चार्ज देना होगा। यह शुल्क 100 रुपये (जीएसटी सहित) प्रति तिमाही उन वॉलेट्स से कटेगा जो लगातार 365 दिनों तक निष्क्रिय रहेंगे। फोनपे की नई नीति के तहत, यदि कोई यूजर लगातार 365 दिनों तक अपने वॉलेट के जरिए कोई भी वित्तीय लेनदेन नहीं करता है, तो उसके वॉलेट को निष्क्रिय मान लिया जाएगा। इसके बाद हर तिमाही 100 रुपये का इनएक्टिव मेंटेनेंस चार्ज वसूला जाएगा। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि केवलफोनपे ऐप खोलना, यूपीआई लेनदेन करना, या ऐप के भीतर अन्य भुगतान (जैसे रिचार्ज, बिल भुगतान) करना वॉलेट एक्टिविटी नहीं माने जाएंगे। वॉलेट को सक्रिय बनाए रखने के लिए यूजर्स को सीधे अपने फोनपे वॉलेट के माध्यम से ही लेनदेन करना होगा। शुल्क लगाने से पहले यूजर्स को 15 दिन का नोटिस भेजा जाएगा। इस नोटिस अवधि के दौरान वॉलेट से कोई लेनदेन करके इस फीस से बचा जा सकता है, जिसके बाद वॉलेट सक्रिय हो जाएगा। निष्क्रियता शुल्क काटने के लिए, पर्याप्त फंड होने पर 100 रुपये काटे जाएंगे; कम होने पर उपलब्ध राशि काटकर शेष शून्य कर दिया जाएगा, जिससे कोई नकारात्मक बैलेंस नहीं बनेगा। यह बदलाव बड़ी संख्या में फोनपे वॉलेट यूजर्स को प्रभावित करेगा।

# भू-राजनीति, मानसून और आर्थिक आंकड़े तय करेंगे बाजार की दिशा

**मुंबइ**




घरेलू शेयर बाजार पिछले सप्ताह की गिरावट से उबरने की कोशिश में इस हफ्ते कई महत्वपूर्ण वैश्विक और घरेलू कारकों पर पैनी नजर रखेंगे। निवेशकों के लिए जहां भू-राजनीतिक स्थिरता अहम होगी, वहीं देश के भीतर मानसून की प्रगति और प्रमुख आर्थिक आंकड़े भी बाजार की दिशा तय करेंगे। विशेष रूप से अमेरिका और ईरान के बीच हुए शांति समझौते के क्रियान्वयन में होने वाली प्रगति पर बाजार की गहरी निगाहें टिकी रहेंगी। यदि हॉर्मुज जलडमरूमध्य व्यापार के लिए सुचारु रूप से खुलता है, तो वैश्विक तेल आपूर्ति और भू-राजनीतिक स्थिरता पर इसका सीधा सकारात्मक असर पड़ेगा, जो शेयर बाजारों के लिए एक महत्वपूर्ण उत्प्रेरक हो सकता है। वैश्विक परिदृश्य के साथ ही घरेलू मोर्चे पर मानसून की प्रगति भी निवेशकों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।कृषि-आधारित भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर मानसून ग्रामीण मांग और कॉर्पोरेट आय को बढ़ावा देता है। इसके अतिरिक्त, देश के आठ महत्वपूर्ण कोर उद्योगों के आंकड़े भी जारी होंगे, जो अर्थव्यवस्था की सेहत का संकेत देंगे और बाजार की चाल को प्रभावित कर सकते हैं। इन सभी कारकों का समग्र प्रभाव आगामी सप्ताह में बाजार की दिशा तय करेगा।

बाजार के विश्लेषकों ने कहा कि बाजार की नजर मई महीने के थोक मूल्य सूचकांक (डब्लयूपीआई) और` रिजर्व बैंक आफ इंडिया द्वारा जारी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी)के मिनट्स पर टिकी हुई है, ताकि भविष्य की ब्याज दरों का अनुमान लगाया जा सके। विदेशी निवेशकों के रुख और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसलों से बाजार में तरलता तय हो रही है।

पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल के दामों में उतार-चढ़ाव का सीधा असर भारतीय अर्थव्यवस्था और शेयर बाजार की धारणा पर पड़ सकता है।

# खाद्य तेल बाज़ार में मिश्रित रुझान, सरसों नरम, सोयाबीन-पाम मजबूत

### आयातित तेलों का दबाव; मांग-आवक के संतुलन व किसानों के रुख से तय हुए भाव

**नई दिल्ली**

बीते सप्ताह घरेलू खाद्य तेल बाजार में मिला-जुला रुख रहा। राष्ट्रीय राजधानी में जहां सरसों तेल-तिलहन में गिरावट दर्ज की गई, वहीं सोयाबीन, पाम और बिनौला तेलों के दाम मजबूत हुए। बाजार में आयातित खाद्य तेलों की उपलब्धता और लिवाली के रुझान ने कीमतों को प्रभावित किया।ऊंची कीमतों पर कम पूछताछ और आयातित खाद्य तेलों से कड़ी प्रतिस्पर्धा के चलते राष्ट्रीय राजधानी में सरसों तेल-तिलहन के दाम में गिरावट रही। बाजार सूत्रों के अनुसार, किसानों और स्टॉकिस्टों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध होने के बावजूद लिवाली सुस्त बनी रही। दूसरी ओर, सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम मजबूत हुए। पिछले 20-22 दिनों में आई कीमतों की कमी के बाद किसानों ने निचले स्तर पर बिकवालीघटा दी। परिणामस्वरूप, महाराष्ट्र के लातूर जैसे बाजारों में प्लांट मालिकों ने सोयाबीन की खरीद दर 80 रुपये बढ़ाकर करीब 7,440 रुपये प्रति क्विंटल कर दी, जिससे कम आवक और बढ़ती मांग ने कीमतों को सहारा दिया।

औद्योगिक मांग बढ़ने से पाम-पामोलीन तेल की कीमतों में भी तेजी दिखी।

बाजार में बिनौले की उपलब्धता नगण्य रहने से बिनौला तेल भी मजबूत हुआ। मूंगफली तेल-तिलहन के भाव स्थिर रहे, क्योंकि यह आयातित सूरजमुखी तेल से 10-12 रुपये प्रति किलो सस्ता होने के कारण लगातार मांग में बना रहा। हालांकि, इनकी औद्योगिक मांग का एक हिस्सा अपेक्षाकृत सस्ते पाम-पामोलीन तेल से भी पूरा किया गया।

तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे- सरसों तिलहन - 7,525-7,550 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली - 6,625-7,200 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,550 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,480-2,780 रुपये प्रति टिन, सरसों तेल दादरी- 15,425 रुपये प्रति क्विंटल ।

## ग्रेट निकोबार परियोजना देश की आर्थिक रीढ़ बनेगी, विरोधियों पर बरसे रीजीजू

### केंद्रीय मंत्री ने परियोजना को आर्थिक वृद्धि और आत्मनिर्भरता का केंद्र बताया

श्री विजय पुरम (ईएमएस)। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में ग्रेट निकोबार परियोजना को भारत की आर्थिक वृद्धि और आपूर्ति शृंखला में आत्मनिर्भरता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने परियोजना के विरोधियों पर तीखा हमला बोला, आरोप लगाया कि वे देश की प्रगति नहीं देखना चाहते। रीजीजू ने कहा कि यह परियोजना देश की आर्थिक वृद्धि का केंद्रबिंदु बनेगी और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक प्रमुख समुद्री एवं लॉजिस्टिक केंद्र के रूप में उभरेगी। उन्होंने जोर दिया कि परियोजना आर्थिक प्रगति और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन साधते हुए सभी नियमों व मानकों का पालन कर रही है। मंत्री ने विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग भारत की प्रगति नहीं देखना चाहते। उन्होंने पिछली यात्राओं के दौरान परियोजना के खिलाफ नाटक और अभियान चलाने की आलोचना की। रीजीजू ने झूठे विमर्शों के बजाय मिलकर देश के विकास पर जोर दिया। केंद्र सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए रीजीजू ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बावजूद भारत ने ईंधन कीमतों में वृद्धि को लगभग पांच प्रतिशत तक सीमित रखा, जबकि कई देशों में यह 20 से 100 प्रतिशत तक बढ़ी। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम बताया।

# एआई-डीपफेक से बैंकिंग क्षेत्र में करोड़ों की सेंध, सुरक्षा प्रणालियों को चुनौती

### साइबर अपराधी ओपन-सोर्स एआई मॉडलों से तैयार कर रहे वास्तविक दिखने वाली नकली पहचान

**नई दिल्ली**




भारत का बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा (बीएफएसआई) क्षेत्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित डीपफेक तकनीक के बढ़ते खतरे से जूझ रहा है। साइबर अपराधी इस उन्नत तकनीक का इस्तेमाल कर ऐसी वास्तविक दिखने वाली नकली पहचानें तैयार कर रहे हैं, जो वीडियो केवाईसी और लाइवलीनेस परीक्षण जैसी सुरक्षा प्रक्रियाओं को भी आसानी से भेद रही हैं, जिससे करोड़ों की वित्तीय धोखाधड़ी का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह नई चुनौती वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। उद्योग से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, यह खतरा अब केवल सैद्धांतिक नहीं रहा है। कई वास्तविक मामलों में डीपफेक का उपयोग कर बड़ी वित्तीय धोखाधड़ी को अंजाम दिया जा चुका है। जानकारी के अनुसार, एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के साथ नकली बैंक स्टेटमेंट और डीपफेक वीडियो के जरिए 15 से 20 करोड़ रुपये तक की धोखाधड़ी की खबर है।

तकनीकी विशेषज्ञ बताते हैं कि डीपफेक तैयार करने के उपकरण टेलीग्राम और डार्क वेब पर आसानी से उपलब्ध हैं, और इन्हें सामान्य गेमिंग कंप्यूटर पर भी कम लागत में चलाया जा सकता है, जिससे जालसाजों को संगठित होने में मदद मिल रही है। सबसे गंभीर चिंता यह है कि ये डीपफेक लाइवलीनेस जांच को भी सफलतापूर्वक पार कर जाते हैं, जो कैमरे के सामने मौजूद व्यक्ति की वास्तविकता सुनिश्चित करती है। यदि यह महत्वपूर्ण सुरक्षा परत विफल होती है, तो डिजिटल केवाईसी की विश्वसनीयता गंभीर रूप से प्रभावित होगी। इस खतरे को देखते हुए, भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने भी चेतावनी जारी की है कि अपराधी सुरक्षा उपायों को भेदने के लिए एआई-आधारित तकनीकों का तेजी से उपयोग कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 में बैंकिंग क्षेत्र में 48,021 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 46त्न अधिक है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस बढ़ते खतरे से निपटने के लिए वित्तीय संस्थानों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी अपनी डिजिटल पहचान और उपकरणों की सुरक्षा के प्रति अत्यधिक सतर्क रहना होगा। यह खतरा अब केवल बैंकिंग तक सीमित नहीं हैबल्कि ई-कॉमर्स, सोशल मीडिया और ऑनलाइन डेटिंग प्लेटफॉर्म सहित कई अन्य क्षेत्रों में भी फैल रहा है।

## भारत का राजकोषीय दुविधा में, क्यों कम पड़ रही है तैयारी?

### वित्त मंत्री के 3 एफ अपर्याप्त, भारत को चौथे एफ राजकोषीय गुंजाइश की सख्त दरकार

**नई दिल्ली**

। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मौजूदा संकट से निपटने के लिए विदेशी मुद्रा, ईंधन और उर्वरक पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया है, जिसे उन्होंने 3 एफ का नाम दिया।

हालांकि, आर्थिक विश्लेषकों और विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को एक चौथे, लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण एफ - राजकोषीय गुंजाइश (फिसकल स्पेश) की सख्त दरकार है। उनका तर्क है कि यदि भारत ने अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों में पर्याप्त राजकोषीय गुंजाइश बनाई होती, तो आज उसके पास अनपेक्षित संकट का सामना करने के लिए कहीं अधिक विकल्प उपलब्ध होते। विशेषज्ञों का कहना है कि कोविड संकट (2022-23) के बाद के तीन अच्छे वर्षों में यदि भारत ने अधिक राजकोषीय गुंजाइश बनाई होती, तो मौजूदा अप्रत्याशित संकट का सामना करने में उसके पास बेहतर विकल्प होते। एक विश्लेषक ने जनवरी 2025 में ही चेतावनी दी थी कि अनुकूल समय में राजकोषीय गुंजाइश न बनाने पर अगला संकट बेतहाशा कठिन होगा।

इस चेतावनी को नजरअंदाज किया गया, और आज भारत सीमित विकल्पों के साथ एक ऐसे संकट का सामना कर रहा है जिसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी। केंद्र सरकार की राजकोषीय घाटे में कमी की राह बहुत धीमी रही है। ि

इसी अवधि में, वित्त वर्ष 2024 और वित्त वर्ष 2025 में राज्यों का राजकोषीय घाटा भी बढ़ा, जिससे सार्वजनिक ऋण जीडीपी के 80 प्रतिशत से ऊपर ही बना रहा। विशेषज्ञों के अनुसार, इस धीमी राजकोषीय सुधार ने निजी निवेश के लिए वित्तीय नियंत्रण को बढ़ाया है और वाणिज्यिक ब्याज दरों को उच्च बनाए रखा है।

राजकोषीय घाटे को तेजी से कम करने का एक प्रभावी तरीका निजीकरण था, लेकिन एयर इंडिया की बिक्री के बाद

यह प्रक्रिया लगभग ठप पड़ गई। राष्ट्रीय लोक वित्त और नीति संस्थान के एक अध्ययन का हवाला देते हुए विशेषज्ञ तर्क देते हैं कि रणनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने वाली महारत्न कंपनियों को छोड़कर, इतने अधिक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को बनाए रखने का कोई कारण नहीं है।

# नशे से पंजाब की जड़ें कमजोर नहीं होने देंगे : नितिन नबीन

**योग दिवस के अवसर पर छात्रों को दिलाई नशा विरोधी शपथ- 'नशों को कहें ना'**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जालंधर 21 जून।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने रविवार सुबह जालंधर की लवली यूनिवर्सिटी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 1200 छात्रों के साथ योग किया।

इस अवसर पर मीडिया से बातचीत के दौरान भाजपा नेता ने कहा कि योग ने विश्व में भारत को एक अनूठी और अलग पहचान दी है।

योग दिवस की बधाई देते हुए नितिन नबीन ने कहा, ''मैं योग दिवस की सभी को बधाई देता हूँ, इसने देश को नई पहचान और ऊर्जा दी है। मैं समझता हूँ कि यह ऐसा अवसर है जब पंजाब नशे की लत को ना कहे।''

पंजाब सहित पूरे भारत में नशे के खिलाफ मिलकर लड़ने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा, ''नशा पंजाब के लोगों के जीवन के लिए अभिशाप बन गया है। हमें नशे को ना कहना होगा, नशा हमारे जीवन के लिए अभिशाप बन रहा है और इससे हमारा हर घर प्रभावित हो रहा है। आइए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक साथ मिलकर पंजाब और देश से नशे के इस कोढ़ को जड़ से मिटाने का संकल्प लें। हम ऐसा कुछ भी नहीं होने देंगे जिससे हमारी जड़ें कमजोर हों, और यह हमारे शरीर के माध्यम से समाज में प्रवेश करे।'

नितिन नबीन ने छात्रों को नशा विरोधी शपथ भी दिलाई और राज्य की नशे की समस्या का बार-बार उल्लेख करते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक एक विकसित भारत के व्यापक संकल्प से जोड़ा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के संकल्प पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारत अब एक राष्ट्रीय लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' देश को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर कर रहा है।

इस अवसर पर नितिन नबीन के साथ पंजाब भाजपा के अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों, राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ, लवली यूनिवर्सिटी के चांसलर व राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल, राज्यसभा सांसद विक्रम सिंह साहनी, प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा और कई अन्य नेता भी उपस्थित थे।



## ग्रीन एस्टेट के श्री राधा-कृष्ण मंदिर में श्रद्धा से मनाया गया मूर्ति स्थापना दिवस, विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने टेका माथा



अर्थ प्रकाश संवाददाता /डेरा बस्सी, 21 जून- डेरा बस्सी-बरवाला रोड स्थित ग्रीन एस्टेट के श्री राधा-कृष्ण मंदिर में मूर्ति स्थापना दिवस के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री रामायण पाठ, हवन यज्ञ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक लाभ प्राप्त किया। समारोह में हलका डेरा बस्सी के विधायक सरदार कुलजीत सिंह रंधावा ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने श्री राधा-कृष्ण मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा श्री रामायण पाठ और हवन यज्ञ में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक रंधावा ने संगत और क्षेत्रवासियों को मूर्ति स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, एकता और सद्भावना को और अधिक मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थल लोगों को सत्य, सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। विधायक रंधावा ने क्षेत्र की सुख-शांति, खुशहाली, तरक्की और लोगों की चढ़दी कला के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कामना की कि भगवान की कृपा क्षेत्र के लोगों पर सदैव बनी रहे। इस अवसर पर ग्रीन एस्टेट एसोसिएशन के प्रधान मोहन सैनी ने भी समस्त संगत और क्षेत्रवासियों को मूर्ति स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि मंदिर में प्रत्येक वर्ष इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें स्थानीय लोग बड़ी श्रद्धा के साथ भाग लेते हैं। मोहन सैनी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सेवादारों, दानी सज्जनों और समस्त संगत का आभार व्यक्त किया। समारोह के दौरान श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में आहुतियां डालकर जनकल्याण और विश्व शांति की कामना की। धार्मिक रस्मों के बाद भजन-कीर्तन के माध्यम से श्रद्धालुओं ने भगवान का गुणगान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित संगत को प्रसाद और लंगर वितरित किया गया। समारोह का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान के चरणों में नतमस्तक होकर सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। क्षेत्रवासियों ने धार्मिक आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर ग्रीन एस्टेट के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### एनजीओ 'आवाहन' ने नयागांव में पूरे जोश के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2026) मनाया



अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता – न्यू चंडीगढ –खरड़। एनजीओ 'आवाहन' ने नयागांव के विकास नगर स्थित आनंद मार्गी जागृति केंद्र में समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 बहुत उत्साह और जोश के साथ मनाया। एनजीओ 'आवाहन' और एनजीओ 'पृष्ठ' के सदस्यों ने मिलकर योग और प्राणायाम के अभ्यास के ज़रिए स्वास्थ्य, तंदुरुस्ती और समग्र जीवनशैली का संदेश फैलाने के लिए काम किया। इस दिन से पहले, एनजीओ 'आवाहन' की अध्यक्ष और रिटायर्ड प्रोफेसर श्रीमती मीरा शर्मा ने 15 दिनों की योग कार्यशाला आयोजित की थी। उस दौरान, उन्होंने बच्चों को कई तरह के आसन, सांस लेने की कसरत और प्राणायाम सिखाए, जिनका मकसद बच्चों की शारीरिक फिटनेस, मानसिक सेहत, एकाग्रता और आंतरिक शांति को बेहतर बनाना था। आज बच्चों ने योग और प्राणायाम की अपनी समझ और जानकारी का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने रोज़मर्रा की ज़िंदगी में योग को शामिल करने के महत्व के बारे में अपनी सीख साझा की। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए, पंजाब नेशनल बैंक के रिटायर्ड मैनेजर और एनजीओ 'आवाहन' के महासचिव श्री हरीश शारदा ने सभी लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी के लिए उन्हें बधाई दी और उनकी सराहना की। उन्होंने बच्चों को अच्छी सेहत पाने और पढ़ाई में ज़रूरी एकाग्रता हासिल करने के लिए योग को नियमित रूप से अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों से यह भी कहा कि वे परिवार, दोस्तों और समाज के बीच योग के कई फायदों के बारे में जागरूकता फैलाएं। एनजीओ 'पृष्ठ' की सुश्री बिंदु ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन में मदद की। यह आयोजन समाज के वंचित वर्गों के बीच स्वास्थ्य, फिटनेस और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के प्रति एनजीओ 'आवाहन' की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### नयागांव में श्री नीलकंठ महादेव सेवा समिति (रजि.) और सिद्ध श्री बाबा बालक नाथ मंदिर कमेटी द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर में 250 से अधिक मरीजों का चेकअप, दवाईयां व लैब टेस्ट भी मुफ्त



अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता – न्यू चंडीगढ –खरड़। आज सिद्ध श्री बाबा बालक नाथ मंदिर कमेटी एवं श्री नीलकंठ महादेव सेवा समिति (रजि.) के संयुक्त अभियान के अंतर्गत नयागांव में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ऑर्थो एवं गायनी को मिलाकर 250 से अधिक मरीजों का मुफ्त चेकअप किया गया। इसके साथ ही मरीजों के लैब टेस्ट और दवाइयां भी निःशुल्क उपलब्ध करवाई गईं। ऑर्थो रोगियों की जांच डॉ. नितीश बंसल तथा गायनी संबंधी जांच डॉ. मिस अदिति द्वारा की गई। हेल्थ केयर लैब के डॉ. ए. एस. तोमर, पैथोलॉजिस्ट द्वारा मरीजों के लैब टेस्ट किए गए। इस शिविर में डॉ. बी.डी.एस. थिंद जी एवं मेडम सीमा , डायरेक्टर जेटसन फार्मा के सौजन्य से मरीजों को मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। इस निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर को सफल बनाने में श्री राजीव जौली, प्रोपराइटर मैसर्स बीबीएन ट्रेडर्स (फार्मा), मनीमाजरा चंडीगढ़ का विशेष सहयोग रहा। साथ ही एम.एससी.नर्सिंग की छात्रा मिस पूनम एवं मिस कीर्ति, जिसमें मुख्य मेहमान बीजेपी पंजाब लीगल सेल कनविनर एडवोकेट एन.के. वर्मा तथा नयागांव बीजेपी मंडल प्रधान भूपेन्द्र सिंह भूपी व महामंत्री सुरेश यादव का पूर्ण सहयोग मिला। निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर के दौरान मरीजों एवं श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, क्रीड़ा भारती, के स्वयंसेवकों ने राज्य-स्तरीय कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया



अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता – न्यू चंडीगढ – खरड़। सुमित शेरावत संयोजक क्रीड़ा भारती, ने बताया कि 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, क्रीड़ा भारती, के स्वयंसेवकों ने राज्य-स्तरीय कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका की सराहना की, उनके प्रयासों का उत्साह बढ़ाया और समाज के हर वर्ग तक योग का संदेश पहुँचाने के प्रति उनके समर्पण की प्रशंसा की।

# अग्रवाल वैश्य समाज युवा इकाई का पदग्रहण समारोह संपन्न

**राजनीति में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण- अशोक बुवानीवाला**

अर्थ प्रकाश संवाददाता/



**करनाल/ सिरसा।, 21 जून। (सतीश बांसल)** राजनीति केवल सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज की समस्याओं को समझकर उनके समाधान और मजबूत राजनीतिक का आधार है। जिस समाज की राजनीतिक भागीदारी मजबूत होती है, उसकी आवाज भी उतनी ही अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचती है। ये बात अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने आज स्थानीय महाराजा अग्रसेन वैश्य भवन में आयोजित अग्रवाल वैश्य समाज की युवा इकाई के पद ग्रहण समारोह में समाज के युवाओं को राजनीति एवं संगठन निर्माण के गुर सिखाते हुए कही। दीप प्रज्जवलन के साथ आयोजित हुए इस कार्यक्रम में प्रदेश के कोने-कोने से पहुंचे सैकड़ों पदाधिकारियों ने संगठन ओर समाज के प्रति अपने कर्तव्यों की शपथ ग्रहण की। तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने कहा कि राजनीति में समाज की विशेषकर युवाओं की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। युवा समाज की ऊर्जा, सोच और नई दिशा का प्रतीक होते हैं। यदि युवा राजनीति से जुड़कर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते हैं तो वे न केवल अपने समाज का प्रतिनिधित्व मजबूत कर सकते हैं, बल्कि समाज के हितों की रक्षा में अपना अहम योगदान दे सकते हैं। युवाओं को केवल मतदान तक सीमित न रहकर संगठन निर्माण, सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए अनुभवी मार्गदर्शन और युवाओं की नई सोच के समन्वय से एक मजबूत नेतृत्व तैयार करने का कार्य कर रहा है।

उपस्थित युवाओं को संगठनात्मक प्रक्रिया समझाते हुए बुवानीवाला ने कहा कि एक मजबूत टीम संगठन की रीढ़ होती है। टीम के प्रत्येक सदस्य की अपनी अलग-अलग क्षमता, अनुभव और कार्य करने की शैली होती है। जब इन सभी क्षमताओं का सही तालमेल बनता है तो संगठन को नई ऊर्जा और गति मिलती है। अच्छी टीम में आपसी विश्वास, सहयोग, संवाद और जिम्मेदारी की भावना होती है, जो संगठन को लगातार आगे बढ़ाने में सहायक बनती है। उन्होंने कहा कि एक मजबूत संगठन समाज की आवाज को प्रभावी तरीके से उठाने, नई पीढ़ी को जोड़ने और सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए जरूरी है कि संगठन में अनुभवी लोगों के मार्गदर्शन के साथ युवाओं की ऊर्जा और नए विचारों का समावेश हो। अच्छी टीम वही होती है जिसमें हर सदस्य खुद को महत्वपूर्ण समझे, एक-दूसरे का सम्मान करे और संगठन के लक्ष्य को सर्वोपरि रखते हुए मिलकर आगे बढ़े। यही भावना किसी भी संगठन को मजबूत, प्रभावशाली और सफल बनाती है।

इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि मजबूत संगठन और जागरूक नेतृत्व ही किसी भी समाज की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। इसलिए अग्रवाल वैश्य समाज के अपने गठन के साथ ही ये तय कर लिया था कि समाज के युवाओं को अवसर देना इस संगठन की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि जब युवा संगठित होकर समाज के मुद्दों को लेकर आगे बढ़ेंगे, तभी राजनीतिक क्षेत्र में समाज की भागीदारी और प्रभाव दोनों बढ़ेंगे।

युवा प्रभारी नवदीप बंसल ने अपना संबोधन देते हुए कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी को अपनी जिम्मेदारी को सेवा भाव के साथ निभाना चाहिए और संगठन के उद्देश्य को अपना व्यक्तिगत लक्ष्य मानकर कार्य करना चाहिए।

सहप्रभारी हरिओम अग्रवाल ने कहा कि युवाओं को राजनीति को केवल चुनाव तक सीमित न मानकर समाज सेवा और परिवर्तन के एक महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में देखना चाहिए। युवा प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु गोयल ने कहा कि युवा इकाई का विस्तार युद्ध स्तर पर किया जा रहा है और जल्द ही हर जिले के साथ-साथ प्रदेश की नब्बे की नब्बे विधानसभाओं में समाज की युवा इकाईयों का विस्तार किया जाएगा। युवा कार्यकारी अध्यक्ष मंयक गर्ग ने कहा कि नई टीम राजनीतिक भागीदारी, संगठन विस्तार और युवाओं को जोड़ने के अभियान को और अधिक गति प्रदान करेगी। युवा महासचिव विकास बंसल ने सभी अतिथियों एवं पदाधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव पंकज मित्तल, डॉ. राजेश गुप्ता पानीपत, आशीष मित्तल जगाधरी, युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश सिंगला कैथल, रवि गर्ग मोनू नारनौल, उपाध्यक्ष निखिल बंसल टोहाना, युगल गुप्ता सफीदों, सचिव आकाश चाचाण सिरसा, रोहीत सिंगला लाडवा, श्रीकांत बंसल कुरूक्षेत्र सहित समस्त जिला एवं विधानसभा के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## गौरमिंट टीचर्स यूनियन पंजाब (वैज्ञानिक ) कांसल नयागांव ज़िला मोहाली की ओर से 11वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें साथी गुरशरण सिंह ने 79वीं बार रक्तदान किया



अर्थ प्रकाश/ जे के बत्ता – न्यू चंडीगढ –खरड़। गवर्नमेंट टीचर्स यूनियन पंजाब (वैज्ञानिक ) जिला मोहाली के महासचिव और फेडरेशन के अध्यक्ष एन.डी. तिवाड़ी ने कांसल नयागांव में बताया कि जिला मोहाली ने चंडीगढ़ के सेक्टर 37 स्थित रोटरी क्लब में 11वीं बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस बार का रक्तदान शिविर स्वर्गीय सरदार हरभजन सिंह जी को समर्पित था। स.. हरभजन सिंह जी के बेटे और लेक्चरर गुरशरण सिंह ने 79वीं बार रक्तदान किया और उनके पोतों मनजोत सिंह और सरबजोत सिंह ने भी रक्तदान में योगदान पाया । गवर्नमेंट टीचर्स यूनियन पंजाब (वैज्ञानिक ) के पूर्व राज्य अध्यक्ष हरजीत सिंह बसोता ने कहा कि रक्तदान एक नेक काम है और हर स्वस्थ व्यक्ति को साल में कम से कम एक बार इसमें जरूर योगदान देना चाहिए। हमारे देश में ज़रूरत के हिसाब से 50त्न भी रक्तदाता नहीं हैं। कई लोगों को लगता है कि रक्तदान से कमजोरी आती है, जबकि रक्तदान से हमारे शरीर में नया खून बनता है और बीमारियों से भी बचाव होता है। इसलिए सभी को इस नेक काम और मानवता की सेवा में योगदान देना चाहिए। इस शिविर में प्रिंसिपल कुलदीप सिंह, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट रंजीत सिंह रबाबी, प्रेस सेक्रेटरी गुरेक सिंह , जिला महासचिव एन.डी. तिवाड़ी , गुरतेज सिंह खटड़ा, गुरविंदर सिंह, कमल कुमार, रघुविंदर सिंह, संदीप शर्मा, लकी सिंह, हरजोत सिंह, आर्यन गुप्ता, सनी शर्मा, ओम प्रकाश, प्रदीप कुमार, जसप्रीत सिंह, ब्रजेश्वर दयाल ,बलवान सिंह और बड़ी संख्या में शिक्षक व कर्मचारी मौजूद थे।

### जिला स्तरीय योग समारोह में उत्साहपूर्वक सहभागिता की

अर्थ प्रकाश/ सिरसा।(सतीश बांसल) उच्चतर शिक्षा विभाग, पंचकूला तथा जिला आयुर्वेदिक कार्यालय, सिरसा के निर्देशानुसार सी.एम.के. नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिरसा के विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने प्राचार्या श्रीमती अंशु उप्पल के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शहीद भगत सिंह स्टेडियम, सिरसा में आयोजित जिला स्तरीय योग समारोह में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। योग क्लब नोडल अधिकारी डॉ दीपिका शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन, सिरसा द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में महाविद्यालय के योग क्लब, एनएसएस एवं एनसीसी के स्वयंसेवकों तथा स्टाफ सदस्यों ने हजारों प्रतिभागियों के साथ योगाभ्यास कर योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इस मौके पर श्रीमती बबीता मल्होत्रा, श्रीमती संगीता नन्दा, डॉ. आरती बंसल, डॉ. मंजू देवी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रति तिवारी तथा डॉ. सरबन कम्बोज, श्रीमती प्रेक्षा व मि. रोबिन ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज का युवा यदि योग को जीवनशैली बना ले, तो वह तनावमुक्त, ऊर्जावान और लक्ष्य के प्रति अधिक केंद्रित रह सकता है।

# योग दिवस के उपलक्ष्य में शहीद भगत सिंह स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सिरसा, 21 जून।(सतीश बांसल)।** हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के तत्वावधान में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को स्थानीय शहीद भगत सिंह स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन, नगराधीश अजय सिंह, जेल अधीक्षक जसवंत सिंह, डीएसपी सुखवीर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला, जिला आयुष अधिकारी आशु शर्मा, डीएसडब्ल्यूओ सत्यवान ढिलौड, नगर परिषद सिरसा के चेयरमैन शांति स्वरूप, विरेंद्र तिन्ना, अंबर कुमार, हनुमान कुंडु, श्याम बजाज, पार्षद सुमन शर्मा, पार्षद संदीप मेहता, नरेंद्र कटारिया, कविता सिहाग, सुखविंद्र सोनी, वरिष्ठ नागरिक लालचंद गोदारा सहित भारी संख्या में आमजन, खिलाड़ी व स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के संबोधन का सिरसा में लाइव प्रसारण किया गया। 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' थीम के साथ जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, खिलाडियों, स्कूली बच्चों व शहरवासियों ने बढ़-चढकर भाग लिया। खंड स्तर पर भी योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। 'योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा' के सन्देश के साथ कार्यक्रम में योग जागरूकता व नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि हजारों वर्ष पूर्व हमारे ऋषि-मुनियों ने योग के माध्यम से शरीर, मन और आत्मा को स्वस्थ, संतुलित और सशक्त बनाने का मार्ग दिखाया था। आज योग केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया में अपनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता प्रदान की। यह केवल भारत की उपलब्धि नहीं, बल्कि हमारी प्राचीन संस्कृति, ज्ञान और परंपराओं का वैश्विक सम्मान है। उन्होंने कहा कि आज विश्व के लगभग सभी देशों में करोड़ों लोग योग कर रहे हैं। यह भारत की उस आध्यात्मिक शक्ति का प्रमाण है, जिसने सीमाओं, भाषाओं और संस्कृतियों से ऊपर उठकर पूरी मानवता को जोडऩे का कार्य किया है। । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह के अवसर पर आयुष विभाग के जिला कोऑर्डिनेटर डा. सुरेंद्र नागर, योग सहायक साहिल, ऋतु ने उपस्थित लोगों को योग की विभिन्न क्रियाएं करवाई। इस अवसर पर बेहतर कार्य करने वाले गणमान्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता दी, जिसके बाद आज पूरी दुनिया योग दिवस मना रही है

# न्यू चंडीगढ में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया गया, योग से कई गंभीर बीमारियों का इलाज होता है

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जे के बत्ता – न्यू चंडीगढ –खरड़**

12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को न्यू चंडीगढ में मनाया गया जिसमें सोनिया कपिला, रमा भाटिया, पूनम ढींगरा, अंकिता मुटनेजा, सुष्मिता सड़ेंगी, शिक्षिका, मधु अरोड़ा, रोबिन, जागृति,पूनम भाटिया और नीतू आदि ने बताया कि लोगों ने योग को अपना कर अपनी गंभीर बीमारियों का इलाज खुद ही पा लिया। वे आज बीमारियों को जड़ से खत्म कर अपने जीवन को खुशी के साथ जी रहे हैं। दैनिक जीवन में आओ योग करें । खुद योग करने के साथ अब दूसरे लोगों को भी योग के लिए जागरूक कर रहे हैं। योग कक्षाओं में आजकल सुबह ही लोगों की योग क्रिया देखने को मिल रही हैं। न्यू चंडीगढ के पार्क में लगभग 200 लोगो को इन महिलाओ ने 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगा करवाया ।

**लोगो को हर रोज करवाती है योगा**

**लोगो ने बताया कि हमें योग से मिला फायदा** – पूनम ढींगरा ने बताया कि मुझे वेरीकोज वैस की समस्या थी। टांगों को नसों में से खून आना शुरू हो गया था। मैंने ऑपरेशन भी कराया, लेकिन दोबारा यह दिक्कत शुरू हो गई। मैंने योग संस्थान की क्लास में जाना शुरू किया। में कुछ ही दिन के योग से बिल्कुल स्वस्थ हो गई हैं। सोनिया कपिला ने बताया कि मुझे कमर में बहुत ही ज्यादा दर्द रहता था। मैं हर समय बेल्ट लगाकर रखती थी और दवा लेने के बाद भी दर्द रहता था। मैंने भारतीय योग संस्थान के केंद्र पर जाना शुरू किया। मुझे शुरुआत में योग करने में परेशानी आई, लेकिन धीरे-धीरे स्थिति में सुधार आता चला गया। में अब बिल्कुल ठीक हूँ । रोबिन ने बताया कि मुझे काफी समय पहले शुगर हो गई थी। मैं इसके लिए बहुत तनाव में रहती थी। मुझे भारतीय योग संस्थान के योग केंद्र पर जाकर योग करने में शुगर बिल्कुल ठीक होने के बारे में पता चला। में नियामत रूप से योग करने लगी। मैं अब बिल्कुल ठीक हूं और किसी प्रकार का तनाव नहीं है। अंकिता मुटनेजा ने बताया कि मुझे कमर और पैरों में दर्द रहता था और वजन बढ़ाना शुरू हो गया था। ब्लड प्रेशर काफी बढ़ने लग गया था। योग संस्थान की क्लास ज्वाइन करने के बाद मुझे दर्द और बीपी से राहत अब पूरी स्वस्थ हूं और खुशी से अपना जीवन जी रही हैं। सुष्मिता सड़ेंगी, शिक्षिका ने बताया कि मै बहुत तनाव में मैं बहुत ही ज्यादा चली गई थी। दिन में तीन से चार बार नींद की दो दो गोली लेती थी। दो वर्ष पहले मेरी जानकार ने भारतीय योग संस्थान के केंद्र पर मुझे बुलाया है। मैंने सात दिन बाद ही मेरी सारी दवा बंद कर दी थी। मुझे अब तनाव से मिली मुक्ति मैं अब बिल्कुल स्वस्थ हूं। मधु अरोड़ा ने बताया कि मैं पिछले एक महीने से भारतीय योग संस्थान से जुड़ी हूँ। योग करने से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य में सकारात्मक सुधार देखने को मिला है। नियमित योगाभ्यास से शरीर को लचीलापन, एकाग्रता और ऊर्जा में वृद्धि हुई है। इसके साथ ही तनाव व चिंता में कमी आई। जागृति ने बताया कि योग से मेरा वजन कम हुआ मैंने भारतीय योग संस्थान द्वारा हाली पार्क में 28 मार्च को पांच दिवसीय निशुल्क मोटापा शिविर में जाना शुरू किया। मेरा मात्र 20 दिन में मात किग्रा वजन कम हो गया है। मेरा पहले 33 किग्रा वजन था। आज मेरा 76 किग्रा. वजन था। न्यू चंडीगढ में योग अपनाने के बाद लोगों की बड़ी से बड़ी शारीरिक समस्या और बीमारी दूर हुई है। किसी की रीढ़ ठीक हो गई तो किसी के शरीर में लचीलापन आ गया। साथ ही चिंता और दूसरी परेशानियों को भी योग के माध्यम से हरा दिया। अब लोग खुद नियमित रूप से योग करने के साथ दूसरे लोगों को भी जागरूक कर रहे हैं। जिसमें सोनिया कपिला, रमा भाटिया, पूनम ढींगरा, अंकिता मुटनेजा, सुष्मिता सड़ेंगी, शिक्षिका, मधु अरोड़ा, रोबिन,



जागृति,पूनम भाटिया और नीतू आदि लगातार हर रोज सुबह योग करवाती है । लेकिन आज 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया गया योग दिवस कुछ अलग ही था । इसका प्रभाव समाज पर देखने को मिल रहा है।

# वैभव सूर्यवंशी ने रच दिया इतिहास...

## -जड़ी लिस्ट-ए क्रिकेट की सबसे तेज फिफ्टी



**दांबुला (एजेंसी)।** श्रीलंका-ए के खिलाफ ट्राई सीरीज के खिताबी मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी का जलवा देखने को मिला। रविवार को दांबुला के रणगिरि दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में वैभव ने श्रीलंकाई गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। इंडिया-ए के लिए खेलने उतरे वैभव ने सिर्फ 11 बॉल पर फिफ्टी पूरी कर ली, जिसमें 5 छक्के और 5 चौके शामिल रहे। देखा जाए तो 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने अर्धशतकीय आंकड़े तक पहुंचने के दौरान सिर्फ चौके-छक्के में डील किया और एक सिंगल तक नहीं लिया। 15 साल के वैभव ने तेज गेंदबाज दुलाज समुदिता की गेंद पर छक्का लगाकर अर्धशतकीय आंकड़े तक पहुंचे।

वैभव सूर्यवंशी अब लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक जमाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वैभव ने श्रीलंका के कौशल्या वीरारत्ने का 20 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। वीरारत्ने ने 1 नवंबर 2005 को रागामा क्रिकेट क्लब की ओर से खेलते हुए कुरुनेगला यूथ क्रिकेट क्लब के खिलाफ सिर्फ 12 बॉल पर फिफ्टी जमा दी थी। वैभव ने सरफराज खान द्वारा बनाए गए भारतीय रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। सरफराज ने विजय हजारे ट्रॉफी के पिछले सीजन में मुंबई की ओर से पंजाब के खिलाफ महज 15 गेंदों में अर्धशतक जड़ा था।

### सबसे तेज लिस्ट-ए शतक जडऩे का मौका गंवाया

वैभव सूर्यवंशी सबसे तेज लिस्ट-ए शतक के रिकॉर्ड की बराबरी करने से भी बाल-बाल चूक गए। लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क के नाम पर है। जेक ने अक्टूबर 2023 में साउथ ऑस्ट्रेलिया की ओर से खेलते हुए तस्मानिया के खिलाफ सिर्फ 29 बॉल पर शतक जमा दिया था। इस ट्राई सीरीज में फैन्स की निगाहें पूरी तरह वैभव सूर्यवंशी पर थीं। वैभव शुरुआती चार मुकाबलों में कुल मिलाकर 117 रन बना पाए थे। लेकिन खिताबी मुकाबले में उन्होंने कत्लेआम मचा दिया। वैभव अब आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर जाने वाले हैं, जहां उनका इंटरनेशनल डेब्यू होने की पूरी संभावना है।

# भारतीय मुक्केबाजों का जलवा, यूरोपियन बॉक्सिंग गोल्ड टूर्नामेंट में जीते 8 गोल्ड समेत 12 पदक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने चेक गणराज्य में आयोजित 56वें ग्रां प्री उस्ती नाद लाबेम (यूरोपियन बॉक्सिंग गोल्ड टूर्नामेंट) में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 12 पदक अपने नाम किए। भारतीय मुक्केबाजों ने 8 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी ताकत का दमदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन ने 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले भारतीय टीम का आत्मविश्वास बढ़ा दिया है।

### महिला मुक्केबाजों ने दिलाया चार गोल्ड

महिला वर्ग में लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), प्रीति पंवार (54 किग्रा), साक्षी (51 किग्रा) और प्रिया (60 किग्रा) ने अपने-अपने फाइनल मुकाबले जीतकर स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं परवीन (65 किग्रा) को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। सिर्फ पांच खिलाड़ियों के साथ भारतीय महिला टीम ने चार गोल्ड और एक सिल्वर जीतकर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा।

### पुरुष खिलाड़ियों ने भी दिखाया दम

पुरुष वर्ग में जदुमनी सिंह मंडेंगबाम (55 किग्रा), सचिन (60 किग्रा), अंकुश (80 किग्रा) और नरेंद्र (90 किग्रा) ने गोल्ड मेडल जीते। आदित्य प्रताप यादव (65 किग्रा) और कपिल पोखरिया (90 किग्रा) ने रजत पदक अपने नाम किए, जबकि सुमित कुंडू (70 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता। भारत ने कुल 8 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य सहित 12 पदकों के साथ टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया।

### अजय सिंह ने खिलाड़ियों को दी बधाई

बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (क्ष्स्नढ्ढ) के अध्यक्ष अजय सिंह ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि मजबूत अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के बीच यह उपलब्धि भारतीय बॉक्सिंग के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि टीम 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स में भी इसी तरह का प्रदर्शन करेगी।

### भारत के पदक विजेता

स्वर्णः साक्षी, प्रीति पंवार, प्रिया, लवलीना बोरगोहेन, जदुमनी सिंह मंडेंगबाम, सचिन, अंकुश, नरेंद्र

रजतः परवीन, आदित्य प्रताप यादव, कपिल पोखरिया

कांस्यः सुमित कुंडू।

# बीसीसीआई ने इंग्लैंड दौरे के लिए घोषित की टीम, रोहित-कोहली की वापसी, यशस्वी बाहर हुए

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयन समिति ने इंग्लैंड दौरे में होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित कर दी है। टीम की कप्तानी शुभमन गिल के पास रहेगी। वहीं पिछले काफी समय से बाहर चल रहे अनुभवी बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली की टीम में वापसी हो गयी है पर युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को टीम में जगह नहीं मिली है जिसपर सभी हैरान हैं। वहीं ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या चोटिल होने के कारण पूरी सीरीज से बाहर हो गये हैं। अफगानिस्तान सीरीज में अधिक रन नहीं बनाने के बाद भी रोहित की टीम में वापसी हुई है पर अफगानिस्तान के खिलाफ अंतिम एकदिवसीय में शतक के बाद भी यशस्वी को बाहर कर दिया गया है। कप्तान शुभमन गिल ने हाल ही में कहा था कि टीम चयन अंतिम फैसला खिलाड़ियों की फिटनेस व सर्वश्रेष्ठ संयोजन को ध्यान में रखकर लिया जाएगा। गौरतलब है कि आईपीएल 2026 फाइनल के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट से परेशान रहे विराट कोहली को टीम में शामिल किया गया है पर वह फिटनेस क्लियरेंस मिलने के बाद ही मैदान पर उतरेंगे। वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी करीब तीन साल बाद एकदिवसीय टीम में वापसी हुई है। उन्होंने अपना अंतिम एकदिवसीय मैच 2023 विश्व कप फाइनल में खेला था। वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को आराम दिया गया है जबकि युवा प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और गुरनूर बरार को टीम में बनाये रखा है। गौरतलब है कि भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 और तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी। एकदिवसीय सीरीज का पहला मुकाबला 14 जुलाई को बर्मिंघम, दूसरा 16 जुलाई को कार्डिफ और तीसरा 19 जुलाई को लॉर्ड्स में खेला जाएगा।

### टीम इस प्रकार है

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली*, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, नितीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और गुरनूर बरार।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच नेशंस कप जीता

## -प्रो लीग के अगले सत्र के लिए भी क्वालीफाई किया



**ऑकलैंड (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच नेशंस कप में जीत के साथ ही अगले सत्र के लिए भी प्रो लीग में जगह बना ली है। भारतीय टीम ने नेशंस लीग में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में मेजबान टीम न्यूजीलैंड को 2-0 से हराया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही भारतीय टीम ने एफआईएच महिला प्रो लीग के अगले सत्र के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। ये भारतीय हॉकी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। भारतीय टीम दूसरी बार इस टूर्नामेंट में विजेता बनी है।

खिताबी मुकाबले में शुरुआत से ही भारतीय टीम हावी रही। उसने न्यूजीलैंड को कोई अवसर नहीं दिया। मैच के चौथे मिनट में ही नवनीत कौर ने एक पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर भारतीय टीम को 1-0 की बढ़त दिलायी। इसके बाद 15वें मिनट में, सुनेलिता टोप्पो ने दूसरा गोल दाग दिया। इन दो शुरुआती गोलों के बाद मेजबान टीम दबाव में आ गयी। इसके बाद मेजबान टीम के किये हमले भारतीय रक्षापंक्ति ने विफल कर दिये। इससे कीवी टीम को वापसी का कोई अवसर नहीं मिला। इससे मेजबानों को 2-0 से हार का सामना करना पड़ा।

इस पूरे टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने अपने सभी मैच जीते। इससे उसकी निरंतरता का सबूत मिलता है। पूल चरण में टीम ने अमेरिका को 3-2 से, जापान को 2-1 से और उरुग्वे को 3-2 से हराया। इन करीबी जीतों से टीम का मनोबल बढ़ा है। इसके बाद सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने चिली को 6-0 के बड़े अंतर से हराया था। इसके बाद खिताबी मुकाबले में भी टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए लालरेमसियामी को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला है। वहीं, टूर्नामेंट में भारत की ओर से दीपिका ने सबसे अधिक छह गोल किये।

टीम की इस शानदार उपलब्धि पर हॉकी इंडिया ने सभी खिलाड़ियों को 3-3 लाख रुपये और सहायोगी स्टाफ के प्रत्येक सदस्य को 1.5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। हॉकी इंडिया ने भारतीय महिला हॉकी टीम के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन की जमकर सराहना करते हुए इसे देश को गर्व का अनुभव हुआ है।

# महिला टी20 विश्व : पाकिस्तान और नीदरलैंड बाहर हुई, भारतीय टीम का पहुंचना तय

लंदन (एजेंसी)। पाकिस्तान और नीदरलैंड की टीम इंग्लैंड एंड वेल्स में जारी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्रिकेट में अपने-अपने मुकाबले हारने के साथ ही बाहर हो गयी है। वहीं अब ग्रुप ए से केवल भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ में बनी हुई है। वहीं लीग मैचों के आधे पड़ाव तक पहुंचते-पहुंचते दो टीमों का सफर समाप्त हो गया है। ग्रुप ए से पाकिस्तान और नीदरलैंड की टीमों को बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद से ही ये टीमें बाहर हो गयीं। इन हारों के साथ ही पाकिस्तान और नीदरलैंड दोनों टीमें अपने तीन-तीन लीग मैच हारी हैं। उसके दो-दो मुकाबले अभी बाकी हैं पर अब वह छह अंकों के सेमीफाइनल क्वालीफिकेशन मार्क तक नहीं पहुंच पाएंगी। वहीं ग्रुप ए की अंकतालिका को देखें तो ऑस्ट्रेलिया ने तीन में से तीन मैच जीतकर 6 अंकों के साथ लगभग सेमीफाइनल के लिए प्रवेश हासिल किया है जबकि भारतीय टीम अपने दो मैच जीतकर 4 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। तीसरे स्थान पर बांग्लादेश है, जिसके तीन मैचों में दो जीत और एक हार के साथ 4 अंक हैं। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका एक जीत और एक हार के साथ 2 अंकों पर चौथे स्थान पर है।

# रूट टेस्ट क्रिकेट में 14 हजार रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने

लंदन। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी टेस्ट क्रिकेट के दूसरे ही मैच में अपने 14 हजार रन पूरे करने के साथह ही में एक और मील का पत्थर छू लिया है। इस शानदार उपलब्धि के साथ वह टेस्ट क्रिकेट में 14 हजारी बनने वाले दुनिया के सिर्फ दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले यह उपलबब्धि केवल महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम थी। अब रुट उनके विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने के बेहद करीब जो रूट पहुंच रहे हैं। कीवी टीम के खिलाफ इंग्लैंड की दूसरी पारी में जैसे ही रूट ने अपना दूसरा रन लिया, उनके टेस्ट क्रिकेट में 14,000 हजार रन पूरे हो गये। मैच में चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक रूट ने 75 रन बनाए थे।

# पेरी 50 टी20 विश्व कप मैच खेलने वाली पहली क्रिकेटर बनीं



सिडनी। ऑस्ट्रेलिया की स्टार ऑलराउंडर एलिस पेरी 50 टी20 विश्वकप मैच खेलने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गयी हैं। पेरी ने क्रिकेट जगत में एक ऐसा ऐतिहासिक रिकार्ड बनाया है। जो आज तक किसी भी पुरुष या महिला क्रिकेटर के नाम नहीं है। साउथेम्प्टन में जारी महिला टी20 विश्व कप 2026 में नीदरलैंड्स के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के 14वें मैच के दौरान ही पैरी ने ये रिकार्ड बनाया। अब टी20 विश्व कप (पुरुष और महिला दोनों को मिलाकर) सबसे ज्यादा मैच खेलने के मामले में पेरी नंबर एक पर पहुंच गयी हैं। पेरी ने साल 2009 में इस टूर्नामेंट की शुरुआत से लेकर अभी तक कुल 50 मैच खेले हैं। इस सूची में भारतीय पुरुष टीम के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा भी पेरी से पीछे हैं। रोहित ने साल 2007 से 2024 के बीच 47 टी20 विश्व कप मैच खेले थे। पेरी ने महिला क्रिकेट की बात करें तो न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स के अलावा, इंग्लैंड के पुरुष क्रिकेटर जोस बटलर और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन को भी पीछे छोड़ दिया है। इन सभी के नाम 43-43 मैचों का रिकार्ड है। वहीं ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली के नाम 42 मैच हैं, जबकि भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज डेविड वार्नर 41-41 मैचों के साथ इस सूची में नंबर एक पर हैं। पेरी के नाम कई अन्य रिकार्ड भी हैं। वह पुरुष और महिला क्रिकेट में 1,000 रन बनाने और 100 विकेट लेने वाली दुनिया की पहली खिलाड़ी हैं। इसके अलावा, महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में वह सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर हैं।

# फीफा वर्ल्ड कप: जापान ने ट्यूनीशिया को 4-0 से रौंदा, नॉकआउट के करीब पहुंची टीम



**एस्टाडियो मॉन्टेरे (मेक्सिको) (एजेंसी)।** एस्टाडियो = फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप ए मुकाबले में जापान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्यूनीशिया को 4-0 से करारी शिकस्त दी। इस दमदार जीत के साथ जापानी टीम नॉकआउट चरण में पहुंचने के बेहद करीब पहुंच गई है, जबकि ट्यूनीशिया का टूर्नामेंट से सफर समाप्त हो गया।

यह मुकाबला फीफा विश्व कप के इतिहास का 1000वां मैच भी था और जापान ने इसे यादगार बना दिया। टीम ने विश्व कप इतिहास में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की, साथ ही विश्व कप के एक मैच में चार गोल करने वाला पहला एएफसी देश बनने का गौरव भी हासिल किया।

जापान ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक तेवर दिखाए। डाइची कामादा ने चौथे मिनट में गोल दागकर विश्व कप में जापान की ओर से सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड बनाया। कीटो नाकामुरा के शानदार क्रॉस पर उन्होंने आसान फिनिश किया।

इसके बाद अयासे उएदा ने 30वें मिनट में शानदार लो-ड्राइव शॉट के जरिए जापान की बढ़त 2-0 कर दी। हाफ टाइम तक जापानी टीम पूरी तरह मुकाबले पर हावी रही।

दूसरे हाफ में भी जापान का दबदबा जारी रहा। जुन्या इतो ने 69वें मिनट में बेहतरीन गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। इसके बाद 83वें मिनट में उएदा ने हेडर के जरिए अपना दूसरा और टीम का चौथा गोल दागकर ऐतिहासिक जीत पर मुहर लगा दी।

इस जीत के बाद जापान ग्रुप ए में नीदरलैंड्स के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है, जबकि लगातार दूसरी हार झेलने के बाद ट्यूनीशिया टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

# अभय-वेलवन की पाकिस्तान के खिलाफ शानदार जीत, भारत ने लगातार तीसरी बार जीता स्क्वाश का खिताब



नई दिल्ली। भारत के अभय सिंह और वेलवन सेंथिलकुमार की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने मलेशिया के सारावाक में आयोजित एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप में इतिहास रच दिया। भारतीय जोड़ी ने पुरुष युगल का खिताब लगातार तीसरी बार अपने नाम कर महाद्वीपीय स्तर पर अपना दबदबा कायम रखा।

**पाकिस्तान के खिलाफ शानदार वापसी-** फाइनल मुकाबले में भारत की जोड़ी ने एक गेम गंवाने के बाद जबरदस्त वापसी की। अभय और वेलवन ने पाकिस्तान की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी नासिर इकबाल और नूर जमां को 47 मिनट में 7-11, 11-7, 11-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पिछले साल भी भारतीय जोड़ी ने फाइनल में इसी पाकिस्तानी जोड़ी को मात दी थी।

**भारत की झोली में आए तीन पदक-** पुरुष युगल में स्वर्ण पदक जीतने के अलावा भारत ने दो कांस्य पदक भी हासिल किए। अनुभवी खिलाड़ी जोशना चिनप्पा और रथीका सीलन की महिला युगल जोड़ी सेमीफाइनल तक पहुंचकर कांस्य पदक जीतने में सफल रही। वहीं, मिश्रित युगल में जोशना चिनप्पा और वेलवन सेंथिलकुमार ने भी कांस्य पदक अपने नाम किया। भारत की दूसरी महिला युगल जोड़ी जेनेट विधि और पूजा आरती छठे स्थान पर रही।

# शुभमन ने यशस्वी को बेहतरीन बल्लेबाज बनाया

## -टीम में कई बार जगह नहीं मिलने का भी कारण बताया

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में शतक लगाकर टीम की जीत में हम भूमिका निभाने वाले बल्लेबाज सशस्वी जायसवाल की जमकर प्रशंसा की है। यशस्वी ने इस मैच में 110 रनों की पारी खेली। भारतीय टीम ने इस मैच में टीम ने 9 विकेट से जीत के साथ ही सीरीज अपने नाम की। मैच में यशस्वी ने अपने एकदिवसीय करियर का दूसरा शतक जड़ा। यह उपलब्धि उन्होंने केवल छठी पारी में हासिल की

जीत के बाद, शुभमन ने यशस्वी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि टीम में कड़ी प्रतिस्पर्धा होने के कारण कई बार यशस्वी को बाहर बैठना पड़ा है पर इसका मतलब प्रदर्शन से नहीं है। शुभमन ने यशस्वी को एक बेहतरीन और शानदार खिलाड़ी करार दिया। साथ ही माना है कि टीम में जगह को लेकर होने वाली कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण कभी-कभी उन्हें बाहर बैठना पड़ता है। गिल ने कहा, हम सभी भली-भांति जानते हैं कि वह एक बेहतरीन और शानदार खिलाड़ी हैं। किसी भी खिलाड़ी के लिए टीम से बाहर बैठना आसान नहीं होता। सच तो यह है कि अगर टीम के सभी मुख्य खिलाड़ी उपलब्ध हों, तो यशस्वी वह बदकिस्मत खिलाड़ी बन जाते हैं जिन्हें कभी-कभी अंतिम ग्यार से बाहर बैठना पड़ता है। कप्तान ने इस बात पर खुशी जताई कि जायसवाल ने इस श्रृंखला में मिले मौकों को बखूबी भुनाया और भविष्य में भी इसी तरह के बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

टीम के संयोजन को मजबूत करने के लिए शुभमन ने सीरीज के आखिरी दो मैचों में हुए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। गिल ने ऐसा इसलिए किया ताकि



यशस्वी नियमित कप्तान रोहित के साथ पारी की शुरुआत कर सकें। कप्तान का यह प्रयोग बेहद सफल रहा, जहां रोहित ने भी 79 रनों की एक परिपक्व पारी खेलते हुए यशस्वी के साथ पहले विकेट के लिए 170 रनों की विशाल साझेदारी की।

# इंग्लैंड के क्रिकेटर बेथल भारतीय लड़की से प्रेम कहानी को लेकर चर्चाओं में आये

लंदन। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज जैकब बेथल आजकल खेल की जगह पर एक भारतीय लड़की के साथ अपनी कथित प्रेम कहानी को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। सोशल मीडिया पर इस लड़की के साथ उनकी एक तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है। इसमें वह इस लड़की के साथ बेहद दिख रहे हैं। यह तस्वीर इसी साल अप्रैल में हुए आईपीएल के 19 वे सत्र की है। इसमें बेथल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से खेल रहे थे। इस तस्वीर को देखकर प्रशंसक हैरान और जानना चाहते हैं कि ये कौन है। इस तस्वीर में बेथल के साथ दिख रही खूबसूरत लड़की का नाम अंकिता पटेल है। अंकिता एक जानी-मानी सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट हैं, उसने बॉलीवुड के कई बड़े सितारों के साथ काम किया है। यह तस्वीर स्वंय अंकिता के सोशल मीडिया अकाउंट से ही शेयर की गई थी, जिसने सोशल मीडिया पर प्रशंसक हैरान हैं। वहीं अंकिता ने अब तक इस क्रिकेटर के साथ अपने रिश्ते को लेकर कुछ नहीं कहा है पर इस तस्वीर से लगता है कि कि दोनो एकदूसरे के बेहद करीब हैं। के बीच नजदीकियों की कहानी बयां कर रही है। प्रशंसक इस नई जोड़ी को लेकर काफी उत्साहित हैं। गौरतलब है कि जैकब बेथल का आईपीएल 2026 में रिकार्ड अच्छा नहीं रहा है।रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलते हुए उन्हें कुल 7 मैचों में मौका मिला, लेकिन वह सिर्फ 96 रन ही बना पाए। इस दौरान खराब फॉर्म के कारण उन्हें सत्र के बीच में ही स्वेदश लौटना पड़ा था। अभी वह न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड टीम के दल में शामिल हैं। बेथल ने इंग्लैंड के लिए 7 टेस्ट, 21 एकदिवसीय और 31 टी20 खेले हैं। टेस्ट क्रिकेट में उनके नाम अबतक 496 रन जबकि एकदिवसीय में 603 रन हैं। टी20 में बेथल ने 697 रन बनाये हैं।

# फीफा विश्व कप 2026 में गुलाबी जूतों का छाया जादू, दुनिया के स्टार फुटबॉलरों की बनी पहली पसंद

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** फीफा विश्व कप 2026 में जहां दुनिया के दिग्गज खिलाड़ी अपने शानदार खेल से सुर्खियां बटोर रहे हैं, वहीं इस बार एक नया ट्रेंड भी चर्चा का केंद्र बन गया है। टूर्नामेंट में गुलाबी रंग के फुटबॉल जूते खिलाड़ियों की पहली पसंद बनकर उभरे हैं और मैदान पर हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं।

अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की मेजबानी में खेले जा रहे विश्व कप में कई स्टार खिलाड़ी गुलाबी रंग के जूते पहनकर मैदान में उतर रहे हैं। अमेरिका के जियो रेना, ब्राजील के विनीसियस जूनियर, फ्रांस के कप्तान किलियान एमबाप्पे और इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन जैसे बड़े नाम इसी रंग के जूतों में नजर आए।

जियो रेना ने विश्व कप के शुरुआती मैच में अमेरिका के लिए यादगार गोल दागा, जबकि विनीसियस जूनियर ने ब्राजील के पहले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। वहीं एमबाप्पे ने दो गोल कर फ्रांस के लिए सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाले खिलाड़ी का रिकॉर्ड अपने नाम किया। हैरी केन ने भी दो गोल दागकर इंग्लैंड के रिकॉर्ड की बराबरी की। इन सभी खिलाड़ियों में एक समानता रही—सभी ने गुलाबी रंग के जूते पहने थे।

मैदान की हरी घास पर गुलाबी जूते दूर से ही अलग दिखाई देते हैं। यही वजह है कि कई बड़ी स्पोर्ट्स कंपनियों ने इस विश्व कप से पहले इनका विशेष डिजाइन तैयार किया। नाइकी के ग्लोबल फुटवियर निदेशक ओडिंगा निमाको के अनुसार खिलाड़ी गुलाबी रंग को आत्मविश्वास, ऊर्जा और अलग पहचान के प्रतीक के रूप में देखते हैं। दर्शकों के बीच भी यह रंग तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। उन्होंने बताया कि 1998 विश्व कप में पहली बार रंगीन फुटबॉल जूतों ने लोगों का ध्यान खींचा था। उससे पहले काले और सफेद रंग के जूतों का ही अधिक इस्तेमाल होता था। अब समय बदल चुका है और नाइकी, एडीडास, प्यूमा, स्केचर्स और न्यू बैलेंस जैसी दिग्गज कंपनियां भी गुलाबी रंग के जूते बाजार में उतार चुकी हैं।

ऐसे में फीफा विश्व कप 2026 में शानदार गोलों के साथ-साथ गुलाबी जूतों का यह नया ट्रेंड भी दुनियाभर के फुटबॉल प्रेमियों के बीच चर्चा का बड़ा विषय बन गया है।

